RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 108
नई दिल्ली, मंगलवार, 21 फरवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



एकजुटता दिखाने कीव पहुंचे बाइडन

विदेश-10

www.dailypioneer.com

# निर्वाचन आयोग को भंग किया जाए: उद्धव

● उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली ठाकरे की याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार किया

● ठाकरे ने कहा-ईसी को यह बोलने का कोई अधिकार नहीं कि पार्टी के धन का क्या होता



उद्धव ठाकरे का फाइल फोटो

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**एकनाथ शिंदे** के नेतृत्व वाले गुट को असली शिवसेना बताने का फैसला आने के बाद से नाराज उद्धव ठाकरे ने सोमवार को कहा कि निर्वाचन आयोग को भंग कर दिया जाना चाहिए। उन्होंने यहां दादर स्थित शिवसेना भवन में संवाददाताओं से कहा, हमारी पार्टी का नाम (शिवसेना) और चुनाव चिह्न (धनुष और तीर) चोरी हो गया है, लेकिन ठाकरे नाम चोरी नहीं हो सकता। ठाकरे के प्रेस को संबोधित करने से पहले उच्चतम न्यायालय ने आज उनके गुट द्वारा किए गए इस मौलिक उल्लेख पर विचार करने से इनकार कर दिया कि निर्वाचन आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली उसकी याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए। ठाकरे ने कहा, निर्वाचन आयोग का आदेश गलत है। उच्चतम न्यायालय उम्मीद की आखिरी किरण है। उन्होंने कहा, ऐसा एक भी उदाहरण नहीं है जब पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न सीधे एक गुट को दे दिया गया हो। ठाकरे ने कहा, इतनी जल्दबाजी में फैसला देने की क्या जरूरत थी। उन्होंने कहा, भले ही दूसरे गुट ने हमारा नाम और चिह्न ले लिया हो, लेकिन वे हमारा ठाकरे का नाम नहीं ले सकते। मैं भाग्यशाली हूं कि बालासाहेब ठाकरे के परिवार में पैदा हुआ। भाजपा पर लोकतांत्रिक संस्थाओं की मदद से लोकतंत्र को नष्ट करने का आरोप लगाते हुए ठाकरे ने कहा, भाजपा ने आज हमारे साथ जो किया, वह किसी के साथ भी कर सकती है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो 2024 के बाद देश में लोकतंत्र या चुनाव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी, शरद पवार, नीतीश कुमार और कई अन्य नेताओं ने उन्हें फोन किया और उनके प्रति समर्थन व्यक्त किया।

ठाकरे ने कहा कि उन्होंने हिंदुत्व को कभी नहीं छोड़ा, हालांकि उन पर ऐसा करने का आरोप तब लगा, जब उन्होंने 2019 में भाजपा के साथ अपने दशकों पुराने गठबंधन को समाप्त कर दिया। ठाकरे ने कहा कि अंधेरी विधानसभा उपचुनाव के दौरान उनकी पार्टी के उम्मीदवार ने निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए नाम का इस्तेमाल किया था। उन्होंने कहा कि दूसरे धड़े में उस उपचुनाव को लड़ने की हिम्मत भी नहीं थी। उनके खेमे द्वारा शिवसेना के आधिकारिक बैंक खातों से धन हस्तांतरित किए जाने की खबरों के बारे में पूछे जाने पर ठाकरे ने कहा, निर्वाचन आयोग को यह बोलने का कोई अधिकार नहीं है कि पार्टी के धन का क्या होता है और यह सुल्तान की तरह कार्य नहीं कर सकता। इसकी भूमिका केवल निष्पक्ष चुनाव कराने और किसी राजनीतिक दल के भीतर आंतरिक लोकतंत्र सुनिश्चित करने तक सीमित है। अगर निर्वाचन आयोग पार्टी के कोष वितरण में दखल देता है, तो उस पर आपराधिक मामला चलेगा। शिंदे खेमे द्वारा शिवसेना की विभिन्न संपत्तियों को अपने कब्जे में लिए जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मैं उन्हें मेरे पिता (दिवंगत बालासाहेब ठाकरे) के नाम और उनकी तस्वीर का इस्तेमाल बंद करने की चुनौती देता हूं। वे अपने पिता की तस्वीर लगाएं और फिर वोट मांगें।

ठाकरे ने कहा कि आयोग पहले ही उनके खेमे को शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नाम से अलग नाम दे चुका है और उसे प्रतीक के तौर पर मशाल भी दे चुका है। उन्होंने कहा, 'इसका मतलब है कि निर्वाचन आयोग ने हमारे अलग अस्तित्व को पहले ही मान्यता दे दी थी।' ठाकरे ने सोमवार को शिवसेना भवन में अपने करीबियों से मुलाकात की। इस दौरान पार्टी नेता संजय राउत, सुभाष देसाई, अनिल देसाई और अनिल परब मौजूद थे। ठाकरे ने अपने खेमे के कई जिलास्तरीय नेताओं को भी भविष्य की कार्रवाई पर चर्चा के लिए आमंत्रित किया।

## आपत्तिजनक बयान पर राउत के खिलाफ केस

**नासिक।** नासिक पुलिस ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बारे में कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के लिए शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि शिंदे धड़े के पदाधिकारी योगेश बेलदार रविवार देर रात यहां पंचवटी थाने में एक शिकायत दर्ज कराई जिसमें आरोप लगाया गया है कि टीवी चैनल पर बातचीत के दौरान राउत ने मुख्यमंत्री शिंदे के बारे में आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया और उनकी छवि खराब की। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर राउत के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 500 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। शाह ने शनिवार को कहा था कि जिन लोगों ने विरोधी विचारधारा के लोगों के तलवे चाटना पसंद किया था, उन्हें निर्वाचन आयोग द्वारा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के धड़े को असली शिवसेना घोषित किए जाने और उसे तीर-धनुष चुनाव निशान दिए जाने के बाद पता चल गया है कि सत्य किधर है।

# छत्तीसगढ़ में कांग्रेस नेताओं के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

● कोयला लेवी धनशोधन मामले में एजेंसी ने की कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन निदेशालय** (ईडी) ने कोयला लेवी धनशोधन मामले में जारी जांच के तहत सोमवार को कांग्रेस नेताओं से जुड़े परिसरों सहित छत्तीसगढ़ में कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह छापेमारी राज्य की राजधानी रायपुर में 24-26 फरवरी तक कांग्रेस के तीन दिवसीय पूर्ण अधिवेशन से पहले हुई है। राज्य में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार है। भिलाई (दुर्ग जिले) में विधायक देवेंद्र यादव, रायपुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, छत्तीसगढ़ प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुशील सनी अग्रवाल और पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता आरपी सिंह के परिसरों सहित एक दर्जन से अधिक स्थानों पर आज सुबह से ही तलाशी चल रही है। छापेमारी में सत्ताधारी पार्टी के कुछ अन्य नेताओं के परिसर भी शामिल हैं। ईडी द्वारा उन लोगों की जांच की जा रही है जो वर्तमान सरकार के कार्यकाल के दौरान किए गए कथित कोयला लेवी घोटाले के अपराध की आय के लाभार्थी रहे हैं। ईडी की जांच एक बड़े घोटाले से संबंधित है जिसमें वरिष्ठ नौकरशाहों, व्यापारियों, राजनीतिक नेताओं और बिचौलियों से जुड़े एक गिरोह द्वारा छत्तीसगढ़ में प्रत्येक टन कोयला ढुलाई पर 25 रुपए की अवैध उगाही की जा रही थी। छापों को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कांग्रेस की प्रदेश इकाई के संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा रायपुर में होने वाले कांग्रेस के 85वें पूर्ण अधिवेशन से डरी हुई है और इसे बाधित करने के लिए केंद्रीय एजेंसी का दुरुपयोग किया जा रहा है। विरोध स्वरूप (शेष पेज 8)

## ईडी के छापे प्रतिशोध की राजनीतिः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में कई स्थानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी को लेकर सोमवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि यह प्रतिशोध एवं उत्पीड़न की राजनीति है जिसके सामने वह झुकने वाली नहीं है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह सवाल भी किया कि प्रधानमंत्री के पसंदीदा उद्योगपति गौतम अडाणी की जांच क्यों नहीं की जा ही है जबकि उनके गैरकानूनी कारनामे रोजाना सामने आ रहे हैं? उन्होंने संवाददाताओं से कहा, यह प्रतिशोध और उत्पीड़न की राजनीति है। हमारे अधिवेशन से तीन दिन पहले कई साथियों के यहां छापे मारे गए हैं। इस धमकी की राजनीति से हम झुकने वाले नहीं हैं। रमेश ने कहा, हमारा (शेष पेज 8)

## बदले की भावना की बात न करे कांग्रेसः सीतारमण

**जयपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा छत्तीसगढ़ में कई कांग्रेस नेताओं के परिसरों पर छापेमारी के कुछ घंटों बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस को भ्रष्टाचार पर बिल्कुल नहीं बोलना चाहिए और न ही बदले की भावना से की गई कार्रवाई का आरोप लगाना चाहिए। सीतारमण ने कहा कि ईडी और सीबीआई जैसी जांच एजेंसियां अपना होमवर्क करती हैं और जब उनके पास जरूरी सबूत होते हैं तभी वे जाकर जांच करती हैं। वित्त मंत्री ने एक सवाल के जवाब में यहां (शेष पेज 8)



# नीति आयोग के नए सीईओ बने बीवीआर सुब्रमण्यम

**नई दिल्ली( पीएनएस )।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के पूर्व अधिकारी बीवीआर सुब्रमण्यम को नीति आयोग का नया मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। वह परमेश्वरन अय्यर का स्थान लेंगे, जिन्हें विश्व बैंक का कार्यकारी निदेशक (ईडी) नियुक्त किया गया है। छत्तीसगढ़ कैडर के 1987 बैच के आईएएस अधिकारी सुब्रमण्यम 30 सितंबर को सेवानिवृत्ति के बाद दो साल के अनुबंध पर भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (एमडी) के तौर पर नियुक्त थे। कार्मिक मंत्रालय के सोमवार को जारी आदेश के अनुसार, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने सुब्रमण्यम की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। उनकी नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तारीख से दो साल के लिए की गई है। नीति आयोग के सीईओ के तौर पर काम कर रहे अय्यर को विश्व बैंक मुख्यालय में तीन साल के लिए कार्यकारी निदेशक के तौर पर नियुक्त किया (शेष पेज 8)

# राहुल गांधी के नेता बनने के बाद जमीन खो रही कांग्रेस : शाह

● केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा-विपक्षी पार्टी के नेताओं का स्तर गिरता जा रहा



**एजेंसी।** मोन टाउन (नगालैंड)

**केंद्रीय गृह मंत्री** व वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने सोमवार को कहा कि जब से राहुल गांधी विपक्षी पार्टी के नेता बने हैं तब से कांग्रेस जमीन खो रही है और विपक्षी पार्टी के नेताओं का स्तर भी हर दिन गिरता जा रहा है। गृहमंत्री अमित शाह ने उक्त बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए कांग्रेस के एक प्रवक्ता के शब्द चयन की कड़ी निंदा करते हुए कही। गृहमंत्री अमित शाह ने यहां एक जनसभा में कहा, कांग्रेस के प्रवक्ता ने (प्रधानमंत्री के लिए) जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया और इस पर देशभर में जनता की जिस तरह की प्रतिक्रिया आई है, उन्होंने कहा कि राहुल गांधी आप देखेंगे कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस दूरबीन से भी नजर नहीं आएगी। जनता मतदान करके जवाब देगी।

शाह ने न तो उस आपत्तिजनक शब्द का जिक्र किया और ना ही कांग्रेस नेता का नाम लिया। हालांकि भाजपा नेताओं ने बताया कि गृह मंत्री का बयान कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा के उस बयान के संदर्भ में हो सकता है जिसमें प्रधानमंत्री को नरेंद्र गौतमदास मोदी कहा गया। खेड़ा ने उद्योगपति गौतम अडाणी के समूह से जुड़े विवाद को लेकर सरकार की आलोचना करते हुए यह बयान दिया था। प्रधानमंत्री मोदी का पूरा नाम नरेंद्र दामोदरदास मोदी है। दामोदरदास उनके पिता का नाम है। देश के अनेक हिस्सों में मुख्य नाम और उपनाम के बीच में पिता के नाम को रखने की (शेष पेज 8)

# अस्पताल ने नवजात को बताया मृत, जीवित निकली बच्ची

● एलएनजेपी अस्पताल प्रशासन ने पैक करके परिवार को सौंपा, ढाई घंटे बाद घर पर खोला तो शरीर में हलचल थी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



इसी डिब्बे में पैक थी बच्ची।

**दिल्ली सरकार** के लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में लापरवाही का एक बड़ा मामला सामने आया है। डॉक्टरों की लापरवाही की वजह से नवजात बच्ची करीब ढाई घंटे एक डिब्बे में बंद रही। दरअसल, रविवार को अस्पताल में एक महिला ने नवजात को जन्म दिया था। जिसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर डिब्बे में पैक कर परिजनों को सौंप दिया। परिजन घर आए और डिब्बा खोला तो बच्ची जिंदा निकली। इसके बाद परिजन बच्ची को लेकर दोबारा अस्पताल पहुंचे और डॉक्टरों को नवजात के हिलने-डुलने की जानकारी दी। परिवार वालों का आरोप है कि डॉक्टरों ने बच्ची को देखने से भी मना कर दिया। इसके बाद परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। हालांकि पुलिस अधिकारियों के दखल के बाद अस्पताल ने बच्ची को दोबारा भर्ती किया। फिलहाल वह ठीक है और डॉक्टरों की निगरानी में है।

परिवार ने लगाया हत्या के प्रयास का आरोप: परिजनों ने डॉक्टरों पर बच्ची की हत्या का प्रयास करने का आरोप लगाया है। परिजनों ने कहा अस्पताल ने पहले तो लापरवाही कर बच्ची को मृत बताया। इसके बाद उसे डिब्बे में बंद कर दिया। डॉक्टरों की लापरवाही के चलते बच्ची करीब ढाई घंटे तक डिब्बे में बंद रही। इससे उसका दम घुट सकता था। बच्ची की जान जा सकती थी। एलएनजेपी अस्पताल के एमडी सुरेश कुमार ने बताया कि रविवार को एक प्री-टर्म डिलीवरी हुई थी। तब बच्ची में कोई हरकत नहीं थी। बाद में उसके मूवमेंट की जानकारी मिली। फिलहाल उसे वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा है। एक्सपर्ट्स डॉक्टर्स की टीम उसकी निगरानी कर रही है।

# विपक्षी दल 2024 के लिए इस हाथ लें, उस हाथ दें: चिदंबरम

● कहा- सीडब्ल्यूसी के आधे सदस्यों का चुनाव हो, नौजवानों को मिले जगह



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विपक्षी एकजुटता की जरूरत पर जोर देते हुए सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी समेत सभी दलों को एकजुट होने की दिशा में इस हाथ ले, उस हाथ दे तथा विनम्रता के साथ बढ़ना चाहिए। उन्होंने विपक्षी दलों से यह आग्रह भी किया कि वे लोकसभा चुनाव के लिए राज्य स्तर के नजरिए को छोड़कर अखिल भारतीय स्तर के दृष्टिकोण को अपनाएं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के आधे सदस्यों का चुनाव होना चाहिए और पार्टी में युवाओं को जगह मिलनी चाहिए।

पूर्व केंद्रीय मंत्री की यह टिप्पणी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एक बयान के दो दिनों बाद की है। नीतीश कुमार ने शनिवार को कहा था कि कांग्रेस को भारत जोड़ो यात्रा से बने माहौल का लाभ उठाते हुए भाजपा विरोधी दलों को एकजुट कर गठबंधन बनाना चाहिए और अगर ऐसा हो गया तो 2024 के लोकसभा चुनाव में अभी 300 से ज्यादा सीट वाली भारतीय जनता पार्टी को 100 से भी कम सीट पर समेटा जा सकता है।

चिदंबरम ने एक साक्षात्कार में कहा कि अगर राजनीतिक हालात का सही ढंग से विश्लेषण किया जाए तो इस निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकेगा कि लोकसभा चुनाव के लिए बनने वाली किसी भी विपक्षी एकजुटता में कांग्रेस को धुरी होना पड़ेगा। यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस किसी भी विपक्षी गठबंधन का केंद्र बिंदु रहेगी तो उन्होंने कहा कि यह अहसास बढ़ता जा रहा है कि विपक्षी (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,002 ⬇ | |
| निफ्टी | 17,944 ⬇ | |
| सोना | 55,950 | /10g |
| चांदी | 65,005 | /kg |

## क्विक न्यूज

### उपेंद्र कुशवाहा ने जद (यू) छोड़ नई पार्टी बनाई

**पटना।** जनता दल (यूनाइटेड) से पिछले कुछ दिन से नाराज चल रहे उपेंद्र कुशवाहा ने सोमवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफे की घोषणा की और नई पार्टी राष्ट्रीय लोक जनता दल का गठन किया। कुशवाहा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में घोषणा करते हुए यह भी कहा कि वह राज्य विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा देने के लिए सभापति से मिलने का समय लेंगे। हालांकि, पूर्व केंद्रीय मंत्री कुशवाहा ने भाजपा नीत राजग से फिर से हाथ मिलाने के मुद्दे पर पत्ते नही खोले है। इस बारे मे पूछे जाने पर उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा, मैने अपने बड़े भाई मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से कुछ सबक लिए है, जिन्होने राजद के साथ मतभेदो का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था और कुछ ही घंटे बाद नई सरकार (भाजपा के साथ मिलकर) बना ली थी।

# बिहार जेल में कैदी ने निगला मोबाइल

● गोपालगंज जिला कारागर में चेकिंग के दौरान पकड़े जाने का था डर

**पायनियर समाचार सेवा।** गोपालगंज

**बिहार की** गोपालगंज जिला जेल में एक विचित्र घटना उस समय घटी जब जेल अधिकारियों द्वारा पकड़े जाने के डर से एक कैदी ने जांच के दौरान मोबाइल फोन निगल लिया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। कैदी की पहचान गोपालगंज के इंदरवा गांव निवासी कैसर अली के रूप में हुई है और उसे शहर की पुलिस ने 17 जनवरी 2020 को एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों के तहत हजियापुर गांव के पास से गिरफ्तार किया था। पिछले तीन साल से जेल में बंद अली ने जेल अधिकारियों को बताया कि शनिवार को निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से छिपाने के लिए उसने एक मोबाइल फोन निगल लिया। मामला तब सामने आया जब कैदी को रविवार को अत्यधिक दर्द हुआ और उसने जेल अधिकारियों को इस घटना से अवगत कराया। जेल प्रशासन द्वारा उसे तुरंत गोपालगंज जिला अस्पताल ले जाया गया, कैदी ने डॉक्टरों को बताया कि उसने एक मोबाइल फोन निगल लिया है। गोपालगंज के जेल अधीक्षक मनोज कुमार ने सोमवार को बताया कि कैदी के एक्सरे से उसके पेट में एक बाहरी चीजद की मौजूदगी का पता चला। गोपालगंज जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में तैनात डॉक्टर सलाम सिद्दीकी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया, कैदी को पेट दर्द के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। (शेष पेज 8)

## वक्फ संपत्तियों के कब्जे के फैसले पर कोर्ट पहुंचा बोर्ड

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली वक्फ बोर्ड** ने 123 वक्फ संपत्तियों को केंद्र द्वारा अपने कब्जे में लेने के फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय का रुख किया है। दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष अमानतुल्लाह खान ने सोमवार को यह जानकारी दी। खान ने आरोप लगाया कि इस विवाद के लिए कांग्रेस जिम्मेदार है। खान ने कहा कि 123 संपत्तियां लंबे समय से वक्फ बोर्ड के पास हैं और केंद्र उस पर जबरन कब्जा करने की कोशिश में कानून और अदालतों को दरकिनार कर रहा है। आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के भूमि और विकास कार्यालय ने दो सदस्यीय एक समिति की रिपोर्ट के आधार पर हाल ही में दिल्ली वक्फ बोर्ड की 123 संपत्तियों को अपने कब्जे में लेने का फैसला किया था जिसमें मस्जिदें, दरगाह और कब्रिस्तान शामिल हैं। खान ने कहा कि समिति की रिपोर्ट को वक्फ बोर्ड के साथ साझा नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि इसके गठन को चुनौती देने वाला मामला पहले से ही दिल्ली उच्च न्यायालय में लंबित है।

# आत्मनिर्भर देश के रूप में भारत ने छवि मजबूत की: मोदी

## तुर्किए से लौटी एनडीआरएफ टीम के सदस्यों से मिले प्रधानमंत्री

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने भूकंप प्रभावित तुर्किए में तैनात भारतीय सहायता और आपदा राहत दलों के काम की सोमवार को सराहना की और कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत ने न केवल आत्मनिर्भर बल्कि निस्वार्थ देश के रूप में अपनी पहचान मजबूत की है। प्रधानमंत्री मोदी के निर्देश के बाद सात फरवरी को राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की कुल तीन टीम को भूकंप प्रभावित देश में भेजा गया था। बड़ी संख्या में भूकंप प्रभावित लोगों को व्यापक सेवाएं प्रदान करने के लिए भारतीय सेना की मेडिकल टीम को भी तैनात किया गया था। तुर्किए से लौटे कर्मियों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, आपने मानवता की महान सेवा की है और भारत को गौरवान्वित किया है। मोदी ने राहत दल के सदस्यों से कहा, हम दुनिया को एक परिवार मानते हैं और संकट में फंसे किसी भी परिवार के सदस्य की त्वरित मदद करना अपना कर्तव्य समझते हैं।



एनडीआरएफ और भारतीय सेना की टीम से संवाद करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

उन्होंने कहा कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में आत्मनिर्भर देश के रूप में अपनी पहचान मजबूत की है जो निस्वार्थ भी है और अन्य देशों की मदद करता है। उन्होंने कहा कि जब भी दुनिया में कोई संकट आता है तो भारत सबसे पहले प्रतिक्रिया देने के लिए हमेशा तैयार रहता है। उन्होंने कहा, हमें दुनिया की सर्वश्रेष्ठ राहत एवं बचाव टीम के रूप में अपनी पहचान मजबूत करनी होगी। इससे पहले, मोदी ने एक ट्वीट में कहा कि उन्होंने तुर्किए और सीरिया में ऑपरेशन दोस्त में शामिल कर्मियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि आपदा प्रतिक्रिया और राहत उपायों में उनके प्रयास सराहनीय रहे हैं। ऑपरेशन दोस्त के बाद एनडीआरएफ की अंतिम टीम तुर्किए से स्वदेश लौट आई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने एक ट्वीट में कहा, 151 एनडीआरएफ कर्मियों और श्वान दस्तों की तीन टीम ने भूकंप प्रभावित तुर्किए की मदद की। उन्होंने कहा, टीम ने नूरदागी और अंताक्या के 35 स्थलों पर जीवित लोगों का पता लगाने सहित खोज, बचाव और राहत अभियान चलाया। भारत ने तुर्किए और सीरिया के विभिन्न हिस्सों में छह फरवरी को आए विनाशकारी भूकंप के बाद दोनों देशों को सहायता देने के लिए ऑपरेशन दोस्त शुरू किया था।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 21 फरवरी, 2023



# जेवर एयरपोर्ट के पास जमीन होगी महंगी, बढ़ी दरें

## यमुना अथॉरिटी की बोर्ड बैठक संपन्न, नए सेक्टरों को बनाने में बढ़ रहा था प्राधिकरण को खर्चा

**पायनियर समचार सेवा। नोएडा**

जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का असर देखने के लिए मिलने लगा है, जहां एक तरफ किसानों के लिए जमीन की मुआवजा दरें बढ़ाई गई हैं, अब यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी ने अपनी जमीन की आवंटन दरें भी बढ़ा दी हैं। अब जेवर एयरपोर्ट के पास की जमीने महंगी हो जाएंगी। सोमवार को लखनऊ में यमुना अथॉरिटी की बोर्ड बैठक हुई, जिसमें यह फैसला लिया गया है।

यमुना अथॉरिटी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया कि रेजिडेंशियल भूखंडों से लेकर ग्रुप हाउसिंग, इंडस्ट्रियल, कॉरपोरेट ऑफि स, स्कूल, अस्पताल, मंदिर, विधवा आश्रम, वृद्ध आश्रम और मॉल के लिए जमीन की कीमत बढ़ाई गई हैं। यमुना अथॉरिटी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि आवंटन और नीलामी की दरों में बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने कहा सरकार ने किसानों को दिए जाने वाले मुआवजे की दर 3100 रुपये प्रति वर्ग मीटर कर दी है।

भूमि अधिग्रहण के बाद सेक्टर बनाने के लिए आंतरिक और बाह्य विकास करने पर भी खर्च बढ़ा है। प्राधिकरण की पिछले एक वर्ष के दौरान आवासीय, संस्थागत और औद्योगिक योजनाएं बंपर सक्सेस हुई हैं। नीलामी के परिणाम बहुत शानदार आए हैं। इन सारी बातों को ध्यान में रखते हुए आवंटन दरें और नीलामी की दरों में इजाफा किया गया है। आवंटन और नीलामी की दरें बढ़ाने के लिए प्राधिकरण बोर्ड के सामने प्रस्ताव रखा गया। जिसको मंजूरी दे दी गई है। डॉक्टर अरुणवीर सिंह ने बताया कि मेडिकल डिवाइस पार्क में भूखंडों के आवंटन की दर भी बढ़ा दी गई है।

मेडिकल डिवाइस पार्क से जुड़ी केंद्र सरकार की गाइडलाइंस में यमुना प्राधिकरण को यह अधिकार दिया गया है। इन गाइडलाइंस में दिए गए अधिकारों का उपयोग करते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए आवंटन दरों में 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। अब 4000 वर्ग मीटर तक के भूखंड का आवंटन हासिल करने वाली कंपनी को 7010 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से भुगतान करना पड़ेगा।


यमुना प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

### यमुना अथॉरिटी पर धन की बरसात

जेवर के पास नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा बन रहा है। यह न केवल भारत बल्कि एशिया का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा होगा। इसकी शुरुआत अगले साल की शुरुआत में हो जाएगी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का असर यहां के प्रॉपर्टी बाजार पर साफसाफ देख सकते हैं। दूसरी ओर यमुना प्राधिकरण को भी इस मेगा इंफ्रास्ट्रक्चरल प्रोजेक्ट का बड़ा फायदा मिल रहा है। अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पिछले 4 वर्षों के दौरान यमुना अथॉरिटी घाटे से उबरकर मुनाफा देने वाला सरकारी निकाय बन गया है। सीईओ डॉक्टर अरुणवीर सिंह ने बताया कि चालू वित्त वर्ष के दौरान पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 250 प्रतिशत ज्यादा शुद्ध मुनाफा यमुना अथॉरिटी ने हासिल किया है। अथॉरिटी के रेवेन्यू में भी बड़ा उछाल दर्ज किया गया है। सीईओ ने आगे कहा प्राधिकरण की शुद्ध आय भी बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2021-22 में प्राधिकरण को 404 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ है। यह वित्त वर्ष 2020-21 के मुकाबले लगभग 250 प्रतिशत ज्यादा है। मतलब, वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान प्राधिकरण को 170 करोड़ रुपए की शुद्ध आय हुई थी।

### नई भूखंड आवंटन और नीलामी की दरें

| | भूखंड का प्रकार | आवंटन-नीलामी की दर वर्गमीटर |
|---|---|---|
| 1. | आवासीय | 24600 |
| 2. | वाणिज्य सेक्टर प्लान | 49200 |
| 3. | वाणिज्यिक मास्टर प्लान | 49100 |
| 4. | ग्रुप हाउसिंग | 30750 |
| | **संस्थागत** | |
| 5. | सीनियर सेकेंडरी स्कूल, इंटर कॉलेज, डिग्री कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, डेंटल कॉलेज, यूनिवर्सिटी, नर्सरी स्कूल, स्पोर्ट्स कॉलेज, स्पोर्ट्स अकैडमी | 14280 |
| 6. | पावर स्टेशन, टेलिफोन एक्सचेंज | 11310 |
| 7. | मिल्क बूथ | 11310 |
| 8. | धार्मिक स्थल, अनाथालय, वृद्ध आश्रम | 9670 |
| 9. | अस्पताल | 21650 |
| 10. | कॉरपोरेट ऑफिस | 23770 |
| 11. | इंडस्ट्रियल | 13542 |
| 12. | आईटी एंड आईटीईसी | 16300 |

### प्राधिकरण के घाटे को किया कमः अरुणवीर



*डॉक्टर अरुणवीर सिंह ने कहा कि पिछले 4 वर्षों से प्राधिकरण लगातार लाभ अर्जित कर रहा है। आपको बता दें कि एक वक्त था, जब यमुना प्राधिकरण करीब 3500 करोड़ रुपए के घाटे में था। पिछले 4 वर्षों से प्राधिकरण ने लाभ अर्जित किया है। साथ ही ऋण को घटाया है। इस साल प्राधिकरण में कोई कर्जा नहीं लिया है, बल्कि कर्ज के 533.11 करोड़ रुपए वापस लौटाए हैं।*

### बजट बढ़कर 5575 करोड़ रुपए हुआ



यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी ने आगामी वित्त वर्ष 2023-24 का बजट भी पेश किया है। 31 मार्च 2023 को खत्म होने वाले वित्त वर्ष के मुकाबले अगले वित्त वर्ष 2023-24 का बजट 23 प्रतिशत ज्यादा है। एक आधिकारिक बयान में यमुना अथॉरिटी की ओर से बताया गया है कि अगले वित्त वर्ष में प्राधिकरण की आमदनी 5574.85 करोड रुपए रखी गई है। इसी तरह तमाम विकास योजनाओं पर खर्च का लक्ष्य 5569.61 करोड रुपए निर्धारित किया गया है। अथॉरिटी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुणवीर सिंह ने कहा इस साल प्राधिकरण ने कोई कर्ज नहीं लिया है बल्कि कर्ज चुकाया है। अथॉरिटी ने इस साल 533.11 करोड़ रुपए का ऋण वापस किया है। 1 अप्रैल 2023 से शुरू होने वाले वित्त वर्ष के लिए 23 प्रतिशत ज्यादा बजट प्रस्तावित है। अगर वित्त वर्ष 2022.23 के पुनरीक्षित बजट से तुलना की जाए तो अगले वित्त वर्ष का बजट लगभग 2 गुना बड़ा है।

## संक्षिप्त समाचार


सेक्टर-75 में अवैध दुकानों को तोड़ता प्राधिकरण का बुलडोजर।

### प्राधिकरण ने दस दुकानों पर चलाया बुलडोजर

**नोएडा।** सेक्टर-75 स्थित जीएच-02 ग्रुप हाउसिंग गोल्फ एवन्यू.1 में अवैध रूप से बनी दुकानों को ध्वस्त किया गया। इस मौके पर करीब 250 वर्गमीटर क्षेत्र में बनी 10 दुकानों को ध्वस्त किया गया। इस दौरान पहले लोगों को दुकान खाली करने का समय दिया गया। एक घंटे में दुकानों को खाली किया गया। इसके बाद प्राधिकरण ने कार्रवाई शुरू की। प्राधिकरण एक.एक करके 10 दुकानों को ध्वस्त किया। इसके बाद चेतावनी दी कि दोबारा से इन दुकानों का निर्माण कराया तो कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि प्राधिकरण की ओर से बिल्डर को नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद सोमवार को यह कार्रवाई की गई है।

### तोड़े जाएंगे जिला अस्पताल के जर्जर आवास

**गाजियाबाद।** कमेटी के निरीक्षण के बाद जिला अस्पताल के जर्जर आवासों को तोड़ा जाएगा। अभी इन मकानों में कमचारियों के 35 परिवार रह रहे थे जिन्हे एक सप्ताह पहले ही आवास खाली करने का नोटिस जारी किया गया था। इन आवासों के खाली होते ही गठित कमेटी द्वारा निरीक्षण कर जर्जर आवासों को तोड़ने की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। इसके लिए अस्पताल प्रशासन द्वारा टेंडर निकाला गया है। इन आवासों को तोड़ने वाली कम्पनी निकाले गए मलबे से रकम वसूली करेगी। मलबे की अनुमानित लागत करीब 35 लाख रखी गई है। इस मलबे को कम्पनी ही अपने स्तर से उपयोग में ला सकेगी, यानि एक तरह से आवासों का मलबा उन्हें तोड़ने वाली कम्पनी ही खरीदेगी। जिला अस्पताल में काफी लम्बे समय से जर्जर आवासों को तोड़ने की योजना बनाई गई थी। काफी कर्मचारी इन आवासों को खाली कर चुके हैं, लेकिन अभी भी 35 परिवार इनमें रह रहे हैं। अब इन्हें भी यह आवास खाली करने होंगे। तोड़ने के बाद इन आवासों को बनाने का प्रस्ताव तैयार कर डीपीआर बनाई जाएगी।

### डीएलएफ मॉल मॉल पहुंचे क्रिकेटर डेविड वार्नर

**नोएडा।** आस्ट्रेलिया टीम के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज डेविड एंड्रयू वार्नर परिवार के साथ नोएडा के डीएलएफ मॉल पहुंचे। यहां उन्होंने परिवार के साथ शॉपिंग की इसके बाद दोनों बेटियों के साथ जमकर मौज मस्ती की। उन्होंने गेमिंग एरिया में बेटी के साथ जमकर व्हीकल राइडिंग पर हाथ आजमाया। इसके बाद पत्नी और फेंस के साथ फोटो खिंचवाई। इस मौके पर उनकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पूरे मॉल परिसर में उनके साथ पुलिस के जवान मुस्तैद रहे। वे करीब दो घंटे तक मॉल में रहे इसके बाद वे होटल चले गए। बता दे भारत के साथ चल रही टेस्ट क्रिकेट सीरीज के लिए टीम के साथ आए है। हालांकि यहां उन्होंने मीडिया से दूरी बनाए रखी। दिल्ली में खेले गए टेस्ट मैच में उनका बल्ला नहीं चला और चोटिल होकर दिल्ली के मैच से उन्हें बाहर रहना पड़ा। आगे के मुकाबलों में वो खेल पाएंगे या नहीं अभी इस पर संशय है।



# नोएडा में 14 व्यावसायिक भूखंडों की योजना लॉन्च

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने दस सेक्टरों में करीब 14 व्यवसायिक भूखंडों की योजना लॉन्च की है। योजना में आज से आवेदन किए जा सकेंगे। पंजीकरण कराने का 13 मार्च तक होगा। योजना में 812 से लेकर 51417 वर्ग मीटर तक के भूखंड शामिल हैं। भूखंडों का आवंटन ई.नीलामी के जरिए होगा। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि योजना से संबंधित भूखंड सेक्टर.32, 35, 40, 50, 94, 96, 108, 124, 132 और 135 में हैं। इस योजना में सेक्टर.32 स्थित बेव ग्रुप की ओर से सरेंडर की गई जमीन पर भूखंड योजना दूसरी बार लेकर आए हैं। कुमार संजय ने बताया कि भूखंड योजना में पंजीकरण के दौरान 24 फरवरी को प्री.बिड मीटिंग होगी। भूखंड लेने की चाहत रखने वाले लोग इस मीटिंग में आकर योजना से जुड़े सारे सवालों के जवाब प्राप्त कर सकते हैं। योजना से संबंधित ब्रोशर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। संबंधित सेक्टर में संपत्ति का जो व्यवसायिक रेट होगा। वही, भूखंड का रिजर्व प्राइज होगा। भूखंड पाने के लिए रिजर्व प्राइज से अधिक बोली लगानी होगी। इन भूखंड का आवंटन ई नीलामी के जरिए किया जाएगा। ज्यादा बोली लगाने वालों को प्लाट आवंटित किया जाएगा। जिसे नियमानुसार प्लाट की लागत प्राधिकरण में जमा करानी होगी। खास ये है कि व्यवसायिक योजना का ब्रा शर निशुल्क वेबसाइट से अपलोड किया जा सकता है।

**परिशिष्ट IV-A**
नियम 8(6) का नियम देखें
**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्योरीटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढ़ते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ़ सिक्योरीटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गारेंटर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड [CIN: L65922DL2005PLC136029] (सुरक्षित लेनदार द्वारा)** द्वारा **वास्तविक कब्जा** लिया जा चुका है, को **28.03.2023** को **दोपहर 02.00 से 04.00 बजे** तक ''जहाँ है'', ''जैसा है'', और ''जो कुछ भी है'' की वसूली के लिए ऋण खाता नं. **HHLDCP00340494** के लिए **रु. 21,23,269/- (रुपए इक्कीस लाख तेईस हजार दो सौ उनहत्तर मात्र)** के लिए **15.02.2023** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंभ शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य संबंधित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **16.02.2023** से प्रभावी जो **संदीप शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा, आशा शर्मा, राजेश गुप्ता** और **वैभव गुप्ता** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है कि वसूली के लिए बेचा जाएगा।

अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित **मूल्य रु 12,60,000/- (रुपए बारह लाख साठ हजार मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(ईएमडी) रु. 1,26,000/- (रुपए एक लाख छब्बीस हजार मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य के 10% के बराबर होगा।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**प्लॉट नंबर 36ए, एसएफ (बैक आरएचएस/साउथ ईस्ट पोर्शन), एनए, खसरा नंबर 105/10, पीछे के फ्लैट के साथ स्टिल्ट और उसके ऊपर चार मंजिल, नई दिल्ली, दिल्ली- 110059।**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.indiabullshomeloans.com पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।

सही
**दिनांक: 16.02.2023** — **अधिकृत अधिकारी**
**स्थान: नई दिल्ली** — **इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

**परिशिष्ट IV-A**
नियम 8(6) का नियम देखें
**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्योरीटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढ़ते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ़ सिक्योरीटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गारेंटर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड [CIN: L65922DL2005PLC136029] (सुरक्षित लेनदार द्वारा)** द्वारा **वास्तविक कब्जा** लिया जा चुका है, को **28.03.2023** को **दोपहर 02.00 से 04.00 बजे** तक ''जहाँ है'', ''जैसा है'', और ''जो कुछ भी है'' की वसूली के लिए ऋण खाता नं. **HHLRHN00270882** के लिए **रु. 24,83,142/- (रुपए चौबीस लाख तिरासी हजार एक सौ बयालीस मात्र)** के लिए **15.02.2023** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंभ शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य संबंधित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **16.02.2023** से प्रभावी जो **विकास** और **रेमिका रॉबर्ट** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है कि वसूली के लिए बेचा जाएगा।

अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित **मूल्य रु. 14,50,000/- (चौदह लाख पचास हजार रुपये मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(ईएमडी) रु. 1,45,000/- (एक लाख पैंतालीस हजार रुपये मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य के 10% के बराबर होगा।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**प्लॉट नंबर- आरजेड-एम-292-बी, पुराना प्लॉट नंबर-1061, एफएफ (बैक साइड फ्लैट नंबर-102), (एस/जी+यूजीएफ+3), गली नंबर-8, खसरा नंबर-58/18/ 1, पालम गांव, राज नगर -II से पहचाने जाने वाली कॉलोनी, पालम कॉलोनी, नई दिल्ली, दिल्ली-110077**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.indiabullshomeloans.com पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।

सही
**दिनांक: 16.02.2023** — **अधिकृत अधिकारी**
**स्थान: नई दिल्ली** — **इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

**परिशिष्ट IV-A**
नियम 8(6) का नियम देखें
**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्योरीटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढ़ते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ़ सिक्योरीटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गारेंटर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड [CIN: L65922DL2005PLC136029] (सुरक्षित लेनदार द्वारा)** द्वारा **रचनात्मक कब्जा** लिया जा चुका है, को **28.03.2023** को **दोपहर 02.00 से 04.00 बजे** तक ''जहाँ है'', ''जैसा है'', और ''जो कुछ भी है'' की वसूली के लिए ऋण खाता नं. **HHLVAS00471069** के लिए **रु. 51,75,911/- (रुपये इक्यावन लाख पचहत्तर हजार नौ सौ ग्यारह मात्र)** के लिए **15.02.2023** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंभ शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य संबंधित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **16.02.2023** से प्रभावी जो **सुषमा गुप्ता (सह-उधारकर्ता, पत्नी एवं स्वर्गीय अरुण कुमार गुप्ता की कानूनी वारिस)**, **विशांत गुप्ता (सह-उधारकर्ता, पुत्र एवं स्वर्गीय अरुण कुमार गुप्ता का कानूनी वारिस)** और **ऋषिका गुप्ता (सह-उधारकर्ता, बेटी एवं स्वर्गीय अरुण कुमार गुप्ता की कानूनी वारिस)** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है कि वसूली के लिए बेचा जाएगा।

अचल संपत्ति की निलामी के लिए आरक्षित **मूल्य रु. 50,00,000/- (पचास लाख रुपये मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(ईएमडी) रु. 5,00,000/- (पांच लाख रुपये मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य के 10% के बराबर होगा।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**सिंलिंग स्तर की सीमा तक छत के अधिकार के बिना निर्मित दूसरी मंजिल, एरिया मापित 69.540 वर्ग मीटर, संपत्ति संख्या C12/515 का हिस्सा, (ब्लॉक-सी-12, प्लॉट नंबर 515), स्टिल्ट एरिया में एक कार पार्किंग और एक बाइक पार्किंग के साथ, यमुना विहार पर लेआउट योजना में स्थित लिफ्ट के साथ, घोंडा आवासीय योजना के तहत निर्मित, इलाका शाहदरा, दिल्ली -110053, जमीन के नीचे समानुपातिक, अविभाज्य, अखंडीत अपक्षपाती स्वामित्व अधिकारों के साथ निम्ननुंसार परिबद्ध है:**

पूर्व : प्लॉट नंबर 514,
पश्चिम : प्लॉट नंबर 516,
उत्तर : रोड
दक्षिण : रोड

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.indiabullshomeloans.com पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।

सही
**दिनांक: 16.02.2023** — **अधिकृत अधिकारी**
**स्थान: दिल्ली** — **इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

**परिशिष्ट IV A**
नियम 8(6) का नियम देखे
**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्युरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के नियमों को पढते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रशन ऑफ फायनांशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई- निलामी बिक्री सूचना ।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गॅरेन्टर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **धनी लोन्स एन्ड सर्विसेज लिमिटेड (पहले इंडियाबुल्स कंज्यूमर फाइनेंस लिमिटेड) (CIN:U74899DL1994LPC062407) (सुरक्षित लेनदार द्वारा )** द्वारा **रचनात्मक कब्जा** लिया जा चुका है, को **10.03.2023** को दोपहर **02.00** से **04.00** बजे तक **''जहां है'', ''जैसा है'' और ''जो कुछ भी है'',** की वसूली के रू.**17,21,23,303/- (रुपए सत्रह करोड़ इक्कीस लाख तेईस हजार तीन सौ तीन मात्र)** यानि ऋण खाता नं. **HILADMT00417137** के लिए रू.**8,86,68,328/- (रुपए आठ करोड़ छियासी लाख अड़सठ हजार तीन सौ अठ्ठाईस मात्र)** और ऋण खाता नं. **HILADMT00417164** के लिए रू.**8,34,54,975/- (रुपए आठ करोड़ चौतीस लाख चौवन हजार नौ सौ पचहत्तर मात्र)** के लिए **16.02.2023** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंब शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य सम्बन्धित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चो के साथ **17.02.2023** से प्रभावी जो **रोज़ एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड (निदेशको द्वारा), पवन सेठी, रिट्जी पॉलिमर्स (पार्टनर्स द्वारा), रमन सेठी, सतीश कुमार सेठी, प्रदीप कुमार सेठी, अमन सेठी और गौरी सेठी** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा ।

अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य रू.**15,00,00,000/- (रुपए पंद्रह करोड़ मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(ईएमडी)** रू.**1,50,00,000/- (रुपए एक करोड़ पचास लाख मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य के **10%** के बराबर होगा ।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**सभी इंडस्ट्रियल/कमर्शियल /परमीटेड मिक्स लैंड यूज प्लॉट ऑफ लैंड वाला प्लॉट नं.ई -26, ब्लॉक नं.बी 1 में, मोहन कॉ.ओप.इंडस्ट्रियल एस्टेट में, एमसीआईई इंडस्ट्रियल स्किम के लेआउट प्लान में इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली -110044 और मापित 1357.43 स्के.यार्डस अथवा आस पास जो निम्नुंसार परिबद्ध है:**

**पूर्व: 20 फीट चौड़ी सर्विस लेन** — **पश्चिम: 45 फीट चौड़ा रोड**
**उत्तर: प्लॉट नं.ई -27** — **दक्षिण: प्लॉट नं.डी -25**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तो के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.dhaniloansandservices.com पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें ।

सही/-
**दिनांक: 17.02.2023** — प्राधिकृत अधिकारी
**स्थान : नई दिल्ली** — धनी लोन्स एन्ड सर्विसेज लिमिटेड

# अब आयुक्त पुलिस लाइन में और एडिशनल सीपी पुलिस ऑफिस में बैठेंगे

● पीड़ितों को अधिक सुविधा देने के लिए उठाया कदम

**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**

एडिशल सीपी दिनेश कुमार की उपयोगिता को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा ने महत्वपूर्ण फैसला लिया है।

मिश्रा ने जहां कमिश्नरेट मुख्यालय में स्थित अपने ऑफि स को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दिनेश कुमार को दे दिया, वहीं पीड़ितों को और अधिक सुविधा देने के लिये मिश्रा ने डीसीपी सिटी जोन निपुण अग्रवाल के कार्यालय को भी पुलिस मुख्यालय वाले ऑफि स में शिफ्ट कर दिया। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दिनेश कुमार पी ने आज पुलिस लाइन की जगह कमिश्नरेट पुलिस मुख्यालय वाले ऑफिस में लोगों की समस्याओं को सुना। डीसीपी सिटी जोन निपुण अग्रवाल के ऑफि स की शिफ्टिंग भी दोपहर बाद पूरी हो गई। उधर, पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा ने पुलिस लाइन में स्थित अपने नए कार्यालय में जनसुनवाई की।


जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त।

मिश्रा ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस आयुक्त का पुलिस लाइन में होने और उनका कोई कैंप कार्यालय भी ना होने की वजह से उनकी उपयोगिता का पूर्ण लाभ नहीं लिया जा रहा था।

## गाजियाबाद में सड़क हादसे में होटल कुक की मौत

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में रविवार देर रात वैशाली मेट्रो स्टेशन के सामने सड़क हादसे में एक होटल कुक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

शालीमार गार्डन स्थित पप्पू कॉलोनी निवासी 26 वर्षीय मिलन गाजियाबाद में वैशाली स्थित एसमेनर होटल में चाइनीज कुक था। मिलन रविवार रात स्कूटी से होटल से घर जा रहा था। वैशाली मेट्रो स्टेशन के सामने अज्ञात वाहन ने मिलन को टक्कर मार दी। सूचना पर पुलिस आई और उसे हॉस्पिटल ले गई। वहां उसे मृत घोषित कर दिया। मिलन के पिता सुरेश सैलून चलाते हैं।

# जेडीयू नेता के बेटे का अपहरण करने वाला धरा

● चार महीने से नोएडा पुलिस की गिरफ्त से था बाहर

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

ग्रेटर नोएडा की बीटा 2 थाना पुलिस नेकरीब 4 महीने से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर बिहार के जेडीयू नेता के बेटे का अपहरण कर लिया था और उस दौरान 5 लाख की रंगदारी मांगी थी।

बीटा 2 पुलिस ने आज आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। ग्रेटर नोएडा की बीटा 2 थाना पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे अपहरण के आरोपी सलीमुद्दीन को गिरफ्तार किया है। सलीमुद्दीन बुलंदशहर का रहने वाला है, फिलहाल यह ईकोटेक 3 थाना क्षेत्र में रह रहा था। पुलिस ने इसको कासना रोड के पास से गिरफ्तार किया है। 21 अगस्त 2022 को अय्यूब, राशिद, इमरान, पीरू और सलीमुद्दीन ने परीचौक से दिलवर और परवेज को अर्टिगा गाड़ी में डालकर फिरौती के लिए अपहरण कर ले गए थे और इन लोगों ने 5 लाख रुपए की फिरौती की मांग की गई थी। इसके बाद वादी द्वारा थाना बीटा.2 पर शिकायत दी जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।



# जिला संयुक्त अस्पताल में पांच दिन से बिजली गुल

● मरीजों को हाल-बेहाल, टार्च से चलाया जा रहा है काम

**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**

पिछले पांच दिन से जिला संयुक्त अस्पताल अंधेरे में डूबा है। ओपीडी में डॉक्टरों को बिना बिजली के काम चलाना पड़ रहा है तो वहीं भर्ती मरीजों का भी हाल बेहाल है।

इतना ही नहीं अस्पताल के मुख्य गेट की सड़क भी खुदवा दी गई जिसकी वजह से मरीजों को आने-जाने में भारी परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। पांच दिन से मरीज अस्पताल में अवस्थाओं का सामना कर रहे हैं, लेकिन अस्पताल प्रशासन उसे ठीक कराने के बजाए और मुश्किलों को बढ़ा रहा है। हैरानी की बात है कि गुरुवार को शॉर्ट सर्किट के कारण अस्पताल की बिजली गुल हो गई। उसके बाद से टेंपरेरी व्यवस्था से काम चलाया जा रहा है। ऑपरेशन पूरी तरह से ठप हो गए हैं तो वहीं वार्ड में भर्ती मरीजों के लिए कुछ समय के लिए लाइट दी जा रही है। बिजली से चलने वाले जरूरी उपकरण जनरेटर की लाइट से चल रहे हैं, लेकिन लगातार जनरेटर भी नहीं चल पा रहा है जिसकी वजह से दिक्कतें आ रही हैं। ओपीडी में तो सप्लाई गुरुवार से ही बंद है जिसकी वजह से डॉक्टर मरीजों को मोबाइल टॉर्च की रोशनी में इलाज कर रहे हैं। वहीं, इमरजेंसी में भी लाइट की किल्लत है, बिजली किल्लत से परेशान मरीजों के लिए और भी मुश्किल बढ़ गई है।




अस्पताल के मुख्य गेट की सड़क पर खुदाई चल रही है और रस्सी बांधकर रास्ता रोका हुआ है, लेकिन मरीजों के आवागमन के लिए यहां कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। अस्पताल का स्टाफतो पीछे के गेट से अपने वाहनों के साथ प्रवेश कर रहा है, लेकिन मरीजों को पैदल ही रस्सा लांघ कर जाना पड़ रहा है। इससे इमरजेंसी में आए मरीजों को सबसे अधिक मुश्किलें आ रही हैं। अस्पताल के सीएमएस डॉ विनोद चंद्र पांडेय ने बताया कि आज अस्पताल में बिजली व्यवस्था पूरी तरह से बहाल हो जाएगी। अस्पताल में नया पैनल लगवाया जा रहा है जिससे लोड बढ़ने पर शॉर्ट सर्किट की समस्या न हो। उन्होंने बताया कि अभी ओपीडी में सप्लाई जारी नहीं हुई, लेकिन बाकी फ्लोर पर सप्लाई शुरू की गई है।

वहीं, अस्पताल के मुख्य गेट पर चल रही सड़क खुदाई पर उनका का कहना है कि मरीजों के लिए आने-जाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कराई जा रही है। सडक का काम भी जल्द पूरा कराया जाएगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादकः विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# सरोगेसी मामला: 11 जिलों में बनेंगे मेडिकल बोर्ड

## उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने दी मंजूरी, दिल्ली में सरोगेसी को मिली कानूनी मान्यता



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली में कानूनी रूप से की जा सकेगी सरोगेसी। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सोमवार को निसंतान दंपतियों के लिए एक बड़ा फैसला लेते हुए राष्ट्रीय राजधानी के सभी 11 जिलों में मेडिकल बोर्ड के गठन को अनुमति दे दी है।

यह मेडिकल बोर्ड सरोगेसी (रेगुलेशन) कानून 2021 के तहत निसंतान दंपती कानूनी रूप से सरोगेसी करा सकेंगे और जरूरी परामर्श व मेडिकल हेल्प की भी मिल सकेगी। अधिनियम के अनुसार जिला मेडिकल बोर्ड का गठन गर्भकालीन सरोगेसी की आवश्यकता वाले इच्छुक दंपत्ति या इच्छुक महिला के एक या दोनों सदस्यों के पक्ष में चिकित्सा संकेत का प्रमाण पत्र जारी करने के मकसद से किया जाना है। सरोगेसी (विनियमन) अधिनियम, 2021 की धारा 4 (iii) में प्रावधान है कि कोई भी सरोगेसी या सरोगेसी प्रक्रिया उपयुक्त प्राधिकारी (इस मामले में जिला चिकित्सा बोर्ड) द्वारा जारी किए गए प्रमाणपत्र के बिना इच्छुक जोड़े के बिना आयोजित, संचालित, निष्पादित या शुरू नहीं की जाएगी।



### सरोगेसी यानि किराये की कोख

*केंद्र सरकार की ओर से विनियमन की अधिसूचना जारी किए जाने के बाद भी दिल्ली सरकार ने जिला मेडिकल बोर्ड (डीएमबी) के गठन को लंबित रखा था। इसने इच्छुक लाभार्थियों को अदालत जाने को मजबूर कर दिया। डीएमबी का अध्यक्ष मुख्य चिकित्सा अधिकारी या मुख्य सिविल सर्जन या जिले की स्वास्थ्य सेवा के संयुक्त निदेशक को बनाया जाएगा। जिले के मुख्य स्त्रीरोग विशेषज्ञ और मुख्य बालरोग विशेषज्ञ इसके सदस्य होंगे। डीएमबी के गठन का प्रस्ताव मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया जिसका केजरीवाल ने समर्थन किया। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा इस कानून की अधिसूचना 25 दिसंबर, 2021 को जारी की गई थी। असल में सरोगेसी का मतलब किसी अन्य महिला की कोख किराये पर लेने से है।*

### मेडिकल बोर्ड के जरिए सरकार पर हमला



राज्यपाल कार्यालय के अनुसार जिला मेडिकल बोर्ड के गठन को दिल्ली सरकार द्वारा तब से लंबित रखा गया था, जब से केंद्र सरकार द्वारा नियमन अधिसूचित किया गया था। इससे इच्छुक लाभार्थियों को अदालतों का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर किया था। इस कदम को मेडिकल बोर्ड के जरिए सरकार पर हमला बताया जा रहा है। एलजी द्वारा अनुमोदित सभी 11 जिलों में डीएमबी का गठन, एक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य सिविल सर्जन, संयुक्त सचिव का गठन किया जाएगा। अध्यक्ष के रूप में जिले की स्वास्थ्य सेवा निदेशक, सदस्य के रूप में जिले की मुख्य स्त्रीरोग विशेषज्ञ, मुख्य प्रसूति रोग विशेषज्ञ, सदस्य के रूप में जिले के मुख्य बाल रोग विशेषज्ञ। दिसंबर 2021 से लंबित, केंद्रीय कानून के लागू होने और अधिसूचित होने के बाद इसने 25 जून, 2022 को मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत और 11 जुलाई, 2022 को उच्च न्यायालय को आप सरकार को बोर्ड बनाने के लिए प्रेरित किया।

# एआईसीसी सदस्यों की सूची में पूर्व सांसद टाइटलर को मिली जगह

## रायपुर में होने जा रहे राष्ट्रीय अधिवेशन के लिए एआइसीसी ने जारी की दिल्ली कांग्रेस के 61 सदस्यों की सूची, 36 निर्वाचित व 25 मनोनीत

## पूर्व केंद्रीय मंत्री कृष्णा तीरथ, पूर्व मंत्री हारुन यूसुफ और डा नरेन्द्र नाथ जैसे पुराने नेताओं को डाला गया मनोनीत सदस्यों में

- पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, प्रियंका वाड्रा एवं अजय माकन को भी मिली जगह

**संजय राय।** नई दिल्ली

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अधिवेशन से पहले एआइसीसी ने इस अधिवेशन के लिए दिल्ली से शामिल होने वाले 61 नेताओं की सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में 36 को निर्वाचित और 25 को मनोनीत श्रेणी में रखा गया है।

निर्वाचित सदस्यों की सूची में पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह, प्रियंका गांधी वाड्रा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौधरी, पूर्व सांसद अजय माकन, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री अरविंदर सिंह लवली, अमृता धवन, विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व सांसद जनार्दन द्विवेदी, पूर्व सांसद जयप्रकाश अग्रवाल, मनीष चतरथ, संदीप दीक्षित और सुभाष चोपड़ा सहित 1984 के सिख विरोधी दंगों के आरोपित पूर्व सांसद जगदीश टाइटलर को भी जगह दी गई है।

वहीं मनोनीत सदस्यों में पूर्व केंद्रीय मंत्री कृष्णा तीरथ, पूर्व मंत्री हारुन यूसुफ एवं डा नरेन्द्र नाथ, पूर्व संसदीय सचिव नसीब सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी विजेंद्र बाक्सर, सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कांग्रेस के उम्मीदवार रह चुके रोमेश सब्बरवाल, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष चतर सिंह और पूर्व प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित मलिक सरीखे अनेक वरिष्ठ नेताओं को मनोनीत की श्रेणी में जगह दी गई है।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक दिल्ली में प्रदेश कांग्रेस के 280 सदस्य हडेलीगेट हैं। प्रति आठ डेलीगेट पर एक नेता का निर्वाचन किया गया है। जबकि मनोनीत उन नेताओं को किया गया है, जिनका निर्वाचन नहीं हो सका। दोनों श्रेणियों में पेंच यह है कि अगर इस अधिवेशन के दौरान पार्टी की वर्किंग कमेटी का चुनाव होता है, जैसा कि प्रबल संभावना भी है, तो उसके लिए निर्वाचित सदस्य ही मतदान कर सकेंगे। मनोनीत सदस्यों को वोट डालने का अधिकार नहीं रहेगा। इस दृष्टि से कई बड़े और पुराने नेता भी वोट डालने के अधिकार से वंचित रह जाएंगे।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक कुछ नेताओं ने यह सवाल उठाया है कि उक्त दोनों श्रेणियों में सदस्यों के नाम डालने से पहले कोई युक्तिसंगत मानक नहीं रखा गया। निर्वाचित सदस्यों में जहां नवीन शर्मा, सुशांत मिश्रा, जगप्रवेश कुमार और अली हसन मेंहदी के नाम पर आपत्ति जताई जा रही है तो मनोनीत सदस्यों में पूर्व केंद्रीय मंत्री कृष्णा तीरथ, पूर्व मंत्री हारुन यूसुफ और डा नरेन्द्र नाथ, रागिनी नायक जैसे नाम रखने को अनुचित ठहराया जा रहा है।




### जगदीश का नाम आने से भड़की भाजपा-आप

**नई दिल्ली।** भाजपा और आप ने कांग्रेस पर साधा निशाना एआईसीसी सदस्यों की सूची में टाइटल का नाम शामिल करने पर भाजपा और आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस का निशाना साधा है। भाजपा नेता हरीश खुराना ने कहा कि टाइटलर को कांग्रेस ने अपनी कमेटी में शामिल कर सिखों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है। आप के विधायक जरनैल सिंह ने कहा कि 84 में सिखों का कत्लेआम कराने वाले जगदीश टाइटलर को एआइसीसी का सदस्य बनाकर कांग्रेस सिखों के जख्म कुरेद रही है।

# निक्की यादव को याद कर रो रहा आरोपी साहिल

- आरोपी की पुलिस हिरासत दो दिन और बढ़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

निक्की यादव हत्याकांड का मुख्य आरोपी साहिल गहलोत की पुलिस रिमांड दो और दिन बढ़ा दी गई है। पुलिस ने न्यायालय से तीन दिन की हिरासत मांगी थी लेकिन अदालत ने दो दिन की ही रिमांड दी। इसके अलावा अन्य पांच आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस बीच दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा आरोपियों को बैठाकर पूछताछ कर रही है।

पुलिस के सूत्रों ने दावा किया कि पूछताछ के दौरान साहिल गहलोत काफी रोया। उसने कहा कि निक्की काफी केयरिंग थी। पुरानी बातों को याद करते हुए बताया कि एक बार जब वह बीमार हुआ तो निक्की ने रात भर जगकर उसकी सेवा की थी।

निक्की हमेशा उसकी छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखती थी। पूछताछ में उसने यह भी खुलासा किया कि वह अपनी पहली पत्नी निक्की यादव की हत्या करने और उसके शव को रेफ्रिजरेटर में रखने से पहले उसे अपनी कार से बाहर धकेलने और इसे एक दुर्घटना के तौर पर दिखाने की योजना बनाई थी।



### 25 साल पहले भी जेल जा चुका साहिल का पिता

नई दिल्ली। अपराध शाखा नपे निक्की हत्याकांड में आरोपी साहिल गहलोत के पिता वीरेंद्र गहलोत को भी गिरफ्तार किया है। वीरेंद्र 25 साल पहले भी हत्या के एक मामले में जेल की सजा काट चुका है। सूत्रों के अनुसार वर्ष 1997 में वीरेंद्र पर एक शख्स की हत्या करने का आरोप लगा था। इसके बाद उसे धरा गया था। वीरेंद्र ने पुलिस पूछताछ में बताया कि 1997 में गांव में आपसी विवाद में लाठी डंडों से पीटकर एक शख्स की हत्या कर दी गई थी। इस केस में उसे भी आरोपी बनाया गया था। इस दौरान वीरेंद्र जेल भी गया था।

# 26 को सीबीआई के सामने पेश होंगे सिसोदिया

- आबकारी नीति मामले में होगी पूछताछ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली शराब घोटाले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने फिर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को नोटिस भेजा है।

सिसोदिया अब 26 फरवरी को जांच एजेंसी के सवालों का सामना करेंगे। इससे पहले सिसोदिया ने दिल्ली सरकार की बजट तैयारी कवायद का हवाला देते हुए पूछताछ टालने का अनुरोध किया था, जिसके बाद सीबीआई ने गत रविवार को पूछताछ टाल दी थी। मनीष सिसोदिया ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें 26 फरवरी को पूछताछ के लिए बुलाया गया है और वह जांच एजेंसी के सामने पेश होंगे। सीबीआई अधिकारियों ने कहा कि एजेंसी ने सिसोदिया को 26 फरवरी को मामले में पूछताछ के लिए पेश होने को लेकर नया नोटिस जारी किया है। नोटिस सिसोदिया के अनुरोध पर जारी किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि सिसोदिया ने रविवार को अपनी पूर्व निर्धारित पूछताछ को टालने का आग्रह किया था। इससे पूर्व अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई ने पूछताछ टालने के सिसोदिया के आवेदन को स्वीकार कर लिया था और कहा था कि वह जल्द ही नई तारीख देगी। दिल्ली सरकार में वित्त विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे सिसोदिया ने पूछताछ को टालने के लिए बजट तैयार करने की कवायद का हवाला दिया था।

# एलएनजेपी मामला: घटना की उच्चस्तरीय जांच हो : बिधूड़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल में एक जीवित बच्चे को मृत बताकर उसके परिजनों को देने के मामले पर गहरा दुख और निराशा व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि केजरीवाल सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को विश्व स्तरीय बताती है और एलएनजेपी अस्पताल को अपना सर्वश्रेष्ठ अस्पताल कहती है। इस घटना ने दिल्ली सरकार के सारे खोखले दावों की पोल खोल दी है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्रालय का काम देख रहे उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया में अगर थोड़ी भी नैतिकता बची है तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने घटना की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि दिल्ली सरकार की स्वास्थ्य योजनाएं कागजों में ही दम तोड़ देती हैं। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने बड़े जोरशसोर से बाइक एम्बुलेंस योजना शुरू की। 22.55 लाख रुपए की लागत से इसे शुरू किया गया। 16 बाइक खरीदी गई और इस योजना के विज्ञापनों पर ही 20.44 लाख रुपए खर्च किए गए।

# राजधानी में बाइक टैक्सियों के संचालन पर लगेगा जुर्माना

- परिवहन विभाग ने वाहन अधिनियम का जिक्र करते हुए दी चेतावनी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में बाइक टैक्सियों के संचालन पर कड़ी कार्रवाई के साथ भारी जुर्माने का भी प्रावधान किया गया है। इस संबंध में परिवहन विभाग ने दिल्ली की सड़कों पर चलने वाली बाइक टैक्सियों को चेतावनी देते हुए कहा है कि यह मोटर वाहन अधिनियम, 1988 का उल्लंघन है और इसका उल्लंघन करने वाली कंपनियों पर एक लाख रुपए तक का जुर्माना लग सकता है।विभाग ने एक सार्वजनिक नोटिस में कहा कि दो पहिया वाहनों का व्यावसायिक उद्देश्य से इस्तेमाल मोटर वाहन अधिनियम, 1988 का उल्लंघन है।



पहली बार उल्लंघन करते पाए जाने पर 5,000 रुपए का जुर्माना जबकि दूसरी बार पकड़े जाने पर 10,000 रुपए का जुर्माना और एक साल तक की जेल हो सकती है। ऐसी परिस्थिति में वाहन चालक का लाइसेंस भी तीन महीने के लिए निलंबित कर दिया जाएगा। नोटिस में कहा गया है कि कुछ ऐप-आधारित कंपनियां खुद को कंपनी के तौर पर पेश करती हैं जो 1988 अधिनियम का उल्लंघन है। यह एक लाख रुपए के जुर्माने के साथ दंडनीय है। इससे पहले इस महीने की शुरुआत में उच्चतम न्यायालय ने बाइक टैक्सी कंपनी रैपिडो को लाइसेंस नहीं देने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले के खिलाफ कंपनी को राहत देने से इनकार कर दिया था। उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि 2019 में मोटर वाहन अधिनियम में किए गए संशोधनों में स्पष्ट किया गया है कि कंपनियां बिना वैध लाइसेंस के संचालन नहीं कर सकती हैं।

# महरौली की सीमांकन रिपोर्ट आने तक दिल्ली हाईकोर्ट का कार्रवाई रोकने से इनकार

- अदालत ने इस संबंध वाली याचिका को नहीं किया स्वीकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने महरौली पुरातत्व पार्क में मकानों,दुकानों और अन्य ढांचों को ध्वस्त करने पर रोक लगाने का अनुरोध करने वाली एक याचिका नई सीमांकन रिपोर्ट तैयार किए जाने तक स्वीकार करने से सोमवार को इनकार कर दिया।

मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने कहा कि वह विषय में हस्तक्षेप नहीं करने जा रही, जिस पर याचिकाकर्ता के वकील ने याचिका वापस लेना चाहा और अदालत ने इसकी अनुमति दे दी। अदालत को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के वकील ने बताया कि इलाके का सीमांकन 2021 में किया जा चुका है और उसके बाद ही यह कार्रवाई शुरू की गई थी।

महरौली माइनॉरटीज रेजिडेंट एंड शॉप ऑनर्स वेलफेयर की याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने याचिकाकर्ता से सवाल किया, आप कौन हैं। सीमांकन के बारे में पूछने के लिए आपका क्या अधिकार बनता है। हम हस्तक्षेप नहीं करने जा रहे हैं। यदि आप चाहें तो अपने दावे के समर्थन में दीवानी वाद दायर करें। उल्लेखनीय है कि करीब 20 बहुमंजिला इमारतें, काफी संख्या में दुकानें और मकान तथा एक निजी स्कूल भवन उन ढांचों में शामिल हैं, जिन्हें पिछले कुछ दशकों में महरौली पुरातत्व पार्क में कथित तौर पर अवैध रूप से निर्मित किया गया।

# विधानसभा समितियों के खिलाफ कार्रवाई के प्रयास में एलजी: आप

- कामकाज के बारे में जानकारी के लिए पत्र लिखने पर उठाए सवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना पर आम आदमी पार्टी (आप) ने एक नये मामले में हमला करते हुए विधानसभा समितियों के खिलाफ कार्रवाई करने के प्रयास का आरोप लगाया है।

आप ने सोमवार को आरोप लगाया कि दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना विधानसभा समितियों के खिलाफ कार्रवाई करने की कोशिश कर रहे हैं और उन्होंने मुख्य सचिव तथा विधानसभा को पत्र लिखकर उनके कामकाज के बारे में जानकारी मांगी है।

आप के राष्ट्रीय प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली विधानसभा की याचिका समिति ने तीन अलग-अलग मुद्दों पर अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की थी।

उन्होंने आरोप लगाया कि हालांकि उपराज्यपाल ने उनके खिलाफ कार्वाई करने के बजाय समितियों के खिलाफ कार्रवाई करने का फैसला किया। आप नेता ने कहा कि दिल्ली के उपराज्यपाल विधानसभा समितियों के खिलाफ कार्रवाई करने की कोशिश कर रहे हैं।

# ओवैसी के आवास पर उपद्रवियों का पथराव

- अज्ञात हमलावरों के खिलाफ पुलिस को दी शिकायत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने सोमवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय राजधानी में उनके आवास पर अज्ञात बदमाशों ने हमला किया।

ओवैसी राजस्थान के दौरे पर हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने घटना के संबंध में दिल्ली पुलिस को एक शिकायत सौंपी है। ओवैसी ने सिलसिलेवार ट्वीट करते हुए कहा, दिल्ली स्थित मेरे आवास पर फिर से हमला किया गया है। 2014 के बाद से यह चौथी घटना है। इससे पहले आज रात, मैं जयपुर से लौटा और मेरे घरेलू सहायक ने सूचित किया कि बदमाशों के एक समूह ने पथराव किया, जिससे खिड़कियां टूट गईं। दिल्ली पुलिस को उन्हें तुरंत पकड़ना चाहिए। ओवैसी ने कहा कि यह चिंताजनक है कि ऐसा तथाकथित उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में हुआ है। मैंने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है और वे मेरे आवास पर पहुंच गए हैं।




# राजधानी वालों ने महसूस की पहाड़ी राज्यों की पारंपरिक-सांस्कृतिक खुशबू

- निजामी बंधुओं की कव्वाली से सेलिब्रेटिंग नार्थ ईस्ट फेस्टिवल का समापन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी में तीन दिवसीय सेलिब्रेटिंग नार्थ ईस्ट फेस्टिवल का रंगारंग समापन प्रसिद्ध सूफी गायक निजामी बंधुओं की कव्वाली के साथ हुआ।

इस फेस्टिवल में उत्तर पूर्व राज्यों के संगीत, नृत्य कला, फैशन के साथ सांस्कृतिक और परंपरा की खुशबू को दिल्ली वासियों ने महसूस किया। राजधानी के न्यू मोतीबाग क्लब चाणक्य पुरी नई दिल्ली में सेलिब्रेटिंग नॉर्थ ईस्ट का यह 16वां संस्करण था। जिसे एनईआईएफटी द्वारा पर्यटन मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, वस्त्र मंत्रालय और डोनर मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किया गया। इस फेस्टिवल में तीन दिनों तक भारी संख्या में लोग पहुंचे और अपने पंसदीदा कलाकारों की यादगार परफॉरमेंस के साथ फैशन शो आदि का आनंद लिया। फेस्टिवल के पहले दो दिन जहां नॉर्थ ईस्ट के क्षेत्रीय कलाकारों ने अपनी लाइव परफॉर्मेंस से शमां बांधा और दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया वहीं फेस्टिवल के समापन समारोह के मौके पर भारत के जानेमाने सूफी बैंड निजामी बंधु एंड बैंड ने अपनी प्रस्तुति से फेस्टिवल में चार चांद लगा दिए। निजामी बंधुओं ने अपने सूफी गायन से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

फैशन शो में नार्थ ईस्ट के प्रतिष्ठित डिजाइनर परिणीता बोराह, जाह्नवी स्वर्गियारी, अनामिका डेका, प्रीति चक्रवर्ती और गोना निजी ने अपना फैशन कलेक्शन पेश किया। इसके साथ ही दर्शकों नॉर्थ ईस्ट की कला, वहां का हेंडीक्राफ्ट, हैंडलूम व फूड प्रोडक्ट भी देखने और खरीदने का मौका मिला। फेस्टिवल की आयोजक विक्रम राय मेधी ने कहा कि फेस्टिवल में हमारा फोकस नॉर्थ ईस्ट के सस्टेनेबल फैब्रिक्स पर रहा। अब हमारी योजना है कि हम अपने परंपरागत टेक्सटाइल्स को अंतरराष्ट्रीय फैशन स्तर पर ले जाने की है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी की पूर्व छात्रा परिणीता बोराह ने फेस्टिवल में अपना कलेक्शन 'द मॉडर्न वुमन' पेश किया। डिजाइनर अल्बर्ट मारक ने मेघायल की प्राकृतिक सुंदरता और समृद्ध संस्कृति, रीति रिवाज और मेघालय की सोच व मान्यताओं को अपने कलेक्शन में पेश किया।

वहीं डिजाइनर गोना निजी ने अरुणाचल प्रदेश रिच कल्चर और धरोहर के रंग अपने कलेक शन में पेश किए। आखरी दिन की एक और आकर्षक प्रस्तुति एनईआईएफटी ब्लैक कलेक्शन रहा। फेस्टिवल ने दिल्ली-एनसीआर के लोगों के बीच रंगारंग सांस्कृतिक, समृद्ध धरोहर, परंपरा व इतिहास कला व संस्कृति की खास छाप छोड़ी है।



राजधानी के चाणक्यपुरी में आयोजित सेलेब्रेटिंग नार्थ-ईस्ट फेस्टिवल के फैशन में शो में डिजाइनर और मॉडल।

# गुजरात के पूर्व राज्यपाल, भाजपा नेता ओपी कोहली का निधन

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जताया शोक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

गुजरात के पूर्व राज्यपाल और दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ओपी कोहली का सोमवार को निधन हो गया। दिल्ली भाजपा ने एक बयान में यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वरिष्ठ भाजपा नेता के निधन पर शोक जताते हुए कहा कि दिल्ली भाजपा को मजबूत करने में उन्होंने प्रमुख भूमिका निभाई।

भाजपा नेताओं ने कहा कि पार्टी की दिल्ली इकाई के पूर्व अध्यक्ष कोहली पिछले दो-तीन महीने से अस्वस्थ थे और नोएडा के एक अस्पताल में उनका निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे। भाजपा नेताओं ने कहा कि कोहली का अंतिम संस्कार मंगलवार को निगम बोध घाट पर किया जाएगा।



दिल्ली भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि कोहली पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता थे जिनके नेतृत्व में पिछले कई वर्ष में हजारों नेता और कार्यकर्ता तैयार हुए।

# हरियाणा के दूसरे सीएम राव बीरेंद्र सिंह की स्मृति में डाक टिकट जारी

## केंद्रीय राज्यमंत्री राव व डाक विभाग के सचिव विनीत पांडेय ने किया डाक टिकट जारी

### उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का भेजा शुभकामना संदेश भी पढ़कर सुनाया

**संजय कुमार मेहरा।** गुरुग्राम

हरियाणा के दूसरे मुख्यमंत्री राव बीरेंद्र सिंह की स्मृति में सोमवार को डाक टिकट जारी किया गया। यहां एक समारोह में केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व भारत सरकार के डाक विभाग के सचिव विनीत पांडेय ने यह डाक टिकट जारी किया। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह राव बीरेंद्र सिंह के पुत्र हैं। इस कार्यक्रम में भारत के उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा भेजा गया शुभकामना संदेश भी पढ़कर सुनाया गया।

डीएलफ फेज थ्री स्थित एंबिएंस आइलैंड के ए-डॉट एक्सपीरियंस हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में हरियाणा के सामाजिक न्याय राज्य मंत्री ओमप्रकाश यादव, चीफ पोस्ट मास्टर हरियाणा सर्कल मीरा रंजन शेरिंग, पूर्वमंत्री राम बिलास शर्मा व आरती राव भी मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि दशकों के बाद देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्थायी व पूर्ण बहुमत वाली सरकार मिली है। ऐसे में आजादी के बाद जिन महान हस्तियों को भुला दिया गया था, उनको आजादी के अमृत काल में एक-एक कर सम्मानित किया जा रहा है।

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय राव बीरेंद्र सिंह की जयंती पर उनके सम्मान व स्मृति में जारी की गई डाक टिकट उन्ही प्रयासों का हिस्सा है। केंद्रीय मंत्री ने स्वर्गीय राव बीरेंद्र सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। राव बीरेंद्र सिंह ने अपने सम्पूर्ण जीवन में सदैव किसान, गरीब व मजदूरों के हितों के लिए काम किया। वे आजादी के बाद चुने गए पहले गैर कांग्रेसी मुख्यमंत्री थे। उन्होंने राजनैतिक महत्वाकांक्षा की तुलना में सामाजिक हितों व अपने स्वाभिमान को सदैव ऊपर रखा। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि स्वर्गीय राव बीरेंद्र सिंह का सामाजिक जीवन एक खुली किताब है। वे किसान, मजदूर व गरीबों के ऐसे सर्वमान्य नेता थे, जिन्हें लोग मसीहा की उपाधि देते हैं। उन्होंने कहा कि राव अपने सम्पूर्ण जीवन में गरीब व वंचितों के हितों की रक्षा के लिए सदैव लगनशील रहे। उन्होंने कहा कि राव बीरेंद्र सिंह ने किसानों की आवाज को हमेशा मजबूती प्रदान की थी। यह उनके किसान हितैषी निर्णयों का ही प्रभाव था कि उनके नाम से एक नारा भी प्रचलित हुआ था कि-राव आया-भाव आया। इस अवसर पर गुरुग्राम जिला परिषद की अध्यक्ष दीपाली चौधरी, रेवाड़ी नगर परिषद की अध्यक्ष पूनम यादव, रेवाड़ी जिला परिषद के अध्यक्ष मनोज यादव, गुरुग्राम की निवर्तमान मेयर मधु आजाद, पूर्व विधायक बिमला चौधरी, रेवाड़ी भाजपा के जिला अध्यक्ष हुकम सिंह यादव सहित आसपास के क्षेत्र से आए अनेक गणमान्य उपस्थित थे।



गुरुग्राम में हरियाणा के पूर्व एवं दूसरे सीएम राव बीरेंद्र सिंह की स्मृति में डाक टिकट जारी करते केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व डाक विभाग के अधिकारी।

### उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दिया शुभकामना संदेश

**पूर्व मुख्यमंत्री** स्व. राव बीरेंद्र सिंह की स्मृति में डाक टिकट जारी करने के अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता है कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्वर्गीय राव बीरेन्द्र सिंह के सम्मान में स्मारक डाक टिकट जारी किया जा रहा है। 1857 की क्रांति के महानायक, शहीद-ए-आजम राव तुलाराम के वंशज, राव बीरेन्द्र सिंह एक सिद्धांतवादी राजनेता थे जो आजीवन देश के गरीब, किसान और मजदूर वर्ग की आवाज बुलंद करते रहे। राव आया, भाव आया और राव गया, भाव गया जैसे लोकप्रिय नारे बताते हैं कि इस मिट्टी के किसान उन्हें कितना प्यार करते थे। कितना सम्मान देते थे। उप-राष्ट्रपति ने कहा कि मैं जब 1990 में केन्द्र सरकार में मंत्री था, तब स्वयं मुझे उनके साथ काम करने का सुअवसर मिला। मुझे यह कहने में जरा भी संकोच नहीं कि स्वर्गीय राव बीरेन्द्र सिंह से मुझे जीवन में बहुत प्रेरणा और मार्गदर्शन मिला। उनकी याद में जारी की गयी पोस्टेज स्टांप राव साहब के प्रति लोगों के प्रेम और सम्मान को दर्शाती हैं। मुझे इस कार्यक्रम में उपस्थित होना था, पर अपरिहार्य कारणों से संभव नहीं हो सका।

---

## हरियाणा स्टेट पेंशनर समाज अंबाला में नई कार्यकारिणी का गठन

**चंडीगढ़।** हरियाणा स्टेट पेंशनर समाज ऑल इंडिया स्टेट पेंशनर्स फेडरेशन पंजीकरण संख्या 1020 के हरियाणा राज्य अध्यक्ष देवराज नांदल की अध्यक्षता में सुभाष पार्क अंबाला छावनी में जिला अंबाला के पेंशनर्स की मीटिंग कर उसमें हरियाणा स्टेट पेंशनर समाज की जिला अंबाला की यूनिट की कार्यकारिणी का गठन किया गया ,जिसमें अंबाला से काफी संख्या में पेंशनर उपस्थित हुए. राज्य अध्यक्ष की अध्यक्षता में अंबाला यूनिट के गठन में श्री ओमप्रकाश सिंह ,पुलिस विभाग से जिला प्रधान ,वेद प्रकाश को उप प्रधान ,स्वास्थ्य विभाग से अमरनाथ को महासचिव, यशपाल राणा पुलिस विभाग से को जन सूचना अधिकारी, ओम प्रकाश शर्मा, पुलिस विभाग से सलाहकार, धर्मपाल पवार महालेखाकार हरियाणा महालेखाकार हरियाणा, को सलाहकार ,अशोक शर्मा को संयुक्त सचिव बनाया गया है मीटिंग में राज्य अध्यक्ष देशराज नांदल ने बताया कि पेंशनर्स की मांग के लिए 24 फरवरी 2023 को प्रदेश के सभी जिला उपायुक्त कार्यालय पर धरना देकर मांग पत्र दिया जाएगा

---

# गुरुग्राम विवि में वाद-विवाद प्रतियोगिता में सिमरन रही अव्वल

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में रोहित वशिष्ठ ने मारी बाजी

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**भ्रष्टाचार** से जुड़े मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने और नागरिक भागीदारी के माध्यम से सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को गुरुग्राम विवि परिसर में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में पॉवरग्रिड एवं विधि विभाग गुरुग्राम विवि, गुरुग्राम के सहभागिता से जी20 सम्मेलन भ्रष्टाचार विरोधी कार्य समूह के लिए वाद-विवाद और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में स्टेनली मैथ्यूज, मुख्य महाप्रबंधक, मानव संसाधन विकास ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।


गुरुग्राम विवि में हुई प्रतियोगिताओं में विजेता छात्रा को सम्मानित करते अतिथि।

प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और भ्रष्टाचार के नकारात्मक प्रभावों पर अपने-अपने विचार रखे। इस अवसर पर छात्रों ने क्रिएटिविटी के माध्यम से अपने हुनर का प्रदर्शन किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में सिमरन ने प्रथम, श्वेता ने दूसरा, मनीष भारद्वाज ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में रोहित वशिष्ठ ने प्रथम, सपना ने दूसरा, सुजाता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर उपस्थित अतिथियों द्वारा सभी विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने सभी विजेता छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश भ्रष्टाचार की समस्या से मुक्त हो सकता है। देश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए हम सभी एकजुट होना होगा। इस अवसर पर गुरुग्राम विवि के कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह, सीडी किशोर, विधि विभाग के डीन डॉ. राकेश योगी, डॉ. रेनू चौधरी, डॉ. सुशील शर्मा, तेजस दुबे समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# तावडू-सोहना मार्ग का नहीं शुरू हुआ निर्माण कार्य

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**सोहना** से तावडू जाने वाले मार्ग का निर्माण कराए जाने का बीएण्डआर विभाग ने हवन यज्ञ कराते हुए आधारशिला तो रखवा दी, लेकिन पांच दिन बीत जाने के बाद भी सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। सड़क किनारे बैठे दुकानदार आज भी वाहनों के आवागमन से उड़ रही धूल को खाने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

बीएण्डआर विभाग ने सोहना से तावडू जाने वाले मार्ग का नये सिरे से निर्माण कार्य शुरु कराने के लिए 28 लाख 15 हजार रुपये का ठेका छोड़ा था। जिसका 15 फरवरी को बीएण्डआर विभाग ने सोहना विधायक संजय सिंह की मौजूदगी में शहर के महाराजा अग्रसैन चौक के निकट सड़क पर हवन यज्ञ कराते हुए आधारशिला तो रखवा दी। शहर के अंबेडकर बाईपास चौक से लेकर सदर थाना क्षेत्र के बीच करीब 600 मीटर में सड़क पर बने गड्ढ़ों को रोड़ियों से भर दिया है, लेकिन सड़क को काला करने का कार्य शुरू नहीं किया है।


सोहना से तावडू जाने वाले मार्ग का अधर में लटका निर्माण कार्य।

**दुकानदार धूल खाने को मजबूर :** सड़क के दोनों तरफ बैठे करीब करीब 60 दुकानदार समेत वार्ड-13, 14 और 15 का लगता आबादी क्षेत्र के घरों में सड़क की धूल उड़कर पहुंच रही है। वार्ड-15 के निवासी गणेश का कहना है वाहनों के आवागमन से पांच दिन से सड़क पर बिछाई गई लाल बजरी की धूल पूरे घर में आ रही है।

### एसडीओ का मोबाइल बंद

**स्थानीय** बीएण्डआर विभाग के एसडीओ अजीत सिंह को रविवार और सोमवार को इस संबंध में जानकारी प्राप्त करने के लिए सम्पर्क करना चाहा, लेकिन अधिकारी को दोनों ही दिन मोबाइल स्विच ऑफ होना पाया गया। जिसके चलते सड़क निर्माण में देरी के बारे में उनका पक्ष नहीं जाना जा सका।

---

# नागरिक अस्पताल ने लगातार दूसरी बार जीता कायाकल्प का राष्ट्रीय पुरस्कार

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**स्थानीय** नागरिक अस्पताल ने लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय स्तर का कायाकल्प पुरस्कार जीता है। इसके लिए नागरिक अस्पताल के छोटे से छोटे कर्मचारी से लेकर एसएमओ तक तैनात 120 कर्मचारी व अधिकारियों को सम्मान पुरस्कार दिया जाएगा।

देश केन्द्र सरकार ने खंड स्तर पर स्थापित सब डिविजन नागरिक अस्पताल से लेकर राष्ट्रीय स्तर के अस्पतालों को हर वर्ष स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल आने पर कायाकल्प सम्मान से पुरस्कृत करने का ऐलान किया था। इस योजना को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुरू किया था। यह सम्मान राष्ट्रीय स्तर पर दिया जाता है। स्थानीय नागरिक अस्पताल ने दूसरी बार कायाकल्प का पुरस्कार जीता है। इससे पहले 2020-21 में नागरिक अस्पताल को कायाकल्प का पुरस्कार दिया था। इस वर्ष नागरिक अस्पताल के सबसे नीचे स्तर से लेकर एसएमओ के पद पर कार्यरत कर्मचारी व अधिकारी को कायाकल्प पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। वर्ष 2020-21 में तत्कालीन एसएमओ डॉक्टर नवल किशोर के नेतृत्व में दिया गया था। इस वर्ष डॉक्टर दशरथ राव के नेतृत्व में 120 कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।

> **कायाकल्प** पुरस्कार के लिए प्रत्येक वर्ष दो अक्टूबर को नागरिक अस्पतालों का स्वच्छता के नाम पर सर्वे होता है। इस बार भी स्थानीय अस्पताल ने यह पुरस्कार जीता है। बुधवार को जिला चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से पुरस्कार वितरण किए जाएंगे।
>
> **डॉ. दशरथ राव**
> **( एसएमओ नागरिक अस्पताल )**

---

# सरस्वती मंडल भाजपा की बैठक में बोधराज सीकरी ने दी राय

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**भाजपा** जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ के निर्देशानुसार भाजपा जिला गुरुग्राम के सरस्वती मंडल की कार्यकारिणी बैठक मंडल अध्यक्ष अभिषेक गुलाटी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक का संचालन मंडल महामंत्री अशोक डबास ने किया। इस बैठक में गुरुग्राम में होने वाले नगर निगम चुनाव की तैयारियों से संबंधित, बूथ सशक्तिकरण, शक्ति केंद्र प्रमुख व पन्ना प्रमुख, जी-20 सम्मेलन, मन की बात व सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा हुई। बैठक में हरियाणा प्रदेश सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बोधराज सीकरी ने सरस्वती मंडल कार्यकारिणी की बैठक में पन्ना प्रमुखों के विषय पर अपनी बात रखी। बैठक में जिला उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, प्रदेश निकाय प्रकोष्ठ के सह संयोजक अनिल यादव, प्रदेश प्रवक्ता सूरजपाल अम्मू व मीडिया प्रभारी अजीत यादव, गुरुग्राम युवा मोर्चा अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी, प्रदेश युवा मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य पंकज यादव, निवर्तमान पार्षद महेश दायमा, मनीष यादव, जिला कार्यकारिणी सदस्य अनिल यादव आदि उपस्थित रहे।



मंडल कार्यकारिणी की बैठक में बोधराज सीकरी का स्वागत करते पदाधिकारी।

---

# डोर टू डोर कूड़ा उठाने की योजना की निकली हवा ?

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**नगर** परिषद सीमा क्षेत्र में डोर टू डोर योजना हवा हवाई होकर रह गई है। बीते पांच माह से डोर टू डोर कूड़ा उठाने की योजना पुराने ही ढर्रे पर ही चल रही है। जिसके कारण योजना पूर्ण रूप से फेल होकर रह गई है। अधिकारीगण एक दूसरे पर पल्लू झाड़ कर अपना बचाव करने में लगे हैं। जबकि असलियत इससे परे है।

मालूम रहे कि नगर परिषद ने घरों व दुकानों से कूड़ा उठाने के लिए डोर टू डोर योजना को आज से करीब पांच माह पहले हरी झंडी दी थी। यह ठेका पूजा कॉन्सुलेशन एजेंसी को योजना को दिया था, लेकिन इस बार नगर परिषद ने अपने ठेका के नियमों परिवर्तन करते हुए शर्त के अनुसार ठेका दिया था। जिसमें पूजा कॉन्सुलेशन एजेंसी ने 30 रिक्शे, 18 टिप्पर, 5 ट्रैक्टर, 2 जेसीबी, 81 कर्मचारी, स्कैनर, कॉल सेंटर आदि देना तय किया था। इसके अलावा एजेंसी ने कूड़ा उठाने व ले जाने की भी जिम्मेदारी ली थी। जिसके लिए परिषद को 2 करोड़ 92 लाख रुपये की राशि का भुगतान करना था। एजेंसी पांच माह से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी नये नियमों को लागू नहीं पाई है।


सोहना के बाजार में लगा कूड़े का एक ढेर।

**अफसरों के मौन पर उठ रहे हैं सवाल:** डोर टू डोर योजना मामले में परिषद के अधिकारियों व एजेंसी मालिक पर सवालियां निशान लग रहे है। परिषद अधिकारी पांच माह बीत जाने के बाद भी नये नियमों को लागू क्यों नहीं करा पाए। एजेंसी मालिक शर्त के अनुसार कार्य क्यों नहीं कर रहा है। यहां पर अधिकारियों और एजेसी मालिक की कार्यप्राणी पर सवालियां निशान लग रहे हैं।

**हाई टेक्नोलॉजी बनी दिखावा:** नगर परिषद ने नगर परिषद सीमा क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों शहर को गंदगी मुक्त और प्रदूषण रहित शहर बनाने का नगर सीमा क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों को सपने दिखाए थे। ये सपने आज हवा-हवाई बनकर रह गए हैं। कूड़ा उठाने के दौरान गिला व सूखा कूड़ा अलग-अलग उठाने से लेकर नियमित सफाई होने के लिए एजेंसी के सामने शर्तें रखी थी।

---

# इंडिया एक्स्पो मार्ट ने इलेक्ट्रिकल प्रदर्शनी इलेक्रामा-23 में ऊर्जा क्षेत्र से संबंधित विभिन्न नवीन तकनीकों का किया प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** सरकार के विद्युत मंत्रालय ने इंडिया एक्स्पो मार्ट, ग्रेटर नोएडा में अपने तरह की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिकल प्रदर्शनी इलेक्रामा 2023 में प्रतिभागिता की और ऊर्जा क्षेत्र से संबंधित विभिन्न नवीन तकनीकों का प्रदर्शन किया। भारत सरकार के केंद्रीय विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह द्वारा आरईसी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक विवेक कुमार देवांगन और आरईसी के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में पावर पवेलियन का उद्घाटन किया गया।



**पावर पवेलियन री-इमैजिनिंग द फ्यूचर:** मेटामॉर्फोसिस ऑफ द पावर सेक्टर इन इंडिया की थीम पर केंद्रित है। भारत में विद्युत क्षेत्र के बदलाव को प्रदर्शित करने के लिए इसे एक तितली के प्रतीक रूप में डिजाइन किया गया है। उद्बोधन में आरईसी के सीएमडी विवेक कुमार देवांगन ने इस आयोजन के लिए इलेक्रामा के आयोजकों को बधाई दी। पूरे विद्युत क्षेत्र के वैल्यू चेन में सभी हितधारकों और विनिर्माताओं को एक साझा मंच प्रदान किया गया है।

---

# जी-20 शिखर सम्मेलन के प्रतिभागियों का हरियाणवीं अंदाज में होगा स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने अधिकारियों को जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों के संबंध में की गई कार्रवाई की रिपोर्ट तीन दिन के भीतर मुख्य सचिव कार्यालय भेजने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने चंडीगढ़ मुख्यालय से वीडियो कांफ्रेंसिंग से गुरुग्राम में जी-20 शिखर सम्मेलन के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन की शुरुआत योग सत्र से होगी। योग सत्रों के लिए कुशल योग प्रशिक्षकों को लगाया गया है।

बैठक में बताया गया कि योग सत्र में योग मैट और अन्य जरूरी सामान की सभी व्यवस्थाएं आयुष विभाग द्वारा की जाएंगी।

बैठक में बताया गया कि आईजीआई एयरपोर्ट, नई दिल्ली पहुंचने पर प्रतिनिधियों का हरियाणा विलेज सीन्स परफॉर्मेंस के साथ स्वागत होगा। हरियाणा आने वाले रास्तों पर प्रतिनिधि हरियाणवीं लोक नृत्य और संस्कृति के जीवंत प्रदर्शन का आनंद उठा सकेंगे।

---

## विवाहिता बेटा संग संदिग्ध हालात में लापता

**सोहना।** शहर के पलवल मार्ग पर बना शनि मंदिर के बाहर से विवाहिता बेटे के संग संदिग्ध हालात में लापता हो गई। पति की शिकायत पर शहर थाना पुलिस ने लापता हुई विवाहिता का मामला दर्ज कर लिया है।

गांव लाखूवास निवासी कमल ने पुलिस को बताया कि शनिवार को वह अपने गांव से पलवल मार्ग पर दुर्गा कॉलोनी में बना शनि मंदिर पर पूजा अर्चना करने के लिए आया था। वह अपने साथ पत्नी नेहा, हीना व बेटा चित्रांश को भी लेकर आया था। मंदिर के बाहर पहुंचने पर पत्नी ने अपनी तबियत खराब होने की बात कही। वह बेटा को लेकर बाहर ही रुक गई। वह मंदिर में से पूजा करके बाहर आया तो उसकी पत्नी व बेटा लापता थे।

---

# नागरिक अस्पताल ने लगातार दूसरी बार जीता कायाकल्प का राष्ट्रीय पुरस्कार

### पुरस्कार योजना को शुरू किया था देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**स्थानीय** नागरिक अस्पताल ने लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय स्तर का कायाकल्प पुरस्कार जीता है। इसके लिए नागरिक अस्पताल के छोटे से छोटे कर्मचारी से लेकर एसएमओ तक तैनात 120 कर्मचारी व अधिकारियों को सम्मान पुरस्कार दिया जाएगा।

देश केन्द्र सरकार ने खंड स्तर पर स्थापित सब डिविजन नागरिक अस्पताल से लेकर राष्ट्रीय स्तर के अस्पतालों को हर वर्ष स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल आने पर कायाकल्प सम्मान से पुरस्कृत करने का ऐलान किया था। इस योजना को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुरू किया था। यह सम्मान राष्ट्रीय स्तर पर दिया जाता है। स्थानीय नागरिक अस्पताल ने दूसरी बार कायाकल्प का पुरस्कार जीता है। इससे पहले 2020-21 में नागरिक अस्पताल को कायाकल्प का पुरस्कार दिया था। इस वर्ष नागरिक अस्पताल के सबसे नीचे स्तर से लेकर एसएमओ के पद पर कार्यरत कर्मचारी व अधिकारी को कायाकल्प पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। वर्ष 2020-21 में तत्कालीन एसएमओ डॉक्टर नवल किशोर के नेतृत्व में दिया गया था। इस वर्ष डॉक्टर दशरथ राव के नेतृत्व में 120 कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।


सोहना नागरिक अस्पताल परिसर में बना एसएमओ का कार्यालय।

> **कायाकल्प** पुरस्कार के लिए प्रत्येक वर्ष दो अक्टूबर को नागरिक अस्पतालों का स्वच्छता के नाम पर सर्वे होता है। इस बार भी स्थानीय अस्पताल ने यह पुरस्कार जीता है। बुधवार को जिला चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से पुरस्कार वितरण किए जाएंगे।
>
> **डॉ. दशरथ राव**
> **( एसएमओ नागरिक अस्पताल )**

---

# ग्रामीण परिवेश में जन संचार के साथ डिजीटल मीडिया का करें प्रयोग : निशांत यादव

## लोकशैली से पहुंचाएं शासन-प्रशासन की जनहितकारी नीतियों को आमजन तक

**प्रवीन शर्मा।** गुरुग्राम

सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग जिम्मेदारी के साथ शासन-प्रशासन की जनहितकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में सक्रिय है। ऐसे में लोक विधा के माध्यम से भजन पार्टी कलाकार सरकार की नीतियों का प्रचार प्रभावी रूप से करें। यह बात जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की चार दिवसीय वर्कशॉप के उद्घाटन अवसर पर कही।

कार्यशाला के पहले दिन प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई नई नीतियों पर नए गीत लिखने, नए गीतों की धुनों को तैयार करने व प्रचार अमला कैसे और प्रभावी हो, इस पर फोकस किया गया। डीसी निशांत कुमार यादव ने विभाग के संयुक्त निदेशक एनसीआर रणबीर सिंह सांगवान, डीआईपीआरओ बिजेंद्र कुमार व डीआईपीआरओ रेवाड़ी दिनेश कुमार के साथ दीप प्रज्ज्वलित करके विधिवत रुप से गुरुग्राम, फरीदाबाद व रोहतक मंडल के भजन पार्टी कलाकारों एवं खंड प्रचार कार्यकर्ताओं की कार्यशाला का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस दौरान मंच पर पूर्व एसडीओ राजबीर भारद्वाज भी मौजूद रहे।


प्रचार कार्यकर्ताओं की चार दिवसीय कार्यशाला का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते हुए डीसी निशांत कुमार यादव।

वर्कशॉप के उद्घाटन अवसर पर डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि लोक गीत और संगीत को आमजन तक पहुंचाने के लिए ग्रामीण परिवेश में कार्यक्रम करने के साथ ही विभागीय लोक कलाकारों को डिजीटल मीडिया के मंच का अधिक से अधिक प्रयोग करने की जरूरत है। इस मंच के माध्यम से लोक कलाकार अपने गीत-संगीत के माध्यम से सरकार की योजनाओं व जिला प्रशासन की गतिविधियों को चंद सेकेंडों में ही दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचा सकते हैं।

डीसी ने कहा कि भले ही आधुनिकता के साथ आज संचार के साधनों में बड़े बदलाव आए हैं लेकिन हरियाणवी संस्कृति में आपकी प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि किसी भी योजना के लक्ष्यों की पूर्ति में प्रचार अमले का महत्वपूर्ण स्थान होता है। पोलियो मुक्त भारत व स्वच्छ भारत अभियान का सफल होना इसका जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में प्रचार अमले का प्रमुख स्थान है। ऐसे में विभाग को प्रचार अमले की पार्टियों को सदैव अपडेटे रहना होगा।

वर्कशाप में विभाग के संयुक्त निदेशक रणबीर सिंह सांगवान ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विभागीय कार्यशाला के माध्यम से नए गीत व नई धुन बनाने तथा सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने, कलाकारों को अपडेट करने का कार्य किया जाएगा। डीआईपीआरओ गुरुग्राम बिजेन्द्र ने कहा कि लोक कलाकारों को फील्ड में जाते समय निर्धारित वेशभूषा को धारण करना होगा। जब कलाकारों का लुकआउट एक अच्छी ड्रेस में होगा तो दूर से भी कलाकार की पहचान सहजता से हो सकेगी। यह कलाकार सरकार की इमेज है, इसलिए इसको बरकरार रखने की जिम्मेदारी भी लोक कलाकारों की है।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 21 फरवरी, 2023



# एनीमिया मुक्त जिला बनाने को चलाया जा रहा अभियान

### सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केन्द्रों पर लगे जांच व जागरूकता शिविर : डॉ. रचना

कविता। फरीदाबाद

**एनीमिया** मुक्त भारत प्रोग्राम 20 से 28 फरवरी तक हरियाणा में चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले को एनीमिया मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग जागरुकता और जांच अभियान चला रहा है। इस दौरान बच्चों और गर्भवती महिलाओं की एनीमिया जांच की जा रही है। उन्हें एनीमिया से बचाव के उपायों की जानकारी दी जा रही है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए जगह-जगह एनिमिया जांच शिविर लगाए जा रहे हैं। बीके अस्पताल की ओपीडी में भी बच्चों, महिलाओं व गर्भवतियों और मरीजों की जांच की गई। अस्पताल के नोडल अधिकारी डॉ. योगेश गुप्ता ने बताया कि पहले दिन करीब 100 लोगों की जांच की गई। जांच रिपोर्ट आने के बाद उनकी दवाईयां शुरू करवाई जाएगी। जिला इम्युनाईजेशन अधिकारी डॉ. रचना ने बताया कि जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों में भी जांच और जागरूकता शिविर लगाए गए हैं।


एनिमिया की जांच करती बुजुर्ग महिला

**दे ध्यान :** बीके सिविल अस्पताल के नोडल अधिकारी डॉ. योगेश गुप्ता ने बताया कि महिलाएं दिन भर पूरे परिवार की जिम्मेदारी संभालती है। अपने पूरे परिवार की देखभाल स्वयं करती है। लेकिन परिवार की देखभाल में वह स्वयं की देखभाल करना भूल जाती है। इस वजह से ही वह अपने शरीर को पूरे दिन में दिए जाने वाले पोषक तत्वों को भी नहीं दे पाती है। महिलाओं के शरीर में इन पोषक तत्वों की कमी के कारण ही उनके शरीर में एनीमिया की बीमारी घर कर जाती है। एनीमिया महिलाओं के साथ-साथ किसी को भी अपनी चपेट में ले लेता है। इससे बचाव के लिए खानपान पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

**जीरो फिगर:** डॉ. गुप्ता ने बताया कि एनीमिया की बीमारी महिलाओं मे इसलिए भी अधिक पाई जाती है, क्योकि आजकल लड़कियां जीरो फिगर के कारण खान पान पर उचित ध्यान नहीं दे रही हैं। जिसके कारण उनका पोषण अपर्याप्त रहता है। जिस कारण लड़कियों मे खून की कमी से कुपोषण के कारण पहले से ही रहती है। यह कमी गर्भावस्था और प्रसव के समय के बीच अपनी चरम सीमा पर पहुंच जाती है। इस कारण यह बीमारी महिलाओं मे अधिक पाई जाती है।

**अन्य कई कारण:** डॉ. रचना ने बताया कि एनीमिया होने के कई कारण हो सकते है। ज्यादा खून बहना, आरबीसी का बहुत ज्यादा नष्ट होना या इसका न बनना प्रमुख कारण है। आयरन से भरपूर भोजन न करना या शरीर में आयरन का ठीक अवशोषण न होने की वजह से एनीमिया की समस्या बढ़ जाती है।

## केक काटकर और कबूतरों को उड़ाकर लोगों ने दी शुभकामनाएं

**फरीदाबाद।** जननायक जनता पार्टी के प्रदेश महासचिव दिग्विजय चौटाला का जन्मदिवस फरीदाबाद में जजपा जिलाध्यक्ष राजेश भाटिया के संयोजन में तिकोना पार्क स्थित ब्यापार मंडल फरीदाबाद में धूमधाम के साथ मनाया। इस दौरान जहां जजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं सहित गणमान्य लोगों ने केक काटा, वहीं कबूतरों को आसमान में उड़ाते हुए उनकी दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए राजेश भाटिया ने कहा कि, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और दिग्विजय चौटाला दोनों भाईयों ने हरियाणा की राजनीति को नई दिशा देने का काम किया है, यह दोनों युवा न केवल हरियाणा बल्कि देश के युवाओं के लिए आईकन बनकर उभरे है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रबंधन विभाग ने मनाया विश्व सामाजिक न्याय दिवस



अंतर-संकाय भाषण प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थी

**फरीदाबाद।** प्रबंधन विभाग, अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ ने विश्व सामाजिक न्याय दिवस मनाने के लिए सामाजिक न्याय समाज को बेहतर बनाता है और असमानताओं को कम करता है विषय पर एक अंतर-संकाय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के गतिशील नेतृत्व में महाविद्यालय इस तरह की गतिविधियों का संचालन करता रहता है। प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. संजीव गुप्ता, विंग 3 के संरक्षण में किया गया था। प्रबंधन विभाग की डीन डॉ. शिल्पा गोयल कार्यक्रम की संयोजक थीं और उन्होंने पूरे सत्र का समन्वय किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदाको पुष्पांजलि अर्पित कर मुख्य अतिथि को पौधे भेंट कर की गई। विभाग की डीन डॉ. शिल्पा गोयल ने स्वागत भाषण दिया। डॉ. संजीव, इंचार्ज विंग 3, ने अपने भाषण में छात्रों को शिक्षा के प्रति ईमानदार और मेहनती बनने और जीवन के सभी क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने के लिए सभी पाठ्यचर्या गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सामाजिक न्याय के लिए बाधाओं पर काबू पाने और अवसरों को खोलने के बारे में भी बात की। सभी प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह और पूर्णता के साथ भाषण दिए। सुजाता, बीए 2 ने पहला पुरस्कार जीता, हिमिका, बी.कॉम (सीए) अंतिम वर्ष दूसरे स्थान पर रही जबकि निशा, बीए प्रथम वर्ष ने तीसरा स्थान हासिल किया। वाणिज्य विभाग की अनीता और गणित विभाग की नीलम प्रतियोगिता के निर्णायक थे। प्रभारी डॉ. संजीव गुप्ता, डॉ. प्रवीण गुप्ता, एच ओ डी, वाणिज्य विभाग, उषा चौधरी, एच ओ डी, अर्थशास्त्र, डॉ. रेणु माहेश्वरी, एच ओ डी, हिंदी विभाग, डॉ. सचिन गर्ग, डीन, कंप्यूटर साइंस विभाग और डॉ. शिल्पा गोयल, डीन, प्रबंधन विभाग ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए। प्रतियोगिता में विभिन्न संकायों के कुल 23 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मंच का संचालन बी बी ए के छात्रों काजल और तन्मय ने किया। सत्र का समापन दीपमाला चौहान के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। शिल्पी गुप्ता, प्रियम गुप्ता, प्रसून शर्मा और उपासना गेरा सहित प्रबंधन विभाग के सभी संकाय सदस्यों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

### पाली के पहाड़ में नहीं बनेगा कचरा घरः भड़ाना


केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और डीसी से मिलते आप नेता और ग्रामीण

**फरीदाबाद।** गांव पाली में बनाए जाने वाले कूड़ा घर को रोकने के लिए सोमवार को आसपास के सैकड़ों गांवों के लोग धर्मवीर भड़ाना के नेतृत्व में केंद्रीय राज्यमंत्री से जिला सचिवालय, सेक्टर 12 में मिले और पाली गांव में बनी रहे कूड़ा घर को वहां न बनाए जाने की मांग की। कृष्णपाल गुर्जर ने पाली, मोहबताबाद, पाखल, पावटा, धौज़, कोट, मांगर, खेड़ी गुजरान, नगला देवपुर, गाजीपुर, बाजडी, भाखरी, नवादा, दुर्गा कॉलोनी, जवाहर कॉलोनी, पर्वतीय कॉलोनी, गौछी, सरूरपुर, प्रतापगढ़ सहित सैकड़ों गांव के लोगों को आश्वाशन दिया कि उनकी मांग मानी जायेगी और पाली गांव में कूड़ाघर नही बनाया जायेगा। केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर सभी ग्रामीणों को लेकर जिला उपायुक्त विक्रम यादव से मिले और कचरा घर कहीं और बनाए जाने की बात की। जिला उपायुक्त ने केंद्रीय राज्यमंत्री की बात पर सहमति प्रकट करते हुए कहा कि ग्रामीणों की मांग पर विचार किया जाएगा और कूड़ाघर के लिए कही अन्य जगह निर्धारित की जायेगी। इसको लेकर जल्द ही निगम कमिश्नर के साथ मिलकर बैठक का आयोजन किया जाएगा। आए हुए सभी ग्रामीणों ने पाली गांव में कूड़ाघर को रुकवाने के लिए धन्यवाद किया और कहा कि केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के प्रयासों से गांव पाली में लगने वाला कूड़ाघर हट जायेगा और इससे बड़े स्तर पर लोगों को राहत मिलेगी।

### 60 इकाईयों को निगम कर्मचारियों ने किया सील

**फरीदाबाद।** निगमायुक्त जितेंद्र कुमार के निर्देश पर नगर निगम फरीदाबाद द्वारा सीलिंग ड्राइव चलाई गई। जिसके तहत दिनांक 20.02.2023 को 60 इकाईयों को सील किया गया जिसकें अर्न्तगत ओल्ड फरीदाबाद जोन-1 में 23 इकाईयों को सील किया गया जिन पर करीब 83.03 लाख रूपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है, ओल्ड फरीदाबाद जोन-2 में 22 इकाईयों को सील किया गया जिन पर करीब 73.12 लाख रूपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है, बल्लभगढ़ जोन- 1 में 10 इकाईयों को सील किया जिन पर करीब 8.27 लाख रूपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है, बल्लभगढ़ जोन- 2 में 05 इकाईयों को सील किया जिन पर करीब 4.66 लाख रूपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है जिनमें से 1 इकाई ने 01 लाख रुपये प्रोपर्टी टैक्स मौके पर ही जमा करा दिया है।


इकाईयों को सील करती निगम की टीम

# अमृता अस्पताल में डॉक्टरों ने किया छह दिन की बच्ची का सफल डायलिसिस

### नवजात शिशु में है डायलिसिस की आवश्यकता वाली गंभीर एक्यूट गुर्दे की क्षति अत्यंत दुर्लभ बीमारी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बिना** पिता की 6 दिन की एक बच्ची, जिसका वजन 1.34 किग्रा था, जन्म से ही पेशाब नहीं कर रही थी। जब बच्ची गर्भ में थी तभी उसने अपने पिता की मौत डेंगू के कारण हो गई थी। गर्भवती मां ने दो बच्चियों को तीन मिनट के भीतर जन्म दिया। लेकिन बड़ी बेटी को पेशाब न होने की समस्या सामने आ गई। दिल्ली निवासी उसकी परेशान मां उसे फरीदाबाद के अमृता अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने जांच कर उसके गुर्दे की गंभीर क्षति का पता लगाया, जिसे एक्यूट रीनल फेल्योर भी कहा जाता है। बच्चे को बचाने के लिए, उन्होंने एक डायलिसिस करने का फैसला किया जो शायद ही कभी नवजात शिशुओं के लिए की जाती है। इस विषय में अमृता अस्पताल के नियोनेटोलॉजी विभाग के कंसलटेंट डॉ. हेमंत शर्मा ने एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा, एनआईसीयू में छोटे बच्चों में गुर्दे की गंभीर क्षति आम है, जिनमें से लगभग 10-20 प्रतिशत इससे पीड़ित हैं। हालांकि, गंभीर एक्यूट गुर्दे की क्षति, जिसके लिए डायलिसिस की आवश्यकता होती है, अत्यंत दुर्लभ है। इतने छोटे बच्चों का डायलिसिस शायद ही दुनिया में कहीं होता है और सफलता की दर बेहद कम है। डॉक्टरों ने बच्ची का पेरिटोनियल डायलिसिस किया। फरीदाबाद के अमृता अस्पताल के नेफ्रोलॉजी विभाग की प्रमुख डॉ. उर्मिला आनंद ने कहा, किडनी शरीर से अपशिष्ट को निकालने के लिए आवश्यक हैं। हालांकि, अगर किडनी किसी कारण से कार्य करना बंद कर देती हैं, जैसे कि प्रसवपूर्व क्षति, रक्त का अपशिष्ट से भर जाना आदि। यह बच्चे के खाने की क्षमता में बाधा डालता है और शरीर में सुस्ती, रक्तस्राव और सूजन का कारण बनता है। यह मस्तिष्क, हृदय और फेफड़ों जैसे अन्य अंगों को भी प्रभावित कर सकता है।


अमृता अस्पताल के चिकित्सकों की टीम संग बच्चियों को गोद में लेकर मां, मामी और मामा।

#### खुश हैं मां और परिजन

**बच्चियों** को मां ममतेश, मामा मुकेश कुमार और मामी बबीता ने बताया कि बच्ची के पिता की मौत के बाद बच्चियां ही उनका सहारा है। बच्ची की मां ने कहा, वह मेरे लिए एक बहुत ही अनमोल बच्चे हैं, क्योंकि जब मैं गर्भवती थी तब डेंगू के कारण मैंने अपने पति को खो दिया था। जब मुझे पता चला कि मेरी बेटी के साथ कुछ परेशानी है, मैं पूरी तरह से टूट चुकी थी, क्योंकि वह अपने जन्म के दिन से पेशाब नहीं कर रही थी। मैं अमृता अस्पताल के डॉक्टरों को दिल से धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने मेरे नवजात बच्चे पर इस कठिन प्रक्रिया को किया और उसकी जान बचाई। इस दौरान उन्होंने अपने मायके और ससुराल पक्ष दोनो का भी धन्यवाद किया, कि उनका पूरा सहयोग किया।




## पिस्तौल के दम पर कपड़ा व्यापारी से 25 हजार रुपये लूटे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**रविवार** की रात को बदमाशों ने एनआईटी एक नंबर बाजार में एक कपड़ा व्यापारी से 25 हजार रुपये लूट लिए। बाईक सवार बदमाश रविवार की रात को करीब 9:30 बजे शो-रूम में घुसे और व्यापारी पर पिस्तौल तान दी। बदमाशों` पिस्तौल दिखाकर डरा दिया और गल्ले से पैसे लूटकर फरार हो गए। बदमाशों की करतूत शो-रूम में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सूचना पाकर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पंहुच गई।

**यह है पूरा मामला :** एनएच-एक बाजार में कपड़े का शोरूम चलाने वाले जितेन्द्र ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया वह इंद्रा नगर में परिवार के साथ रहते हैं। रविवार रात करीब साढे नौ बजे वह और आशुतोष शो-रूम में बैठे थे। ग्राहक नहीं होने के कारण वह घर जाने के बारे में बात कर रहे थे। इसी दौरान दो युवक हाथ में पिस्तौल लेकर शोरूम में घुस आए। दोनो ने चेहरे रूमाल से ढक रखे थे। आरोपियों ने शो-रूम में घुसते ही दोनों के उपर पिस्तौल तान दी।

आरोपी गल्ले से सारे पैसे निकालकर देने को कहने लगे। लेकिन वह उनकी बात और पिस्तौल देखकर डर गए। जिस पर आरोपियों ने स्वयं ही गल्ला खोलकर करीब 25 हजार रुपये निकाले और मौके से फरार हो गए। बदमाशों के जाने के बाद संचालकों ने डायल-112 पर मामले की सूचना दी। थाना कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## महाराष्ट्र मित्र मंडल ने मनाई छत्रपति शिवाजी जयंती


मंडल के कार्यकर्ता जय भवानी जय शिवाजी जय घोष लगाते हुए।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

महाराष्ट्र मित्र मंडल द्वारा गांधी कॉलोनी स्थित कार्यलय में छत्रपति शिवाजी जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम जय भवानी जय शिवाजी के जयघोष के साथ शुरू हुआ। मंडल के संरक्षक सुधाकर पांचाल ने शिवाजी की प्रतिमा पर फूलो से बना हार अर्पित किया एवं कार्यक्रम में आए सभी कार्यकर्ताओ को शिवाजी के जीवन से प्रेरणा लेने की सीख दी। उन्होंने छत्रपति शिवाजी के बारे में बताते हुए कहा की छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी 1627 को मराठा परिवार में शिवनेरी (महाराष्ट्र) में हुआ था। शिवाजी के पिता का नाम शाहजी एवं माता का नाम जीजाबाई था। शिवाजी महाराज एक भारतीय शासक थे, जिन्होंने मराठा साम्राज्य खड़ा किया था। इस मौके पर मंडल के संरक्षक सुधाकर पांचाल एवं लक्ष्मण पांचाल को भगवा रंग का फेटा पहना कर समान्नित भी किया। कार्यक्रम में सुरेश में सत्री, राजेन्द्र पांचाल, सुधाकर पांचाल, लक्ष्मण पांचाल, विलास पांचाल, रविन्द्र पांचाल, रोहित, तेजस, गायत्री, निशा, तनवी एवं मंडल के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कुकरेजा मंदिर के रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**फरीदाबाद।** जिला रजिस्ट्रार ऑफ सोसाइटीज फरीदाबाद ने सनातन धर्म सभा द्वारा संचालित श्रीतत्कालेश्वर शिव मंदिर मार्किट नंबर-5 एनआईटी फरीदाबाद के महासचिव बंसीलाल कुकरेजा द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए योगेश कौशिक मुख्य लेखाधिकारी (पूर्व) वित्त विभाग हरियाणा को सनातन धर्म सभा द्वारा संचालित श्रीतत्कालेश्वर शिव मंदिर मार्किट नंबर-5 एनआईटी फरीदाबाद में रिर्टनिंग अधिकारी नियुक्त किया है। बंसीलाल कुकरेजा ने कहा कि स्टेट रजिस्ट्रार ऑफ सोसाइटीज का निर्णय स्वागत योगय है जिसका सभी को सम्मान करना चाहिए। उन्होनें कहा कि संस्थान के पदाधिकारियों ने 7/11/2021 एक एडहॉक कमेटी बनाकर बिना रिर्टनिंग अधिकारी के चुनाव कराए जोकि गैरकानूनी थे। जिसके बाद उन्होनें याचिका लगाई थी कि गैरकानूनी तरीके से बनाई गई कार्यकारिणी भंग कर एक प्रशासक नियुक्त किया जाए जिसकी देखरेख में स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से दोबारा चुनाव कराए जाएं।

## मॉल में स्थित स्पा सेंटरों पर छापा, दो किशोरी और सात युवती बरामद

### चाइल्ड वेलफेयर, चाइल्ड हेल्पलाइन और पुलिस की संयुक्त टीम ने मारा छापा

राजेश दास। फरीदाबाद

सेक्टर 12 स्थित एल्डीगो मॉल में स्थित स्पा सेंटरों में सोमवार की दोपहर को चाइल्ड वेलफेयर कमेटी, चाइल्ड हेल्पलाइन और पुलिस ने संयुक्त रूप से छापा मारकर जांच पड़ताल की। सभी सेंटरों की जांच पड़ताल की जांच के दौरान दो स्पा सेंटरों पर संदेहास्पद स्थिति पाई गई। दोनों स्पा सेंटरों से दो किशोरियां और सात युवतियां बरामद की गई है। केस दर्ज करने के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन ने पुलिस को शिकायत दी है।

जानकारी के मुताबिक चाइल्ड हेल्पलाइन की कॉर्डिनेटर सुनीता और चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के सदस्य सुनील को सूचना मिली थी कि सेक्टर 12 स्थित एल्डीगो मॉल में चल रहे स्पा सेंटरों की आड़ में अवैध गतिविधियां चलाई जा रही है।


स्पा सेंटर से युवतियों को ले जाते पुलिस कर्मी।

जहां पर छोटी बच्चियों से भी काम करवाया जा रहा है। मामला संज्ञान में आते ही उन्होंने थाना सेंट्रल को इसकी सूचना दी। जिसके बाद चाइल्ड हेल्पलाइ, चाइल्ड वेलफेयर कमेटी ने पुलिस के साथ मॉल में चल रहे स्पा सेंटरों पर छापा मारकर जांच शुरू कर दी। इस दौरान दो स्पा सेंटरों में काम कर रही नौ लड़कियों को थाना सेंट्रल लाया गया। इनमें से दो लड़कियां नाबालिग पाई गई है। सात युवतियों को वन स्टॉप सेंटर और दोनों किशोरियों चाइल्ड वेलफेयर के शेल्टर में भेजा गया है। मंगलवार को इनके बयान करवाए जाएंगे।

# बच्ची को न्याय दिलाने के लिए सौंपा स्मरण पत्र

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर**-24 स्थित आजाद नगर में गत 11 अगस्त 2022 की शाम को एक 11 वर्ष की मजदूर परिवार की बच्ची की अज्ञात लोगों द्वारा वीभत्स तरीके से दुष्कर्म कर हत्या कर दी गई। इस मामले में संबंधित थाना मुजेसर, सेक्टर-24 में रिपोर्ट दर्ज हुए लगभग छह माह बीतने के बाद भी अभी तक इस दुष्कर्म हत्या हत्याकांड के दोषी गिरफ्तार नही हुए हैं। इस मामले को लेकर शहर के तमाम संगठनों ने मिलकर प्रदर्शन भी किया। विधायक और मंत्री से भी मिले, प्रशासन के आला अधिकारियों से भी मिले। इस के बावजूद अभी तक इस मामले में कोई प्रगति नही हुई है। ना तो दोषी पकड़े गये हैं ना ही पीड़ित परिवार को कोई मुआवजा ही मिला है। इस बस्ती में सार्वजनिक शौचालय ना होने के कारण बच्ची शाम के समय रेलवे लाइन पर शौच के लिये गई थी। वहीं पर यह बर्बर काण्ड हुआ था। यहां की जनता ने पुराने सार्वजनिक शौचालय की मरम्मत कर उसे चालू करने की मांग भी उठाई थी। वह भी अभी तक प्रशासन के द्वारा चालू नही किया गया है। और बच्चियां व महिलाऐं शौच लिए रेलवे लाईन पर जाने को विवश है। जिस कारण बच्चियों व महिलाओं के साथ ऐसी घटनाओं की सम्भावना लगातार बनी हुई है। इस क्षेत्र में तमाम तरह के नशे का कारोबार होता है, इससे बस्ती के किशोर तक नशाखोर बन गये है, इस पर भी अभी तक रोक नहीं लगी है। ऐसे में क्षेत्र की जनता व समाजिक संगठनों का इस मामले में पुलिस की जांच प्रणाली पर से भरोसा टूट रहा है। पुलिस 6 माह बाद भी इस मामले को सुलझा नहीं पाई है।

पीड़ित परिवार एवं आजाद नगर संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों द्वारा पुलिस कमिश्नर से मिलकर उन्हें 12 फरवरी को सौंपे गए ज्ञापन के संबंध में स्मरण पत्र सौंपा और जानकारी मांगी। जिसमें निश्चित समय तय कर अपराधियों को गिरफ्तार किया जाए या घटना की सी.बी.आई. से जांच करवाई जाए। पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए। बस्ती में सार्वजनिक शौचालय को तत्काल प्रभाव से चालू करवाया जाए। पीड़ित परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलवाने का प्रबंध किया जाए। जिस पर सी.पी. द्वारा यह बताया गया कि यह मामला क्राइम ब्रांच को सौंप दिया गया है। दूसरा इस संबंध में उचित कार्यवाही की जा रही है। आजाद नगर बस्ती में शौचालय की व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों से सी.पी. महोदय द्वारा बात की गई और पीड़िता की मां को उचित मुआवजा और आवास की सुविधा मिले इसके के लिए भी संबंधित अधिकारियों से सी.पी. द्वारा बात की गई।



कमिश्नर दफ्तर पर स्मरण पत्र लेकर पहुंचे लोग।

# जेसी बोस में चल रहा यूथ रेडक्रॉस विद्यार्थी प्रशिक्षण शिविर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिला** उपायुक्त एवं प्रधान जिला रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद सचिव विजेंद्र सौरोत के नेतृत्व में जिला स्तरीय यूथ रेडक्रॉस विद्यार्थी का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शिक्षा विभाग के सहयोग से 20 से 28 फरवरी तक जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए के प्रांगण में किया जा रहा है। जिसमें 20 कॉलेज से 80 विद्यार्थी व 20 जूनियर रेडक्रॉस काउंसलर द्वारा भाग लिया गया। शिविर का उद्घाटन भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ से महासचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल द्वारा रेडक्रॉस झंडा फहराते हुए एवं मां सरस्वती के दीप प्रज्वलित करते हुए किया। उन्होंने बताया कि किसी भी देश का भविष्य युवाओं के हाथों में होता है जिस देश का युवा जागृत एवं शक्तिशाली होगा वह देश तरक्की करेगा रेडक्रॉस सोसाइटी एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है जो स्वास्थ्य सेवा मित्रता के साथ-साथ मानवता भेदभाव रहित स्वतंत्र निष्पक्षता तटस्थता एकता स्वैच्छिक सेवा भाव से तत्पर आमजन के भाव जागरूकता के भाव जगाती हैं। इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव बिजेन्द्र सोरोत ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया बिजेंदर सोरोत के द्वारा रेड क्रॉस के बारे में बताया कि रेडक्रॉस एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है जिसकी स्थापना सन 1863 ईस्वी में सर जॉन हेनरी ड्यूनैंट द्वारा की गई जिसने 1901 में प्रथम नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।


कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथिगण, संग में रेडक्रॉस सचिव बिजेन्द्र सौरोत।

# विपक्षी एकता
## नीतीश की रणनीति

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को एक बयान दिया जो राजनीतिक स्थिति का आंकलन करने के बजाय उनकी इच्छा प्रकट करता है। हालांकि, इसके पीछे नीतीश की रणनीति छिपी है। उन्होंने कहा कि यदि विपक्ष एकजुट हो जाए तो 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा 100 सीटों का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाएगी। लेकिन उनके बयान में 'यदि' बहुत महत्वपूर्ण शब्द है और सारा दारोमदार इसी पर टिका है। उनका विपक्ष से अर्थ कांग्रेस तथा कुछ छोटी क्षेत्रीय पार्टियों से है। लेकिन इनमें से कोई भी अत्यधिक शक्तिशाली भारतीय जनता पार्टी-भाजपा को अपने दम पर चुनौती नहीं दे सकती है। देश में दशकों से ऐसी स्थिति पैदा ही नहीं हुई है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए कोई कट्टर भाजपा-विरोधी एक्टिविस्ट ही नीतीश की भविष्यवाणी पर विश्वास कर सकता है क्योंकि अगले साल होने वाले आम चुनाव में कोई गैर-भाजपा पार्टी सैकड़े का आंकड़ा पार करने में सक्षम नहीं है। अपने शानदार 138 साल के इतिहास तथा पूरे भारत में उपस्थिति के बावजूद देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस इतनी सीटें भी नहीं जुटा सकी कि उसे आधिकारिक रूप से विपक्षी दल का दर्जा मिल सके। इसका अर्थ लोकसभा में कुल सीटों का 10 प्रतिशत प्राप्त करना है। इससे भी बुरी बात है कि विपक्षी पार्टियां भले ही छोटी हों, पर उनके नेताओं की महत्वाकांक्षायें आसमान छू रही हैं और यह उनके दृष्टिकोणों व योजनाओं में बहुत बड़ी गलती है। उदाहरणार्थ, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की राष्ट्रीय महत्वाकांक्षायें हैं। इसी कारण



उन्होंने अपनी पार्टी तेलंगाना राष्ट्र समिति का नाम बदल कर भारत राष्ट्र समिति कर दिया है, लेकिन उन्होंने विपक्षी पार्टियों को निकट लाने का और कोई काम नहीं किया है।

इसके अलावा वे कांग्रेस को किसी भाजपा-विरोधी गठबंधन से बाहर रखना चाहते हैं, जबकि उनकी इस जिद को बहुत लोगों ने चुनौती दी है। पिछले आम चुनाव में कांग्रेस को देश भर में 13.12 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि भाजपा का मत प्रतिशत 25.16 प्रतिशत था। कांग्रेस जिन चुनाव क्षेत्रों में चुनाव लड़ी वहां उसे कुल वैध मतों का 19.7 प्रतिशत वोट मिला, जबकि भाजपा को 37.76 प्रतिशत वोट मिले। संक्षेप में कहा जाए तो कांग्रेस भले ही पराजित हो गई हो, पर वह लड़ाई में बनी हुई है। गैर-कांग्रेस विपक्षी दलों का गठबंधन बनाने के केसीआर के विचार का उनके बिहार समकक्ष ने समर्थन नहीं किया है। नीतीश कुमार ने कहा, 'मैं अब बिहार के बाहर जाने और विपक्षी एकता के लिए काम करने को तैयार हूं। मेरी अनेक विपक्षी दलों से बातचीत हो रही है और मैं केवल कांग्रेस के संकेत की प्रतीक्षा कर रहा हूं।' लेकिन क्या कांग्रेस तैयार है? वरिष्ठ पार्टी नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' ने भले ही उनकी छवि बनाने में सहायता की हो तथा कार्यकर्ताओं में उत्साह भरा हो, पर पार्टी को उसके कोई स्पष्ट लाभ नजर नहीं आ रहे हैं। सवाल यह भी है कि क्या नीतीश कुमार वास्तव में तैयार हैं? हालांकि, उन्होंने स्वयं को राजनीतिक क्षेत्र में 'सुशासन बाबू' के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया है, पर उनकी पार्टी के बाहर के ज्यादातर लोग इस विशेषण को उचित नहीं मानते हैं। हालांकि, स्थिति लालू युग की तुलना में बेहतर है, पर इसे बहुत अच्छी नहीं कहा जा सकता है। निश्चित रूप से हिंदी प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा राज्य सुशासन का शानदार उदाहरण नहीं है। दूसरी ओर नरेन्द्र मोदी 2014 में लोगों को अपने 'गुजरात माडल' के गुणों पर विश्वास दिलाने में सफल हुए थे। नीतीश कुमार या कोई अन्य विपक्षी नेता अभी वह कद नहीं प्राप्त कर सका है कि मतदाताओं के सामने कोई 'वैकल्पिक विमर्श' रख सके। नरेन्द्र मोदी को हराने के लिए नीतीश कुमार व अन्य विपक्षी नेताओं को कठोर परिश्रम करना होगा और फिलहाल ऐसी कोई संभावना नजर नहीं आ रही है।

# सामाजिक न्याय हेतु मजबूत कदम

सामाजिक न्याय को हमारे संविधान में राजनीतिक व्यवस्था के केन्द्र में रखा गया है। हमने इस दिशा में काफी काम किया है, पर अभी लंबा रास्ता तय करना है।



**बंडारू दत्तात्रेय**
(लेखक, हरियाणा के राज्यपाल हैं)



सामाजिक न्याय हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता व कार्रवाई के केन्द्र में है। इसके माध्यम से हम अंतिम व्यक्ति तक समग्र विकास को पहुंचा सकते हैं ताकि कोई भी विकास से वंचित न रह जाए। सामाजिक न्याय को हमारे संविधान में राजनीतिक व्यवस्था के केन्द्र में रखा गया है। हमने इस दिशा में काफी काम किया है, पर अभी लंबा रास्ता तय करना बाकी है। 2023 में विश्व सामाजिक न्याय दिवस को उचित रूप से 'सामाजिक न्याय से बाधायें हटाना तथा अवसरों को मुक्त करना' रखा गया है। यह उन वैश्विक प्रयासों की संगति में है जिनके अनुसार सभी पक्षों से संवाद कर समावेशी सामाजिक-आर्थिक व राजनीतिक व्यवस्था बनाना है। इससे सबका समावेशन के माध्यम से सशक्तीकरण सुनिश्चित होता है।

हालांकि, यह अनादि काल से मानव विकास व विमर्श का अभिन्न अंग बना हुआ है, पर हालिया वर्षों में पैदा आर्थिक व सामाजिक संकटों को देखते हुए सामाजिक न्याय की आवश्यकता अत्यधिक महत्वपूर्ण रूप से अनुभव की जा रही है। विशेषज्ञों में इस बात पर लगभग पूर्ण सहमति है कि बिना वंचितों का विशेष ध्यान रखे टिकाऊ विकास संभव नहीं होगा। इसके लिए बहुआयामी कार्रवाइयों तथा हस्तक्षेपों की आवश्यकता है ताकि इसमें सबका समावेशन किया जा सके। इस प्रकार चुनौती केवल लोगों की दैनिक समस्याओं का समाधान कर उनको समुचित नतीजे दिखाए जांए, बल्कि उनका समग्र रूप से सशक्तीकरण भी सुनिश्चित हो। इसके लिए हमें अनेक समस्याओं को संबोधित करना होगा जिनमें गरीबी, जेंडर असमानता, बेरोजगारी, मानवाधिकारों का उल्लंघन, समाज के कमजोर तबकों का सामाजिक संरक्षण तथा एक संपूर्ण समावेशी दृष्टिकोण शामिल हैं जिनमें किसी के साथ भेदभाव न किया जाए।

सामाजिक न्याय पर विमर्श करते समय मैं जरूरी समझता हूं कि प्रख्यात हिंदू संत स्वामी विवेकानंद के कुछ महत्वपूर्ण संदर्भ सामने रखे जाएं। स्वामी विवेकानंद का दृढ़ विश्वास था कि भारत के पिछड़ेपन का असली कारण उस आम जनता की अनदेखी व शोषण है जो धरती पर संपदा पैदा करती है। इसके साथ ही महिलाओं का उत्पीड़न भी स्वामी विवेकानंद के दृष्टिकोण से पिछड़ेपन का एक बड़ा कारण था। स्वामी विवेकानंद ने कहा था, 'जब तक लाखों लोग भूख व अज्ञान के शिकार हैं, मैं ऐसे हर व्यक्ति को गद्दार मानता हूं जो उनकी कीमत पर शिक्षित हुआ है, पर उनके बारे में जरा भी चिन्ता नहीं करता है।' हमारे पुराण और अनेक दर्शन हमें शिक्षा देते हैं कि सर्वाधिक मूल्यवान चीजें मानवीय संबंध तथा न्याय हैं। उन्होंने हमें सिखाया कि हर मनुष्य मे देवताओं का वास है। लेकिन विडंबना है कि व्यवहार में हम समाज के निचले वर्गों के लोगों के साथ अपने पालतू जानवरों से किए जाने वाले व्यवहार की तुलना में भी बुरा व्यवहार करते हैं। दुर्भाग्य से हमें आज भी ऐसी दु:खद घटनायें सुनने को मिलती हैं कि अश्पृश्यता की भावना के चलते कुछ लोगों को मंदिरों में प्रवेश तक की अनुमति नहीं मिलती है। अनेक समाज सुधारकों ने अपना पूरा जीवन वंचितों के उत्थान के लिए उत्सर्ग कर दिया। इन प्रख्यात महापुरुषों व समाज सुधारकों में श्री आदि शंकराचार्य, श्री रामानुजाचार्य, श्री बसवेश्वर, श्री अरविंद घोष, राजा राममोहन राय, महर्षि दयानंद सरस्वती, महात्मा गांधी तथा श्री वीरसालिंगम पंटुलू शामिल हैं। वे

> सच है कि सभी पांच उंगलियां बराबर नहीं हो सकती हैं, पर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे सभी सशक्त हों तथा सभी लोग उनका सम्मान करें। जाति, धर्म और समृद्धि के आधार पर किसी सामाजिक समूह के खिलाफ भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए।

अपने कार्यों में बड़ी सीमा तक सफल हुए, पर उनको पूर्ण सफलता नहीं मिल सकी। सामाजिक न्याय को सामाजिक असमानता तथा गरीबी उन्मूलन से भी जोड़ा जाता है। हमारे देश में अनुसूचित जातियां-एससी, अनुसूचित जनजातियां-एसटी व अन्य पिछड़े वर्ग- ओबीसी पिछले अनेक दशकों से काफी व्यापक असमानताओं का सामना करते रहे हैं। यह भी एक तथ्य है कि इन वर्गों में से अनेक को समुचित शिक्षा, रोजगार व स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित होना पड़ता है। इन वर्गों के लोगों में योग्यता की कोई कमी नहीं है। इस दृष्टिकोण से देखें तो डा. बी. आर. अंबेडकर का जीवन सर्वाधिक महत्वपूर्ण उदाहरण है। डा. अंबेडकर बहुत गरीब परिवार से आए, पर उन्होंने पूरी लगन से अध्ययन कर तीन डाक्टरेट उपाधियां प्राप्त कीं जो दुनिया के तीन सबसे अच्छे विश्वविद्यालयों से थीं। डा. भीमराव अंबेडकर ने स्वतंत्र भारत का जो संविधान तैयार किया वह समाज के सभी वर्गों को समावेशन के माध्यम से सशक्तीकरण का रास्ता दिखाता है। यह हमारे प्रयासों में मील का एक पत्थर है।

मुझे यह बताते हुए बहुत प्रसन्नता होती है कि समाज के सभी वर्गों को सामाजिक न्याय सुनिश्चित करना भारत सरकार का एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण लक्ष्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में काम कर रही भारत सरकार ने अपने वर्तमान केन्द्रीय बजट में 'सप्तर्षि' सिद्धान्त शामिल किया है। सप्तर्षि का अर्थ केन्द्रीय बजट के माध्यम से भारत सरकार की सात प्राथमिकताओं को प्रकट करना है। इनमें समावेशी विकास, समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना, ढांचागत विकास व निवेश, भारत की सारी संभावनाओं को उजागर करना, पर्यावरण-हितैषी विकास, युवाओं की शक्ति को पूरा अवसर देना तथा वित्तीय क्षेत्र की अधिकाधिक प्रगति शामिल हैं। केन्द्र सरकार ने अगले तीन सालों में 740 'एकलव्य माडल आवासीय स्कूलों' के लिए 38,800 शिक्षक भर्ती करने का लक्ष्य निर्धारित किया है जो 3.5 लाख आदिवासी या अनुसूचित जनजातियों के छात्रों को शिक्षा देंगे।

देश भर में 14,500 से अधिक 'पीएम श्री' स्कूलों की स्थापना की जाएगी जो इक्कीसवीं सदी के लिए आवश्यक प्रमुख कौशलों को समग्र रूप से प्रदान कर व्यक्तियों का समग्र विकास सुनिश्चित करेंगे। ग्रामीण भारत में रहने वाले बच्चों को माडल स्कूलों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने से उनके बाकी समाज के साथ समतापूर्ण विकास की उम्मीदें मजबूत होंगी। केन्द्र सरकार देश भर के माडल स्कूलों का आधुनिकीकरण करना चाहती है ताकि वे केन्द्रीय विद्यालयों के मानकों का मुकाबला कर सकें। इसी प्रकार 157 नए नर्सिंग कालेजों की स्थापना करने का लक्ष्य है, जबकि 2014 के बाद 157 मेडिकल कालेज स्थापित किए जा चुके हैं। 'प्रधानमंत्री आवास योजना' के आबंटन में 66 प्रतिशत की वृद्धि की गई है और अब यह 79,000 करोड़ रुपये हो गया है। 2023-24 के केन्द्रीय बजट में एक समय जमा करने वाले लघु बचत के रूप में 'महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्रों' की घोषणा की गई है। इनमें मार्च, 2025 तक के लिए महिला या लड़कियों के नाम से 2 लाख रुपये तक जमा किए जा सकते हैं जिन पर 7.5 प्रतिशत सुनिश्चित ब्याज मिलेगा।

आज भारत दुनिया में सांस्कृतिक, सामाजिक व आर्थिक दृढ़ता प्रदर्शित कर रहा है ताकि सबको समृद्ध बनाया जा सके। ऐसे में हमें बेहतर सामाजिक व्यवस्था बनाने के लिए और कठोर परिश्रम करने की जरूरत है। यह सुनिश्चित करने के प्रयास भी और मजबूत किए जाने चाहिए कि अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों व अन्य पिछड़े वर्गों को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के समुचित अवसर प्रदान किए जांए। भारत में समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का अर्थ समाज के सभी वर्गों को सास्कृतिक, सामाजिक, शैक्षणिक व राजनीतिक रूप से पूरी तरह समावेशित करना है। यह सच है कि सभी पांच उंगलियां बराबर नहीं हो सकती हैं, पर हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे सभी सशक्त हों तथा सभी लोग उनका सम्मान करें। जाति, धर्म और समृद्धि के आधार पर किसी सामाजिक समूह के खिलाफ भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए।

ऐसे प्रयास होने चाहिए जिनके अंतर्गत सर्वोत्तम सुविधायें व अवसर देकर गरीबों को अमीर बनाया जा सके।

# पंजाब को नशे के चंगुल से मुक्त कराना जरूरी

> पाकिस्तान ने पंजाब में नशीले पदार्थों को धकेलने के लिए व्यापक जाल फैला रखा है। ड्रग्स बेचने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है।

**तरुण सिंह**
(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव हैं)



रिपोर्ट और अध्ययन ने पंजाब में नशीली दवाओं के खतरे के कई विवरण दिए हैं। पंजाब में लोगों में नशे की लत की भयावहता मन को दहला देने वाली है। हर तबके के लोग नशे के जाल में फंस रहे हैं।

पंजाब भारत का गढ़ रहा है। पंजाब अनादि काल से भारत की आत्मा रहा है। राज्य के नाम का अर्थ है पांच नदियों का स्थान। पंजाब की उपजाऊ भूमि ने भारतीय सभ्यता का पोषण किया। भारत का विचार पंजाब की भूमि से आया था। पंजाब शौर्य की भूमि है। पंजाब के लोगों की वीरता ने विश्व विजेता सिकंदर को डरा दिया। पंजाब के सर्वोच्च साहस और बलिदान ने भारत में मुगलों की ज्वाला को बुझा दिया। पंजाब के गौरव ने अफगानिस्तान में रहने वाले लोगों को भी सभ्यतागत लाभ पहुंचाया।

पंजाब, इस प्रकार, भारत के पड़ोसियों से ईर्ष्या करता है। पाकिस्तान ने पंजाब में अपना नापाक मंसूबा कायम किया। इसके सैन्य मंसूबों को युद्ध के मैदान में कुचल दिया गया। फिर भी पाकिस्तान को अपनी हरकतों से कोई फर्क नहीं पड़ा। इस्लामाबाद ने छद्म युद्ध की ओर रुख किया। पंजाब को आतंकवाद निर्यात किया जाता था। भारत ने छद्म मोर्चे पर भी पाकिस्तान को मात दी।

अब पाकिस्तान ने एक नई जंग का सहारा लिया है। ड्रग्स पाकिस्तान का नया हथियार है। नशे के सहारे पाकिस्तान पंजाब के लोगों के शौर्य को अपने वश में करना चाहता है। पाकिस्तान ने पंजाब में नशीले पदार्थों को धकेलने के लिए व्यापक जाल फैला रखा है। ड्रग्स बेचने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी भी धड़ल्ले से हो रही है। यहां तक कि अफगानिस्तान से मंगाए गए ड्रग्स को धकेलने के लिए समुद्री रास्तों का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। पंजाब में नशा तस्करों का सिंडिकेट सक्रिय है। चुनौती की सीमा ने नशामुक्ति केंद्रों की मौजूदा सुविधाओं को अभिभूत कर दिया है। परिवार सहमे हुए हैं। जेलों में नशा तस्करों की भीड़ लगी रहती है। अस्पताल भी पस्त हैं। टूटे हुए घरों, वित्तीय तनाव, ग्रामीण लोगों की ऋणग्रस्तता और मृत्यु की पीड़ा की कहानियां आम हैं। यह एक राष्ट्रीय प्रतिक्रिया की मांग करता है। यह एक सामाजिक कारण है जो सभी हितधारकों के शीर्ष एजेंडे में होना चाहिए। नागरिक समाज को इस मुद्दे से निपटने के लिए अपने संसाधनों को बढ़ाना चाहिए। राजनीतिक दलों को भी इस चुनौती को स्वीकार करना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ताओं को संकट के समाजशास्त्रीय और मनोवैज्ञानिक पहलुओं का मुकाबला करना चाहिए। धार्मिक नेताओं का भी बहुत बड़ा कर्तव्य है कि वे हस्तक्षेप करें और लोगों को बचाएं।



समाज सेवा भारतीय जनता पार्टी को चलाती है। भाजपा के लिए राजनीति जनता की सेवा का माध्यम है। सेवा भाजपा का मंत्र है। कोविड-19 महामारी के समय में, जब देशव्यापी तालाबंदी के कारण लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, भाजपा कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करने के लिए सेवा के लिए सड़क पर थे कि कोई भी भूखा न रहे और कोई पीड़ित न हो। सामाजिक संकटों का जवाब देने के लिए उन्हें पार्टी नेतृत्व द्वारा निर्देशित करने की आवश्यकता नहीं है।

पंजाब को नशे के चंगुल से मुक्त कराने के लिए भाजपा पंजाब में यात्रा शुरू करेगी। यह भाजपा कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है। पंजाब अब और इंतजार नहीं कर सकता। मादक पदार्थों के जाल को कुचलने का समय एक और दिन के लिए टाला नहीं जा सकता। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने पंजाब में नशे की समस्या के खिलाफ यात्रा शुरू करने का आह्वान किया है। यात्रा में गृह मंत्री अमित शाह हिस्सा लेंगे. यात्रा में बीजेपी अध्यक्ष जगत प्रताप नड्डा भी शामिल होंगे. भाजपा के कई शीर्ष नेता पंजाब के लोगों के साथ चलेंगे और यह संदेश देंगे कि राज्य में नशीले पदार्थों की समस्या को खत्म करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी ने कई काम किए हैं. केंद्र सरकार सामाजिक चुनौतियों से निपटने के लिए नीतिगत प्रतिक्रिया लेकर आई है। कुछ उत्तरी राज्यों में 0-6 आयु वर्ग में लिंगानुपात बहुत खराब था। कुछ राज्यों में अल्ट्रासाउंड क्लीनिकों की भरमार हो गई है। वे पूरी तरह से भ्रूण में कन्या शिशु को मारने की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए आए थे।

पीएम मोदी इस मौके पर पहुंचे और 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के साथ देश को एक स्पष्ट आह्वान दिया। कुछ वर्षों के भीतर, बालिकाओं को मारने की प्रथा अब ज्यादातर समाप्त हो गई है। इसी तरह के परिणाम स्वच्छता अभियान के अभियान के साथ देखे गए। स्वच्छता राष्ट्र का मंत्र बन गया। इससे भारत को कोविड-19 महामारी से प्रभावी ढंग से निपटने में मदद मिली।

अब भाजपा पंजाब में नशे के खात्मे के लिए यात्रा निकाल रही है। यह पंजाब को बचाने के लिए है। भारत के दुश्मन कभी कामयाब नहीं हो सकते।

## आप की बात

### तिलहन उत्पादन

**तेजी** से बढ़ती आबादी और खाद्य तेल की बढ़ती मांग के साथ भारत विश्व में वनस्पति तेलों के सबसे बड़े उपभोक्ताओं में से एक के रूप में उभरा है। लेकिन देश के घरेलू तिलहन उत्पादन का इस बढ़ती मांग के साथ कोई तालमेल नहीं बन सका है जिससे कि आयात निर्भरता की स्थिति बनी हुई है। इसके कारण भूमि विखंडन, निम्न उत्पादकता, जलवायु विविधता, भंडारण व वितरण अवसंरचना का अभाव, आयात पर निर्भरता और सरकारी सहायता का अभाव आदि हैं। हालांकि सरकार ने इस को लेकर अनेक पहलें की हैं जिसमें से राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत पाम आयल क्षेत्र का विस्तार और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मुख्य हैं। इसके अलावा तिलहन पर प्रौद्योगिकी मिशन वर्ष 1986 में शुरू किया गया था। भारत तिलहन घरेलू उत्पादन को बढ़ा सकता है परंतु उसके लिए हमें कुछ तकनीक अपनानी होंगी जैसे कि बीज प्रौद्योगिकियों को अपनाकर और गैर पारंपरिक तेल स्रोतों की क्षमता का दोहन करके। तिलहन की बढ़ती कीमतों का एक कारण रूस-यूक्रेन युद्ध भी है जिसकी जल्द समाप्ति नहीं नजर आ रही है। भारत को तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता के विशेष प्रयास करने होंगे। इसमें सभी पक्षों का सहयोग चाहिए।

**सुदर्शन सोराड़ी,** उधम सिंह नगर

### संघ की सोच

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ भारत ही नही विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन है। संघ ने1925 से प्रारम्भ होकर निरन्तर बृद्धि की है। संघ का निर्माण समरस भारत की कल्पना को लेकर हुआ है। बरेली में स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए सर संघचालक मोहन भागवत ने कहा कि सभी हिन्दू आपस में भाई हैं, चाहे उनकी जाति कुछ भी हो। उन्होंने स्वयंसेवक परिवारों से आह्वान भी किया कि विभिन्न जाति, पंथ, भाषा व क्षेत्रों के लोगों से मित्रवत सम्बन्ध बनाकर नियमित भेंट करते रहें। उन्होंने कहा कि देश मे रहने वाले सभी के पूर्वज हिन्दू है इसलिये हम सबको आपस मे मिलकर रहना चाहिये। संघ शुरू से समरसता के लिये काम कर रहा है। भारत के बार-बार गुलाम होने का कारण जातिगत, भाषागत व क्षेत्रीय भेदभाव। माधव राव गोलबलकर जी ने देश के सभी साधु संतों को एक मंच पर लाकर कहलवाया था कि सभी हिन्दू सगे भाई हैं, कोई भी पतित नहीं। भारत की जनता को संघ को समझकर और उसके साथ आकर संघ की समरस भारत की कल्पना को साकार करने में सहयोग करना चाहिये। 2025 में शताब्दी वर्ष मनाने जा रहा संघ निरंतर प्रयासरत है।

**ललित शंकर,** गाजियाबाद

### उद्धव का संकट

**चुनाव** आयोग द्वारा शिवसेना का नाम व चुनाव चिन्ह तीर कमान शिंदे गुट को दिए जाने के बाद लोकसभा का कार्यालय भी शिवसेना को दिया गया है। उधर शिवसेना को ट्विटर से भी अपना अकाउंट का नाम बदलना पड़ा। इस प्रकार एक के बाद एक उद्धव ठाकरे गुट को शिकस्त मिल रही है। अब अन्य शहरों में शिवसेना कार्यालय को लेकर भी घमासान मचेगा। उधर सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल सुनवाई करने से इनकार करते हुए आगे सुनवाई की बात कही है। फिलहाल शिवसेना के दोनों गुटों के बीच मुकाबला दिलचस्प होने के साथ-साथ मनोरंजक भी होता जा रहा है। महानगर निकाय चुनाव सामने हैं और उद्धव गुट के पैरों तले जमीन खिसक रही है। शिंदे गुट को बीजेपी का वरदहस्त प्राप्त है। इन महानगर चुनावों से जनता का निर्णय भी सामने आ जाएगा कि वह किसके साथ है। यह वंश-परिवार पर आधारित अन्य पार्टियों के लिए भी सबक होगा। शायद नेतृत्व योग्यता से मिलता है केवल जैविक विरासत से काम चलने वाला नहीं है। वैचारिक अवसरवाद भी उद्धव के पतन का कारण है।

**सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**सोरोस** की टिप्पणी यूरो-एटलांटिक दृष्टिकोण है। वे न्यूयार्क में रहने वाले बूढ़े, अमीर, पूर्वाग्रही व खतरनाक व्यक्ति हैं।
- **एस. जयशंकर**
विदेश मंत्री



**निर्वाचन** आयोग पीएम मोदी का गुलाम है। उसने ऐसा किया जो इसके पहले कभी नहीं हुआ।
- **उद्धव ठाकरे**
महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री



**इकतीस** मई तक सारा बकाया अदा कर दिया गया है। जून का बकाया भी अदा किया जा रहा है।
- **निर्मला सीतारमण**
वित्त मंत्री

# जरूरत पड़ी तो रात एक बजे तक चलाएंगे विधानसभा: महाना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधानसभा** अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा है कि इस बार बजट सत्र में ज्यादा से ज्यादा सदस्यों को चर्चा में भाग लेने का मौका दिया जाएगा। इसके लिए जरूरत पड़ी तो सदन रात 12 या एक बजे तक चलाया जाएगा। उन्होंने यह कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा सदस्यों द्वारा उठाए गए वाले सवाल समाधान के लिए अब संबंधित विभागों को भेजे जाएंगे। इसके लिए विधानसभा सचिवालय की ओर से मानटरिंग की जाएगी।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने यह घोषणा सोमवार को सदन में करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कई बार अपेक्षा कर चुके हैं कि सदस्य ज्यादा सवाल अपने क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं के बाबत उठाएं। अब तय किया गया है कि यह मामले संबंधित विभागों को समाधान के लिए भिजवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट सांसद की तर्ज पर उत्कृष्ट विधायक भी इस सदन से चुने जाएंगे। इसके लिए एक नियमावली बन रही है। इसके अलावा विधानसभा की नई नियमावली का मसौदा सदन में रख कर उसे पास कराया जाएगा। इसके अलावा सदस्यों के लिए एक हेल्पलाइन भी जारी होगी। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सदस्यों की मांग पर अब पोर्टल के जरिए 24 घंटे में कभी भी सवाल लगाने की सुविधा मिलेगी। अभी तक पोर्टल में सवाल सदन चलने तक ही लग पाते थे। विधानसभा के आखिरी सत्र में सभी सदस्यों की ग्रुप फोटोग्राफी होती थी, अब तय हुआ है कि विधानसभा के इस सत्र में तीन मार्च को ग्रुप फोटोग्राफी कराई जाएगी। अध्यक्ष ने कहा कि डिजिटल गैलरी इस तरह बनाई गई जिससे इसमें एक बार 30 लोग ही अच्छे से देख पाएंगे। अभी इसमें कुछ नई चीजे जुड़ेंगी। यूपी गैलरी अलग से बनेगी। इन सबके लिए एक गाइडलाइंस जारी होगी।

## सपा विधायकों का विधानभवन के सामने विरोध प्रदर्शन, सुरक्षा कर्मियों से नोक-झोंक



### ● भाजपा सरकार ने पूरे सिस्टम को तानाशाही में बदल दिया: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बजट** सत्र के पहले दिन ही समाजवादी पार्टी के विधायकों ने विधानभवन के सामने जमकर विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान विधायकों और सुरक्षा कर्मियों के बीच तीखी-नोंक झोंक भी हुई। मार्शल द्वारा चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के पास जाने का प्रयास कर रहे सपा विधायकों को जबरन विधानभवन से बाहर करने के विरोध में विधायक धरने पर बैठ गए। इस दौरान सपा महासचिव शिवपाल सिंह यादव भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि सपा चाहती है कि सदन अधिक से अधिक चले। सपा विधायकों के विरोध के दौरान कवरेज कर रहे कुछ मीडियाकर्मियों से भी धक्का-मुक्की हुई। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने पूरे सिस्टम को तानाशाही में बदल दिया है। जनता के मुद्दों को लेकर धरना प्रदर्शन, आवाज उठाना विपक्ष का लोकतांत्रिक अधिकार है। उसकी कवरेज करना मीडिया और पत्रकारों का दायित्व है। मीडिया कर्मियों के साथ मारपीट और अभद्रता की गई जो लोकतंत्र में निन्दनीय है। मीडिया कर्मियों के कैमरे तोड़े गए तथा उन्हें लात-घूंसे मारे गए। क्या यही भाजपा का लोकतंत्र है। भाजपा लोकतंत्र को नहीं मानती है। वह जनता व मीडिया के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन कर रही है।

### सदन के बाहर शिवपाल व भीतर अखिलेश ने संभाला मोर्चा



**लखनऊ।** विधान मंडल सत्र का आगाज सोमवार से हुआ और इसके साथ ही सपा मुखिया अखिलेश यादव और राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव में काफी बेहतर तालमेल दिखाई दिया। एक तरफ सरकार की नीतियों के खिलाफ शिवपाल सिंह ने विधान भवन परिसर में स्थित चौधरी चरण सिंह की मूर्ति के समीप मोर्चा खोल रखा था तो वही सपा अध्यक्ष अखिलेश ने विधान सभा के भीतर सरकार को घेरने का प्रयास किय। सपा में पूरी तरह वापसी के बाद शिवपाल यादव आज पुराने तेवर में नज़र आए। उनके नेतृत्व में सपा विधायक 10 बजे ही विधानभवन पहुंचे लेकिन वहां मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर धरना करने से रोक दिया। कुछ देर ही वहां बैठ पाए। शिवपाल की मौजूदगी से विधायक भी खासे उत्साहित दिखे।

## केंद्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में यूपी अग्रणी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राज्यपाल** आनंदी बेन पटेल ने अपने अभिभाषण में कहा कि राज्य सरकार द्वारा किए गए प्रभावी प्रयासों के परिणामस्वरूप आज उत्तर प्रदेश केन्द्र सरकार द्वारा संचालित अनेक योजनाओं के क्रियान्वयन में देश में अग्रणी स्थान पर है। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत कुल 52.77 लाख आवास स्वीकृत हुए हैं तथा गरीबों के लिए आवास बनाने में प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। महिलाओं के प्रति अपराध एवं बाल अपराध पोक्सो एक्ट सम्बन्धी गम्भीर मुकदमों हेतु विशेष न्यायालयों में विशेष लोक अभियोजकों की नियुक्ति करके प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जा रही है जिससे महिलाओं के प्रति अपराध में 59.1 प्रतिशत सजा की दर प्राप्त की गयी है जोकि देश में सर्वाधिक एवं राष्ट्रीय औसत के दोगुने से भी अधिक है। प्रधानमंत्री जनधन योजना के अन्तर्गत प्रदेश 8.51 करोड़ खातों प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अन्तर्गत 4.29 करोड़ नामांकन तथा अटल पेंशन योजना के अन्तर्गत 75 लाख नामांकन के उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ उत्तर प्रदेश का देश में प्रथम स्थान है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अन्तर्गत शहरी पथ विक्रेताओं को कुल ऋण वितरण में प्रदेश को देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। प्रदेश में निर्गत जीएसटी पंजीयन की कुल संख्या 28.03 लाख हो गई है जो कि देश में सर्वाधिक है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को जनसामान्य विशेषकर समाज के अन्तिम पायदान तक पहुँचाने के उद्देश्य से राज्य सरकार प्रत्येक सप्ताह प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले आयोजित कर रही है। इस प्रकार की पहल करने वाला उत्तर प्रदेश देश में पहला राज्य है। अब तक कुल 83 मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले आयोजित हुए जिनमें कुल 11.69 करोड़ रोगी लाभान्वित हुए हैं। 198594 गम्भीर रोगियों को उच्च केन्द्रों पर सन्दर्भित किया गया।



## विधायकों के लिए एयरपोर्ट व रेलवे स्टेशन पर होगी वाहन की सुविधा: विधानसभा अध्यक्ष

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधानसभा** अध्यक्ष सतीश महाना ने सोमवार को सदन में घोषणा की कि दूरदराज से आने वाले विधायकों की सुविधा के लिए एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन पर वाहन की व्यवस्था की जाएगी जिससे उन्हे विधानसभा सत्र के दौरान किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही विधायकों को विधानसभा में प्रश्न लगाने के लिए एक पोर्टल की भी शुरूआत की जा रही है जिससे विधानसभा सदस्य कभी भी प्रश्न लगा सकते हैं।



विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बजट सत्र के पहले दिन सदन को अवगत कराया कि विधान सभा के सत्र के दिनों में रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट पर हमारा एक-एक वाहन खड़ा रहेगा जो सदस्यों को उनके आवास अथवा विधान सभा तक छोड़ देगा लेकिन इससे कहीं और ले जाने की अनुमति नहीं होगी। विधान सभा सत्र के बाद यदि कोई सदस्य एयरपोर्ट या स्टेशन से आ रहे है तो भी उनके घर तक या विधान सभा तक छोड़ने की व्यवस्था करेंगे, उनको इतनी अनुमति दी जायेगी। उन्होंने कहा कि हेल्प डेस्क के माध्यम से एयरपोर्ट पर जो हमारे सदस्य आयेंगे, उनके लिए एयरपोर्ट पर हेल्पडेस्क रहेगी, जिससे वह पूरी जानकारी ले सकेंगे और वहाँ से कोआर्डिनेट कर सकेंगे। श्री महाना ने बताया कि विधान सभा के दिनों में सदस्यों के लिए डिजिटल गैलरी खुली रहेगी। इसके अलावा एक गाइडेड टूर भी करेंगे, क्योंकि मैंने कहा था कि उत्तर प्रदेश की विधान सभा हमारे 403 सदस्यों से मिलकर बनती है लेकिन यह केवल 403 सदस्यों की नहीं है। यह प्रदेश की 25 करोड़ जनता की विधान सभा है। इसलिए उनको भी उत्तर प्रदेश की विधान सभा देखने का अधिकार है। श्री महाना ने कहा कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री से एक डेलीगेशन मिलने के लिए गया था। उन्होंने विशेष रूप से उनसे कहा कि विधान सभा सदस्य विधान सभा देखकर आए। उत्तर प्रदेश विधान सभा की जो गैलरी है, उसका भी हम पोर्टल बनायेंगे, उसके लिए समय देंगे, लोग रिक्वेस्ट करेंगे तो हम उसके हिसाब से निर्धारित करेंगे कि कौन-कौन से ग्रुप में कौन कौन आ सकता है। उस आधार पर डिजिटल गैलरी भी सबसे लिए उपलब्ध होगी।

## लव जिहाद इस्लामिक जिहाद का सुनियोजित षड़यंत्र: नीरज दौनेरिया

**लखनऊ।** बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया ने कहा कि भारत को कमजोर व अस्थिर करने के लिए इस्लामिक जिहाद किया जा रहा है। हिन्दुत्व को टारगेट कर उनके मान बिन्दुओं पर हमला किया जा रहा हैं। उन मानबिन्दुओं में ही हिन्दू बहन बेटियां आती हैं। मुस्लिम जनसंख्या बढ़ाने लिए सुनियोजित तरीके से हिन्दू लड़कियों को लव जिहार का शिकार बनाया जा रहा है। यह इस्लामिक जिहाद का सुनियोजित षड़यंत्र है। दौनेरिया सोमवार को सीएमएस गोमतीनगर में बजरंग दल की प्रान्तीय बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि इस्लाम 2047 में भारत को इस्लामिक स्टेट बनाने के षड़यंत्र के तहत हिन्दू लड़की फंसाओ मुस्लिम आबादी बढ़ाओ ऐसा नापाक इरादा लेकर वह चल रहे हैं जो कि पटना के फुलवारी शरीक में एनआई के छापे में मिले साहित्य से साक्ष्य सामने आये हैं। नीरज दौनेरिया ने कहा कि भारत 2047 में इस्लामिक स्टेट नहीं अखण्ड भारत बनेगा। बजरंग दल हिन्दू कन्याओं की रक्षा के लिए और उन्हें वापस लाने का काम कर रहा है। बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया ने कहा कि भारत में इस्लामिक शासन के समय में जिन हिन्दुओं का जबरन धर्मान्तरण कराया गया ऐसे सभी लोगों की घर वापसी कराकर उनको अपनी सनातन जड़ों से जोड़ने का कार्य बजरंग दल करेगा। नीरज दौनेरिया ने कहा कि सेवा सुरक्षा संस्कार बजरंग दल का ध्येय वाक्य है। बजरंग दल देशभर में 12 से 19 मार्च तक सेवा सप्ताह मनायेगा। इस दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ता सामाजिक समरसता की दृष्टि से श्मसान घाट की साफ-सफाई व वृक्षारोपण करेंगे। जिन श्मसान घाटों पर कोई विग्रह नहीं है। वहां भगवान शंकर की प्रतिमा स्थापित की जायेगी। जहां शमसान भूमि नहीं है वहां बजरंग दल के कार्यकर्ता श्मशान भूमि को चिन्हित कर पीपल व वट वृक्ष लगायेंगे। हिन्दू हम सब एक हैं इस भाव से प्रत्येक हिन्दू का वहां संस्कार होना चाहिए। श्रीरामचरित मानस विवाद पर उन्होंने कहा कि हमें अपना हृदय बड़ा रखना है अपने लोगों से नहीं लड़ना है वह लड़ाना चाह रहे हैं हमें। हिन्दुओं की एकता को तोड़ना चाह रहे हैं लेकिन वह सफल नहीं होंगे। भारत में शक्तिशाली हिन्दू खड़ा होगा। शक्तिशाली हिन्दू से सभी समस्याओं का समाधान होगा। बैठक को विश्व हिन्दू परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री गजेन्द्र सिंह ने भी संबोधित किया।

## विधायी कार्य निपटाने के बाद विधान परिषद की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधानमंडल** के बजट सत्र के पहले दिन विधान परिषद मात्र 23 मिनट चली और आवश्यक विधायी कार्य निपटाने के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। इस दौरान 22 फरवरी को बजट भाषण से पहले प्रश्न प्रहर चलाने की अपनी मांग पर सभापति के निर्णय के विरोध में सपा सदस्यों ने सदन से बर्हिगमन भी किया।

सोमवार को पहले दिन दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राज्यपाल के अभिभाषण के बाद विधान परिषद सदन की कार्यवाही दोपहर 12.30 बजे वंदेमातरम के गायन के साथ शुरू हुई। कार्यवाही शुरू होते ही सपा के नरेश उत्तम ने 22 फरवरी को बजट भाषण से पूर्व प्रश्न प्रहर चलाने की मांग की जिसके जवाब में सभापति कुंवर मानवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि कार्यमंत्रणा समिति में इस मुद्दे पर सहमति बन चुकी है। लिहाजा अब इस पर कोई बात नहीं होगी। इसके बाद सभापति ने आगामी 10 मार्च तक के लिए जारी एजेंडा पढ़ना शुरू किया। इस दौरान सपा सदस्य की ओर से लगातार टोका-टाकी की गई और कहा गया कि बजट के दिन 22 फरवरी को प्रश्न प्रहर स्थगित न किया जाए।

इस पर सभापति ने फिर कहा कि कार्यमंत्रणा समिति में सभी बातें तय हो चुकी है। संबंधित तिथि के सभी प्रश्नों के उत्तरित मान लिए जाएंगे। इसके तत्काल बाद सभापति ने राज्यपाल का अभिभाषण पढ़ना शुरू कर दिया। इसी दौरान सपा के सदस्यों ने नारेबाजी करते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया। सभापति ने राज्यपाल की अभिभाषण पुस्तिका का पहला और अंतिम पृष्ठ पढ़कर कहा कि इसे पूरा पढ़ा माना जाए। इसके बाद नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य और उनके पश्चात प्रमुख सचिव विधान परिषद डॉ. राजेश सिंह की ओर से अलग-अलग विधेयक पटल पर रखे गए। करीब 23 मिनट की कार्यवाही के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

### जनता को मायूस करने वाला है अभिभाषण



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रतिक्रिया देते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि लोगों को त्रस्त करती महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, पिछड़ेपन व अशान्त माहौल आदि के खास मामलों में सरकार द्वारा अपनी विफलताओं पर पर्दा डालने का निरर्थक प्रयास। कुल मिलाकर जनता को काफी मायूस करने वाला। सोमवार को ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि यूपी में सत्ताभोगी तत्वों को छोड़कर, सरकारी दावों के विपरीत, आज हर वर्ग, समाज व समुदाय सरकार की संकीर्ण एवं द्वेषपूर्ण नीतियों व कार्यकलापों का भुक्तभोगी तथा उससे पीड़ित दु:खी। लोगों को उनका हक व इंसाफनहीं मिल पाना सरकार की सबसे बड़ी विफलता । सरकार इस ओर जरूर ध्यान दे।

## एसटीएफ ने सवा लाख के कुख्यात इनामी अपराधी साहब सिंह बावरिया को मार गिराया

### ● बुलंदशहर से लेकर गोंडा तक था आतंक, चार नवजातों सहित परिवार के पांच लोगों की हत्या कर फैला दी थी सनसनी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



अपराधी की फाइल फोटो

**एसटीएफ**और बुलंदशहर पुलिस की संयुक्त टीम ने गुलावठी थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ के दौरान गोंडा के सवा लाख के कुख्यात इनामी अपराधी साहब सिंह बावरिया को मार गिराया। मुठभेड़ के दौरान 3 पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। पुलिस के अनुसार डकैत साहब सिंह पर गोंडा पुलिस से एक लाख रुपए जबकि बुलंदशहर पुलिस की तरफ से 25 हजार रूपए का इनाम घोषित था। डकैत साहब सिंह पर गोंडा में डकैती के दौरान दो नवजातों समेत पांच लोगों की हत्या का भी आरोप था।

एसटीएफ के अनुसार 18 अगस्त 2001 को बदमाशों द्वारा जनपद गोंडा के थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के निवासी मो. अख्तर सिद्दीकी निवासी न्यू कॉलोनी मेवातियान के घर में घुसकर इनके पिता मो. युसफ, भाई रिजवान सिद्दीकी, बच्चे रोमी, अयाम एवं ड्राइवर नक्कू की हत्या करके तथा घर के अन्य सदस्य समीम्रुन्न निशा, भयो, इमराना, सायरा, मो. इमरान, नौकर गुड्डू, नौकरानी चांदनी, नोमान, रीफा को गंभीर रूप से चोट पहुंचाकर लूटपाट की घटना अंजाम दी थी। कारित की गयी थी। इस घटना के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर जनपद गोंडा में मुकदमा पंजीकृत हुआ था। इस अभियोग में साहब सिंह वर्ष-2001 से ही फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन, गोरखपुर के स्तर से एक लाख रुपए का पुरस्कार घोषित किया गया था। इसके अतिरिक्त जनपद बुलन्दशहर के थाना डिबाई क्षेत्र में 30 दिसंबर 2014 को साहब सिंह के साथियों को डकैती की योजना बनाते हुए गिरफ्तार किया गया था। इस अभियोग में भी अभियुक्त साहब सिंह फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद बुलन्दशहर के स्तर से 25000 रुपए का पुरस्कार घोषित किया गया था।

एसटीएफ नोएडा की टीम साहब सिंह की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही थी। बीते रविवार की देर रात एसटीएफ को पता चला कि साहब सिंह बावरिया अपने साथियों के साथ हापुड़ की ओर से बीघेपुर बम्बे के रास्ते सिकन्दराबाद रोड पर किसी बड़ी वारदात को अन्जाम देने के लिए आ रहा है। इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक थाना गुलावठी, बुलन्दषहर से साझा किया गया और संयुक्त रूप से त्वरित कार्रवाई करते हुए गन्तव्य स्थान पर पहुंचकर गाढ़ाबन्दी की गई। उसी दौरान एक मोटर साइकिल पर सवार तीन व्यक्ति बीघेपुर गांव की तरफ से बम्बे की पटरी पर आते दिखाई दिए। पुलिस टीम द्वारा मोटर साइकिल सवार को रुकने के लिए कहा गया परन्तु मोटर साइकिल सवार बदमाशों ने हथियार निकाल कर पुलिस पार्टी को निशाना बनाते हुए जान से मारने की नियत से फायरिंग शुरू कर दी।

## तीन आईएएस व 22 पीसीएस अफसरों के तबादले

**लखनऊ।** योगी सरकार ने तीन आईएएस और 22 पीसीएस अफसरों की जिम्मेदारियों में फेरबदल करते हुए नई तैनाती दी है। आईएएस अफसरों में गोंडा के सीडीओ पद से हटाए गए गौरव कुमार को लखनऊ विकास प्राधिकरण में विशेष कार्याधिकारी, प्रतीक्षारत अनुज मलिक को अपर आयुक्त गोरखपुर मंडल व संभागीय खाद्य नियंत्रक बनाया गया है। आईएएस अधिकारी सतीश पाल को विशेष सचिव एवं अपर राज्य संपत्ति अधिकारी व अपर निदेशक राज्य संपत्ति निदेशालय से अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा गौतमबुद्धनगर बनाया गया है। पीसीएस अफसर राजनरायण को सीआरओ गोरखपुर के पद पर तैनाती दी गई है। वहीं प्रिया सिंह को ओएसडी एलडीए के पद पर तैनाती दी है। मनोज सिंह को अपर आयुक्त वाराणसी, अभिनव रंजन को एडीएम वित्त एवं राजस्व संतकबीरनगर, हिमांशु वर्मा को ओएसडी ग्रेटर नोएडा, राहुल कश्यप को सिटी मजिस्ट्रेट मेरठ, संजय पांडे को एडीएम प्रसाशन शाहजहांपुर, विशु राजा को ओएसडी ग्रेटर नोएडा के पद पर तैनाती दी गई है। पीसीएस अफसर अशोक सिंह को एडीएम नमामि गंगे, विजेता को एडीएम कानपुर, विनय गुप्ता को सिटी मजिस्ट्रेट उन्नाव, अमरेश कुमार को अपर नगर आयुक्त मेरठ, अमित कुमार राठौर को सीआरओ मऊ और अभय कुमार को अपर आयुक्त मिर्जापुर के पद पर तैनाती दी गई है। अशोक कुमार गुप्ता को एसडीएम गोंडा के पद पर तैनाती दी गई है। मनोज प्रकाश को बस्ती, सतीश चन्द्र को चित्रकूट, महेश प्रताप को अंबेडकरनगर, संजय कुमार को बहराइच, दिग्विजय प्रताप को चंदौली का एसडीएम बनाया गया है। संत कुमार को सहायक निदेशक उपाम, अंकित वर्मा को एसडीएम हापुड़ के पद पर तैनाती दी गई है।

## यूपी बोर्ड परीक्षा के तीसरे दिन 90 हजार से अधिक ने छोड़ी परीक्षा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित कराई जा रही हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा के तीसरे दिन 90248 परीक्षार्थी परीक्षा के दौरान अनुपस्थित पाये गये। इनमें पहली पाली में 56806 और 33442 परीक्षार्थी शामिल हैं। सोमवार को पहली पाली में हाईस्कूल की गृहविज्ञान और इंटर की लेखाशास्त्र की परीक्षा थी। जबकि दूसरी पाली में इंटर की भूगोल की परीक्षा थी। पहली पाली की परीक्षा के लिए 959229 और दूसरी पॉली की परीक्षा के लिए 366270 परीक्षार्थी पंजीकृत थे।

## चरमरा चुकी है पूरे प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था: कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** पार्टी ने कहा है कि जहां पूरे प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था चरमरा चुकी हैं वहीं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री का निरीक्षण कहीं कारगर साबित होते नजर नहीं आया। पूरे प्रदेश के अस्पतालों में जहां चिकित्सक सहित पैरामेडिकल स्टाफ की भारी कमी देखी जा रही है वहीं पर राजधानी स्थित बहुत ही महत्वपूर्ण कैंसर संस्थान स्वयं कैंसर से पीड़ित दिखाई दे रहा है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय ने बताया कि प्रदेश मुख्यालय के कैंसर संस्थान में पूर्ण कालिक निदेशक का न होना चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के प्रति सरकार की उदासीनता दर्शाता है। जहां 56 चिकित्सक विशेषज्ञों को होना चाहिए वहीं पर 25 डॉक्टरों की तैनाती सरकार की लापरवाही का ही परिणाम है। संस्थान में 200 से अधिक बेड के वार्ड और ओटी के तैयार होने के बावजूद केवल 100 बेड का उपयोग गंभीर मरीजों के साथ खिलवाड़ है। प्रवक्ता ने कहा कि नेशनल इंस्टीटयूट रैंकिंग फ्रेमवर्क की ओवरऑल रैंकिंग में पिछड़ता जा रहा है। जहां वर्ष 2018 में 23वें स्थान पर था वह 75वें स्थान पर पहुंच गया है। विगत दिनों जब पूरे प्रदेश में डेंगू का प्रकोप फैला हुआ था उस समय प्रदेश सरकार की लापरवाही के चलते उच्च न्यायालय द्वारा स्वयं संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को निजी तौर पर उपस्थित होने का आदेश हुआ इसके बावजूद भी स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही रुकने का नाम नहीं ले रही है। आज राज्यपाल द्वारा अभिभाषण का एक अंश यह भी रहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार हो रहा है हास्यास्पद लगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को समाप्त करने की केन्द्र सरकार सौगंध खाकर आई है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कांग्रेस का महाअधिवेशन आसन्न है, इसी समय पर महाअधिवेशन को बाधित करने के कुप्रयास में तमाम नेताओं पर ईडी द्वारा छापेमारी की जा रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। इन नौ वर्षों में यदि देखा जाये तो 95 प्रतिशत से अधिक ईडी, आयकर, सीबीआई द्वारा केवल विपक्ष के नेताओं पर छापेमारी की गई, यह भाजपा की कायरता को दर्शाता है।

### प्रदेश के 170 नेताओं को मिला एआईसीसी में स्थान

**लखनऊ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के सदस्यों की सोमवार को घोषणा कर दी गई। इस बहुप्रतिक्षित जारी सूची के मुताबिक उत्तर प्रदेश कांग्रेस के 170 नेताओं को स्थान दिया गया है। जिनमें प्रमुख रूप से कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, पूर्व केंद्रीय सलमान खुर्शीद, राजीव शुक्ला, सांसद प्रमोद तिवारी व पूर्व सांसद पीएल पुनिया, प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. निर्मल खत्री, श्रीप्रकाश जायसवाल, राजबब्बर, अजय कुमार लल्लू, सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई, प्रदीप जैन आदित्य, राशिद अल्वी, लुईस खुर्शीद, पूर्व सांसद कमल किशोर कमांडो, जफर अली नकवी, अनिल शास्त्री, बेगम नूर बानो, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व मंत्री नकुल दुबे, कांग्रेस विधायक दल की नेता आराधना मिश्रा, विधायक वीरेन्द्र चौधरी, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, पूर्व विधायक प्रदीप माथुर, अजय राय, अजय कपूर, संजय कपूर, नदीम जावेद, आचार्य प्रमोद कृष्णम, पूर्व एमएलसी हरीश वाजपेयी, विवेक बंसल, डॉ. राजेश मिश्रा, योगेश दीक्षित, अनिल कुमार यादव, सतीश अजमानी, प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता अशोक सिंह, ललन कुमार, शिव पांडेय, विश्वविजय सिंह, डॉ. प्रमोद पांडेय, दयानंद शुक्ला, नरेश बाल्मीकि, मुकेश चौहान, पंकज तिवारी, सुधांशु त्रिपाठी, संदीप सिंह, पंखुड़ी पाठक, राजेश सिंह काली, ममता चौधरी, रफत फातिमा, ज्ञानेन्द्र व आलोक प्रसाद आदि शामिल हैं।

### मो. इरशाद अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव नियुक्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज आलम द्वारा युवा नेता हाजी मोहम्मद इरशाद उर्फ गुड्डे नवाब को अपने विभाग का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है। प्रांतीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, नकुल दुबे, कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, मीडिया संयोजक अशोक सिंह, प्रदेश प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय आदि ने इसके लिए आलम का आभार व्यक्त किया है।



# डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

संवाददाता। लखीमपुरखीरी

**आमजन** की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए सोमवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में तहसील धौराहरा के तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। शनिवार को महाशिवरात्रि एवं रविवार को अवकाश होने के चलते सोमवार को खीरी की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने एसपी गणेश प्रसाद साहा के साथ फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई की और गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये। डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ



जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मुख्यमंत्री के निर्देशों को अमली जामा पहनाया जाय। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रतानुसार लाभान्वित भी किया जाय। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि जन समस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 44 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 16ए पुलिस 17, विकास 05, नगरीय निकाय एवं खाद्य एवं रसद विभाग 02-02, विद्युत व प्रोबेशन की एक-एक शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ अनिल कुमार सिंह पीडी केके पांडेय, डीडीओ अरविंद कुमार, एसओसी ओपी अंजोर, डीसीओ वेद प्रकाश, डीएसओ अंजनी सिंह, एसडीएम धीरेंद्र सिंह, तहसीलदार भीम चंद्र सहित जिला, तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## युवा प्रेस क्लब की मासिक बैठक आयोजित

संवाददाता। मोहम्मदी खीरी

**युवा** प्रेस क्लब की मासिक बैठक कोषाध्यक्ष आकाश सैनी के निवास पर क्लब के अध्यक्ष मो0अब्बास नकवी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष कमल गुप्ता व उपाध्यक्ष देवरंजन मिश्रा ने वरिष्ठ पत्रकार बीपीसिह को जोड़ने का प्रस्ताव रखा, जिस पर सभी ने सहमति जतायी। पूर्व अध्यक्ष कमल गुप्ता ने कहा कि नए सदस्यों को जोड़ने के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन कर निर्णय लेने की बात की जिसमें अध्यक्ष ने तीन सदस्यीय कमेटी गठित की, साथ ही सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि क्लब का यदि कोई भी व्यक्ति संगठन छोड़ता है तो उसे पुन: किसी कीमत पर क्लब में नहीं जोड़ा जाएगा, वहीं तीन मीटिंगों में न आने पर क्लब की सदस्यता खत्म करने की बात की। प्रत्येक माह के सोमवार को मीटिंग रखने का प्रस्ताव रखा गया तो वही क्लब के अध्यक्ष अब्बास नकवी ने कहा अनुशासनहीनता किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान हुई तीर्थ नगरी

- 84 कोसी परिक्रमा शुरू होने पर बस बचे हैं चंद घंटे
- डंका बजते ही पहले पड़ाव कोरौना को कूच करेगा जत्था

संवाददाता। सीतापुर ।

**चौरासी** कोसी परिक्रमा शुरू होने से पहले ही तीर्थ नगरी नैमिषारण्य में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। देश-विदेशों से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला तेज हो चुका है। मंगलवार की सुबह चार बजते ही डंका बजेगा और फिर रामादल रामधुन गाते हुए पहले पड़ाव कोरौना की ओर कूच कर जाएगा। परिक्रमा शुरू होने में अब से बस चंद घंटे ही बचे हैं। इस पल का हर किसी को बड़ी ही बेसब्री से इंतजार है। 84 कोसी परिक्रमा में पहुंचे श्रद्धालु और साधु संतो की बातचीत हम आपको सुनाएंगे, लेकिन उससे पहले नैमिषारण्य में परिक्रमा शुरू होने और उसके पहले की कुछ खास बातों से आपको रूबरू कराते हैं। दरअसल, नैमिषारण्य-मिश्रिख की पौराणिक चौरासी कोसी परिक्रमा पहला आश्रम में डंके की आवाज गूंजने के साथ शुरु होती है। सनातन परंपरा के अनुसार इस पावन परिक्रमा में परिक्रमार्थी सबसे पहले आदि गंगा गोमती व चक्र तीर्थ में स्नान करते हैं। उसके बाद चक्रतीर्थ परिसर में स्थित श्री गणेश भगवान को लड्डुओं का भोग लगाकर मां ललिता देवी का आशीर्वाद लेते हैं। आश्रम में डंका बजने के बाद घोड़े पर सवार बाबा डंका बजाते हुए पूरे नैमिष का भ्रमण करते हैं। इसी के साथ आश्रम, मंदिरों धर्मशालाओं, सड़कों के किनारे विश्राम कर रहे परिक्रमार्थी परिक्रमा पथ पर निकल पड़ते हैं, इसमें महिलाएं, बच्चे व बुजुर्ग तक शामिल होते हैं। जय श्री राम के उद्घोष के साथ 84 कोसी परिक्रमा का शुभारंभ मां ललिता देवी चौराहे से होता है। रौनक सोमवार से दिखने लगी। संत-महंत व श्रद्धालु परिक्रमा की तैयारी में जुट गए हैं। आपको बताते चलें कि डंका बजते ही चौरासी कोसीय परिक्रमा पथ रामनाम के जयघोष से गूंज उठेगा। सिर पर और हाथों में सामान की गठरी उठाए परिक्रमार्थी परिक्रमा के पहले पड़ाव की ओर बढ़ते जाएंगे। इस बीच रास्ते में श्रद्धालुओं के सामने तमाम मुश्किलें भी आती हैं, लेकिन राम नाम के आगे सारी मुश्किलें बौनी पड़ जाएंगी। इसीलिए देश के कोने कोने से परिक्रमार्थी आते हैं।

## पुलिस मुठभेड़ में पशु तस्कर गिरफ्तार, दो फरार

**बरेली**। गौवंशीय पशु को काटने के लिए ले जा रहे तस्करों को देखकर पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तब तस्करों ने फायर कर दिया लेकिन जवाबी फायरिंग में एक तस्कर घायल हो गया उसके दो साथी मौका देखकर फरार हो गए। पुलिस ने घायल तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से गौ वंशीय पशु व अन्य सामान बरामद कर उसके फरार साथियों की तलाश शुरू कर दी। बहेड़ी थाना क्षेत्र में बीती रात पॉलिटेक्निक स्कूल के पास रुड़की रोड पर गश्त कर रही पुलिस टीम ने देखा कि 3 पशु तस्कर एक गौ वंशीय पशु को बांधकर जंगल में ले जा रहे हैं। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की और तब तस्करों ने फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिससे बहेड़ी के मोहल्ला टांडा का रहने वाला तस्कर फरमान पुत्र इब्राहिम घायल हो गया पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया उसके पास से पुलिस ने एक गोवंशीय पशु, लकड़ी का एक गुटका,रस्सी व पशु को काटने के काम आने वाले औजार बरामद किए।

# समायोजन को लेकर अंबेडकर मैदान पहुंचे शिक्षा मित्र

- राजधानी में समान कार्य, समान वेतन की शिक्षा मित्रों ने उठाई मांग
- सीतापुर से करीब 2 हजार से अधिक शिक्षा मित्र पहुंचे लखनऊ

संवाददाता। सीतापुर

**परिषदीय** विद्यालयों में कार्यरत शिक्षामित्र लंबे समय से शिक्षक पद पर समायोजन को लेकर मांग करते चलें आ रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी मांगों को अनसुना कर रही है। एक दिन पहले ही शिक्षामित्रों के सेवा काल का समय 60 साल तय कर दिए जाने के अगले ही दिन सोमवार को प्रदेश भर के अलग-अलग शहरों से शिक्षामित्र लखनऊ पहुंचे। राजधानी से सटे सीतापुर जिले से भी करीब दो हजार से अधिक शिक्षा मित्र लखनऊ गए और अपनी मांगों को लेकर हुंकार भरी। केंद्रीय मंत्री ने मौके पर पहुंचकर शिक्षा मित्रों से मिलकर उनकी बात सरकार तक पहुंचाने का भरोसा दिलाया। आइए आपको पूरे मामले से रूबरू करा देते हैं कि शिक्षा मित्र किन-किन मांगों को लेकर लखनऊ के रमाबाई अंबेडकर मैदान पहुंचे। आपको बता दें कि रमाबाई अंबेडकर मैदान में महासम्मेलन का आयोजन आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश, उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ, दूरस्थ बीटीसी शिक्षक संघ समेत विभिन्न संगठनों के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। महासम्मेलन में कई शिक्षामत्र अपने परिवार के साथ भी पहुंचे थे। सीतापुर से आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रमोद शुक्ला, महामंत्री ममता तिवारी के नेतृत्व में जिले से दो हजार से अधिक शिक्षा मित्र लखनऊ पहुंचे थे। 12 से शुरू हुआ धरना प्रदर्शन शाम चार बजे तक चलता रहा। आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रमोद शुक्ला ने मांग की कि, महंगाई के दौर में मात्र 10000 रुपये प्रतिमाह मानदेय वर्ष में 11 महीने ही मिलता है। शिक्षामित्रों के परिवार का भरण पोषण नहीं हो पा रहा है। शिक्षामित्रों के कंधों पर परिवार का बोझ है। बच्चों की पढ़ाई व उनकी शादी की जिम्मेदारी उठानी मुश्किल हो रही है। कहा कि शिक्षामित्र बड़ी संख्या में अवसाद की स्थिति में जी रहे हैं। सभी संगठनों के नेताओं ने कहा कि वह एकजुटता दिखाने के लिए ही एक मंच पर आए हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमें पूरी उम्मीद है कि सरकार हमारी बात सुनेगी। महासम्मेलन में पहुंचे केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने कहा कि वह शिक्षामित्रों के साथ हैं। शिक्षामित्रों की मांग को सरकार तक पहुंचाएंगे। सरकार भी शिक्षामित्रों की मांगों के प्रति गंभीर है। खैराबाद ब्लॉक के अध्यक्ष संतोष मिश्रा की माने तो पूरे जिले से करीब 39 बसों से शिक्षामित्र लखनऊ गए थे। अपनी मांग रखी है। उम्मीद है कि सरकार उनकी मांगों को मानेगी।

# डीएम-एसपी ने ढखेरवा में अतिक्रमण अभियान का लिया जायजा, दिए निर्देश



संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**सोमवार** को संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत तहसील धौराहरा से जिला मुख्यालय वापस आते समय जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के साथ ढखेरवा में तहसील प्रशासन द्वारा चलाए गए अतिक्रमण अभियान की पड़ताल की। डीएम-एसपी ने ढखेरवा में पैदल भ्रमण कर अतिक्रमण अभियान की प्रगति जानी व संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिए कि जिन स्थानों से अतिक्रमण हटा है, भविष्य में उन स्थलों पर पुन अतिक्रमण ना हो, इसका निरंतर अनुश्रवण किया जाए। उन्होंने कहा कि बिना किसी भेदभाव के मार्गो से अतिक्रमण हटवाकर आवागमन के लिए सुगम यातायात मुहैया कराया जाए। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से भी संवाद किया।

## क्विक न्यूज

### दहेज के लिए विवाहिता की हत्या

**ओयल खीरी**। चौकी ओयल क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले गांव शंकरपुर में दहेज हत्या का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के मुताबिक आज से लगभग 3 वर्ष पूर्व थाना मितौली के गांव ललौहापुर की रहने वाली नीतू राज की शादी ओ यल शंकरपुर रहने वाले मोनू उर्फसूरज के साथ में हुई थी। नीतू के परिवार वालों में अपनी औकात के हिसाब से दान दहेज दिया था। मगर दिए गए दान दहेज से ससुराल पक्ष खुश नहीं था और लगातार दहेज की मांग करते हुए नीतू को प्रताड़ित कर रहे थे। नीतू के परिवार वालों द्वारा बताया गया कि दहेज की मांग ना पूरी होने पर 19 फरवरी दोपहर लगभग 3:00 बजे के आसपास इस हत्या की घटना को अंजाम दे दिया गया। घटना की बात आग की तरह फैल गई, मृतक के परिजन जब घर पहुंचे तो विवाहिता का शव कमरे के कुण्डा से लटकता मिला। विवाहिता को ससुराल वालों व मायके वालों द्वारा जिला अस्पताल मोतीपुर लाया गया, परंतु महिला के मौत हो जाने के कारण ससुराल वाले लास को जिला अस्पताल में छोड़कर रफूचक्कर हो गए।

### 20 फरवरी से शुरू होगा सक्रिय रोगी खोजी अभियान

**बरेली**। देश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 20 फरवरी से 3 मार्च तक टीबी रोगी खोजी अभियान (एक्टिव केस फाइंडिंग कैंपेन) चलाया जाएगा। ये जानकारी देते हुए सीएमओ डॉक्टर बलवीर सिंह ने बताया की घर घर टी बी के रोगी खोजे जायेंगे और प्रधान मंत्री के संकल्प को पूरा करना है ।जिला क्षय अधिकारी डॉ. केके मिश्रा ने बताया कि 20 से 24 फरवरी तक अनाथालय, वृद्ध आश्रम, नारी निकेतन, बाल संरक्षण गृह, मदरसा, नवोदय विद्यालय एवं कारागार में विशेष एक्टिव केस फाइंडिंग कैंपेन चलाया जाएगा। जिसके तहत एटीईपी कर्मचारी संभावित क्षय रोगियों की पहचान करेंगे।

परिशिष्ट IV-A
नियम 8(6) का नियम देखें
**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**
सिक्योरीटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढ़ते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ़ सिक्योरीटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।
सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गारेंटर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड** [CIN: L65922DL2005PLC136029] (**सुरक्षित लेनदार द्वारा**) द्वारा **रचनात्मक कब्जा** लिया जा चुका है, को **28.03.2023** को **दोपहर 02.00 से 04.00 बजे** तक ''जहाँ है'', ''जैसा है'', और ''जो कुछ भी है'' की वसूली के लिए ऋण खाता नं. **HHLNOI00353125** के लिए **रु. 28,60,631/- (रुपए अट्ठाईस लाख साठ हजार छह सौ इकतीस मात्र)** के लिए **15.02.2023** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंभ शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य संबंधित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **16.02.2023** से प्रभावी जो **विकास ढाका** और **सुनीता देवी** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।
अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित **मूल्य रु. 21,00,000/- (रुपए इक्कीस लाख मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(ईएमडी) रु. 2,10,000/- (रुपए दो लाख दस हजार मात्र)** यानी यह आरक्षित मूल्य के 10% के बराबर होगा।
**अचल संपत्ति का वर्णन**
**राम पार्क, लोनी-201001, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में प्लॉट नंबर बी -226, खसरा नंबर 1342/2 पर स्थित तीन मंजिला इमारत पर दूसरी मंजिल पर 74.32 वर्ग मीटर का एरिया कवर कर फ्लैट नंबर एस-5 (बिना छत के अधिकार के) बनाया गया है. संपत्ति निम्नानुसार परिबद्ध है:**
**पूर्व : 30 फीट चौड़ा रोड**
**पश्चिम : दूसरे का फ्लैट**
**उत्तर : प्लॉट नं. बी-225**
**दक्षिण : प्लॉट नं. बी-227**
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.indiabullshomeloans.com पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।
सही
**दिनांक: 17.02.2023** **अधिकृत अधिकारी**
**स्थान: गाजियाबाद** **इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

# बेटियों को बचाने, पढ़ाने का लिया संकल्प

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**महिला** कल्याण विभाग के तत्वावधान में सोमवार को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली एवं बेहजम में नव जन्मी कन्याओं का जन्म उत्सव मनाया गया। खीरी जिले में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार और डीएम के निर्देश पर जनपद खीरी की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली एवं बेहजम में एक अनोखा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके तहत नवजात शिशुओं से अस्पताल में केक कटवा कर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर करीब आधा दर्जन अभिभावकों को बधाई पत्र मिष्ठान बेबी किट आदि का वितरण कर सम्मानित किया गया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में जनपद में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बेटियों के प्रति अभिभावकों में सकारात्मक दृष्टिकोण उत्पन्न करने एवं संस्थागत प्रसव को बढ़ावा दिए जाने के उद्देश्य से अधिकारियों की तरफ से जनपद में विभिन्न स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। डीपीओ संजय कुमार निगम ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली एवं बेहजम में नव जन्मी बालिकाओं के अभिभावकों को बधाई पत्र दिया गया, तथा उनसे आग्रह किया गया कि बिना किसी भेदभाव के अपनी बेटियों का लालन-पालन करें। सरकार से मिलने वाली सभी योजनाओं का हर किसी को लाभ पहुंचेगा। बता दें कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का मुख्य उद्देश्य बेटियों के अस्तित्व को बचाना एवं उनकी सुरक्षा को सुनिश्चित करना है। इसके साथ शिक्षा के माध्यम से लड़कियों को सामाजिक और वित्तीय रूप से स्वतंत्र बनाना है। लोगों को बेटियों के प्रति जागरुक करना एवं महिलाओं के लिए कल्याणकारी सेवाएं वितरित करने में सुधार करना है।

# रौजा पुलिस ने नकली खाद बनाकर बेचने वाले अपराधियों पर की गैंगस्टर की कार्यवाही

**शाहजहांनपुर**। थाना रौजा पुलिस ने गिरोह बनाकर आर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिए नकली खाद व खतरनाक जहरीली दवाओ के मिश्रण से नकली खाद तैयार करने वाले गैंग क दो सक्रीय सदस्यों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके पास से फर्जी आधार कार्ड व फर्जी बिल बरामद किए। पुलिस अधीक्षक एस.आनन्द के आदेश पर क्षेत्राधिकारी सदर ने गैंग बनाकर अपराध करने वाले विजय गौड पुत्र महेशचन्द शर्मा निवासी मो चौभुर्जी थाना कोतवाली व पंकज मिश्रा पुत्र हरिओम मिश्रा निवासी थाना सदर बाजार को पकड़ कर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया था पुलिस ने पुलिस अधीक्षक एस आनन्द के आदेश पर दोनों अपराधियों पर की गैंगस्टर की कार्यवाही की इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक रोजा कुवंर बहादुर सिंहने बताया विजय गौड और उसका साथी पंकज मिश्रा गिरोह बनाकर अपने व गिरोह के आर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिए नकली खाद व खतरनाक जहरीली दवाओ के मिश्रण से नकली खाद तैयार कर व फर्जा आधार कार्ड व फर्जी बिल तैयार कर विभिन्न कम्पनियो के नकली खाद तैयार कर किसानो को बेचकर व धोखाधड़ी करके अवैध रुप से धन कमाते थे ।



# युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**बरेली**। पत्नी से हुए विवाद के बाद एक युवक ने बीती रात घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी । सुभाष नगर थाना क्षेत्र के ग्राम सर्वोदय नगर निवासी बीएसएनएल के रिटायर्ड कर्मचारी अशोक कुमार के 31 वर्षीय बेटे शिवम शर्मा ने बीती रात घर के कमरे में छत के कुंडे से दुपट्टा बांध कर फांसी लगा ली।

परिशिष्ट IV-A
नियम 8(6) का नियम देखें
**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**
सिक्योरीटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढ़ते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ़ सिक्योरीटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।
सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गारेंटर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड** [CIN: L65922DL2005PLC136029] (**सुरक्षित लेनदार द्वारा**) द्वारा **रचनात्मक कब्जा** लिया जा चुका है, को **28.03.2023** को **दोपहर 02.00 से 04.00 बजे** तक ''जहाँ है'', ''जैसा है'', और ''जो कुछ भी है'' की वसूली के लिए ऋण खाता नं.**HHLNOD00249718** के लिए **रु. 11,21,313/- (रुपये ग्यारह लाख इक्कीस हजार तीन सौ तेरह मात्र)** के लिए **13.02.2023** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंभ शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य संबंधित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **14.02.2023** से प्रभावी जो **विनय कुमार पांडे, गीता राय, शेर मोहम्मद** और **जुबेर काशिम** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।
अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित **मूल्य रु.10,00,000/- (रुपये दस लाख मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(ईएमडी) रु. 1,00,000/- (रुपये एक लाख मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य के 10% के बराबर होगा।
**अचल संपत्ति का वर्णन**
**फ्लैट नं. एसएफ-3, प्लॉट नं. बी-3/24, दूसरी मंजिल, पीछे की तरफ, डीएलएफ अंकुर विहार, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201010**
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.indiabullshomeloans.com पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।
सही
**दिनांक: 17.02.2023** **अधिकृत अधिकारी**
**स्थान: गाजियाबाद** **इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

# पेज एक का शेष

## छत्तीसगढ़ में...

कांग्रेस आज दिन में रायपुर स्थित ईडी कार्यालय का घेराव करेगी।मामले में अब तक राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी सौम्या चौरसिया, सूर्यकांत तिवारी, उनके चाचा लक्ष्मीकांत तिवारी, छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस अधिकारी समीर विश्नोई और एक कोयला कारोबारी सुनील अग्रवाल समेत नौ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## ईडी के छापे...

पूर्ण अधिवेशन होकर रहेगा। यह कार्रवाई हमारे लिए बूस्टर डोज है। हम डरने वाले नहीं हैं। अडाणी समूह से जुड़े मामले का हवाला देते हुए सवाल किया, हमारे देश का सबसे बड़ा घोटाला है जिससे प्रधानमंत्री खुद जुड़े हैं। प्रधानमंत्री के पसंदीदा उद्योगपति गौतम अडाणी के गैरकानूनी कारनामे रोज सामने आ रहे हैं। इसकी जांच क्यों नहीं होती ?

## बदले की भावन...

संवाददाताओं से कहा, कांग्रेस को भ्रष्टाचार पर बिल्कुल भी नहीं बोलना चाहिए न ही बदले की भावना से कार्रवाई करने का आरोप लगाना चाहिए। यह शर्मनाक है। एक के बाद एक कांग्रेस सरकारें भ्रष्टाचार से जुड़े मुद्दों के चलते ही सत्ता से बाहर हो गई हैं। उन्होंने आगे कहा, जांच एजेंसियां अपना होमवर्क करती हैं और केवल जब उनके पास आवश्यक साक्ष्य होते हैं, तभी वे जाकर जांच करते हैं ... यह अजीब है कि एक पार्टी, जिसका पूर्व अध्यक्ष और एक पूर्व से पूर्व अध्यक्ष, भ्रष्टाचार से संबंधित मामलों में जमानत पर बाहर हैं, भ्रष्टाचार की बात कर रही है। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर राजनीतिक कारणों से देश को आगे बढ़ने से रोकने का भी आरोप लगाया।

## नीति आयोग के...

गया है। विश्व बैंक का मुख्यालय वाशिंगटन डीसी, अमेरिका में है। आदेश में कहा गया कि अय्यर 1988 बैच के आईएएस अधिकारी राजेश खुल्लर का स्थान लेंगे, जिन्हें उनके कैडर राज्य हरियाणा में वापस भेज दिया गया है। अय्यर 24 जून, 2022 को दो साल के लिए नीति आयोग के सीईओ नियुक्त किए गए थे। एक अन्य आदेश में, राजेश राय को सरकारी उपक्रम आईटीआई लिमिटेड में पांच वर्ष के लिए चेयरमैन और प्रबंध निदेशक के तौर पर नियुक्त किया गया है। राय इस समय महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) के महाप्रबंधक हैं।

## राहुल गांधी के...

परंपरा है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री का पूरी दुनिया में सम्मान है और उन्होंने देश की 80 करोड़ जनता के जीवन में खुशियां लाई हैं और देश की सुरक्षा और विकास सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि हमारे ऐसे प्रिय प्रधानमंत्री के लिए इस तरह की भाषा के इस्तेमाल की मैं कड़ी निंदा करता हूं। शाह ने कहा कि यह मेरे लिए और सभी के लिए चिंता की बात है कि राहुल गांधी के कांग्रेस का नेता बनने के बाद से पार्टी पदाधिकारियों का स्तर दिन प्रतिदिन गिरता जा रहा है।

## विपक्षी दल 2024...

दलों को भारतीय जनता पार्टी का मुकाबला करने के लिए एक संयुक्त मोर्चा बनाना चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री के अनुसार, हर पार्टी की अपनी ताकत है। यह स्वीकारोक्ति भी है कि कांग्रेस को छोड़कर दूसरे सभी विपक्षी दल एक राज्य तक सीमित दल हैं। उन्होंने कहा, मैं आशा करता हूं कि शरद पवार, नीतीश कुमार, सीताराम एचुरी और एम के स्टालिन सभी दलों पर यह प्रभाव डाल सकते हैं कि वे लोकसभा चुनाव में नए नजरिए के साथ आगे बढ़ें। पार्टी के संविधान के मुताबिक कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के आधे सदस्यों का चुनाव होना चाहिए। साथ ही, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस की शीर्ष नीति निर्धारक इकाई सीडब्ल्यूसी में नौजवान नेताओं को जगह दी जानी चाहिए।

## बिहार जेल में...

उनके पेट का एक्सरे किया गया और जांच के दौरान बाहरी कणों की मौजूदगी दिखी। इसकी पूरी तरह से जांच करने की जरूरत है। बाद में गोपालगंज जिला अस्पताल द्वारा एक मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया जिसने कैदी को आगे के इलाज के लिए पटना मेडिकल कॉलेज और अस्पताल रेफर कर दिया। जेल के अंदर कैदी द्वारा मोबाइल फोन के इस्तेमाल से सुरक्षा अधिकारियों की साख पर सवाल खड़े हो गए हैं। गौरतलब है कि मार्च 2021 में राज्य भर की जेलों पर की गई छापेमारी के दौरान लगभग 35 सेलफोन, 7 सिम कार्ड और 17 सेलफोन चार्जर बरामद किए गए थे। ये छापेमारी कटिहार, बक्सर, गोपालगंज, नालंदा, हाजीपुर, आरा, जहानाबाद और राज्य की अन्य कुछ जेलों में की गई थी।

परिशिष्ट IV-A
नियम 8(6) का नियम देखें
**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**
सिक्योरीटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढ़ते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ़ सिक्योरीटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।
सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गारेंटर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड** [CIN: L65922DL2005PLC136029] (**सुरक्षित लेनदार द्वारा**) द्वारा **वास्तविक कब्जा** लिया जा चुका है, को **28.03.2023** को **दोपहर 02.00 से 04.00 बजे** तक ''जहाँ है'', ''जैसा है'', और ''जो कुछ भी है'' की वसूली के लिए ऋण खाता नं. **HHLVAS00279730** के लिए **रु. 33,43,319/- (रुपए तैंतीस लाख तैंतालीस हजार तीन सौ उन्नीस मात्र)** के लिए **15.02.2023** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंभ शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य संबंधित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **16.02.2023** से प्रभावी जो **लव कुमार, जगदीश चंद** और **जय लक्ष्मी** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।
अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित **मूल्य रु. 27,50,000/- (रुपये सत्ताईस लाख पचास हजार मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(ईएमडी) रु. 2,75,000/- (रुपये दो लाख पचहत्तर हजार मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य के 10% के बराबर होगा।
**अचल संपत्ति का वर्णन**
**पी.नंबर 1/6560, जीएफ (एलएचएस), ईस्ट रोहताश नगर, नई दिल्ली, दिल्ली-110032**
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.indiabullshomeloans.com पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।
सही
**दिनांक: 17.02.2023** **अधिकृत अधिकारी**
**स्थान: नई दिल्ली** **इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

परिशिष्ट IV-A
नियम 8(6) का नियम देखें
**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**
सिक्योरीटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढ़ते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ़ सिक्योरीटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।
सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गारेंटर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड** [CIN: L65922DL2005PLC136029] (**सुरक्षित लेनदार द्वारा**) द्वारा **रचनात्मक कब्जा** लिया जा चुका है, को **28.03.2023** को **दोपहर 02.00 से 04.00 बजे** तक ''जहाँ है'', ''जैसा है'', और ''जो कुछ भी है'' की वसूली के लिए ऋण खाता नं. **HHLDMT00241731** के लिए **रु. 20,51,490/- (रुपये बीस लाख इक्यावन हजार चार सौ नब्बे मात्र)** के लिए **15.02.2023** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंभ शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य संबंधित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **16.02.2023** से प्रभावी जो **अनुज कुमार जैन** और **रिंकी जैन** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।
अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रु. 15,10,000/- (रुपये पंद्रह लाख दस हजार मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(ईएमडी) रु. 1,51,000/- (रुपये एक लाख इक्यावन हजार मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य के 10% के बराबर होगा।
**अचल संपत्ति का वर्णन**
**पहली मंजिल बिना छत/बरामदा के सामने की ओर का भाग, कुल क्षेत्रफल 100 वर्ग गज में से संपत्ति का अधिकार संख्या C-82, क्षेत्रफल 60 वर्ग गज है, और उसमें भी खसरा संख्या 354 में से, गांव बिंदापुर के क्षेत्र में स्थित, 'विश्वास पार्क' के नाम से जानी जाने वाली कॉलोनी में, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059 में स्थित है, जिसके नीचे जमीन के समानुपाती अधिकार, सामान्य सीढ़ी, भूतल पर टू-व्हीलर, कार पार्किंग स्थल उपलब्ध है।**
**निम्नानुसार परिबद्ध है:-**
**पूर्व : रोड 20 फीट**
**पश्चिम : रोड 20 फीट**
**उत्तर : दूसरे की संपत्ति**
**दक्षिण : दूसरे की संपत्ति**
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.indiabullshomeloans.com पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।
सही
**दिनांक: 17.02.2023** **अधिकृत अधिकारी**
**स्थान: नई दिल्ली** **इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

# समाधान दिवस पर कोई मायूस न लौटे

**●जिलाधिकारी ने किया निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण ●बीडीओ को कारण बताओ नोटिस, जेई को प्रतिकूल प्रविष्टि**

संवाददाता। मानिकपुर, चित्रकूट।



**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला की मौजूदगी में जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी से कहा कि भूमि विवाद से सम्बन्धित मामलों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम मौके भेजकर निस्तारण करायें। सोमवार को तहसील सभागार मानिकपुर में जिलाधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशानुसार समय सीमा के भीतर समस्याओं का निस्तारण करायें। जिस समस्या का निस्तारण कराया जाए, उसके बाबत संबंधित व्यक्ति को भी अवगत कराएं। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, उपजिलाधिकारी मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक ऋषिमुनि उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेन्द्र, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ इम्तियाज, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चंद्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, अधिशासी अधिकारी मानिकपुर राम आशीष वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, खंड विकास अधिकारी मानिकपुर धनंजय सिंह समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने अटल भू-जल योजना के तहत मानिकपुर ब्लाक के खिचरी व रामपुर तरौंहा गांव के मजरा तख्तूपुर के तालाबों पर कराये निर्माण कार्य एवं मानिकपुर में निर्माणाधीन ड्रग वेयर हाउस का औचक निरीक्षण किया। सोमवार को जिलाधिकारी ने खिचरी गांव के साहनी तालाब का निरीक्षण कर मानकविहीन कार्य मिलने पर बीडीओ को कारण बताओ नोटिस एवं अवर अभियंता लघु सिंचाई को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने तालाब के निर्माण में हो रही सामग्री का नमूना लेकर मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि इसकी जांच करायें। गुणवत्ता में कमी मिलने पर ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही करें। घाट निर्माण में फिनिशिंग सही न होने पर दुरुस्त कराने के निर्देश दिये। तालाब की अच्छी तरह से साफ-सफाई करायें। पाथवे के किनारे दीवारों के निर्माण में लगी ईंट व बालू का प्रयोग सही नहीं किया गया है। इसे तोड़कर दोबारा बनवायें।

जिलाधिकारी ने रामपुर तरौंहा के मजरा तख्तूपुर में रौहानी तालाब के निरीक्षण में इंटरलॉकिंग, पाथवे, रैम्प, घाट आदि देखे। बीडीओ को निर्देश दिए कि इस तालाब को अच्छी तरह से सजाएं। यह आबादी के अंदर का तालाब है। यहां पर अच्छी तरह से लाइटिंग, बैठने का स्थान बनाया जाए। जो शासकीय जमीन तालाब के बगल में खाली पड़ी है, उसका उप जिलाधिकारी मानिकपुर से संपर्क कर चिन्हांकन कराकर पार्क की भी व्यवस्था सुनिश्चित करायें।

## अमावस्या पर हुई गंगा आरती भक्तगणों ने किया दीपदान

**फतेहपुर।** गंगा बचाओ सेवा समिति, नमामि गंगे एवं जिला गंगा समिति द्वारा अमावस्या पर ओमघाट मे गंगा आरती का आयोजन किया गया। गंगा बचाओ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र शरन सिम्पल द्वारा अमावस्या पर आयोजित गंगा आरती में शामिल होने पहुंचे गंगा भक्तों ने स्वच्छता का संकल्प लिया। भाजपा के प्रान्तीय सदस्य राम प्रताप सिंह गौतम ने कहा कि गंगा में किसी भी प्रकार पूजन सामग्री एवं कूड़ा ना डालें और गंगा को स्वच्छ रखने में सहयोग करें। समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिंपल ने कहा कि गंगा को स्वच्छ रखने के लिए सरकार प्रयत्न शील है। गंगा बचाओ सेवा समिति के द्वारा आए हुए सभी गंगा भक्तों को प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर स्वामी विज्ञानानंद, गायत्री परिवार के डॉ. आर.पी. दीक्षित, संजय गुप्ता, बिनोद गुप्ता, वीरेंद्र साहू, संजय साहू, समिति के ज्ञान चंद गुप्ता, सुरेंद्र पाठक, मनोज सोनी, रामस्वरूप गुप्ता, ममता गुप्ता, वन्दना गुप्ता, किरन सिंह गुप्ता, आशा त्रिपाठी, अर्चना सिंह, अरूण जयसवाल, राकेश कुमार, अविनाश तिवारी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने भ्रमण कर बोर्ड परीक्षाओं का किया निरीक्षण

संवाददाता। कानपुर देहात



**जनपद** में चल रही हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा को नकल विहीन व शुचितापूर्ण ढंग से कराए जाने के दृष्टिगत आज प्रथम पाली में जिलाधिकारी नेहा जैन ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों की भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण व नकल विहीन संपन्न कराएं इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने अकबरपुर इंटर कॉलेज, अहिल्याबाई होल्कर इंटर कॉलेज एवं ब्राइट एंजिल्स एजुकेशन सेंटर का निरीक्षण किया, जिसमें शांति पूर्वक परीक्षा का सम्पादन किया जा रहा था, उन्होंने सीसीटीवी के माध्यम से भी परीक्षा कक्षों का जायजा लिया व पर्यवेक्षण में किसी भी प्रकार से शिथिलता न बरतें जाने की हिदायत दी।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों में स्थापित कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित केंद्र व्यवस्थापक एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट, कक्ष निरीक्षक आदि को निर्देशित किया कि परीक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही ना होने पाए एवं पूर्ण परीक्षा में गंभीरता से कार्य करें। सीसीटीवी कैमरा संचालित रहे तथा पूरी नजर स्क्रीन पर रखे।

**डीएम ने जिला चिकित्सालय निरीक्षण के दौरान जांची डॉक्टरों की उपस्थिति**

जिलाधिकारी नेहा जैन ने आज प्रातः करीब 9 बजे जिला चिकित्सालय अकबरपुर का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम ओपीडी कक्ष में चिकित्सकों की उपस्थिति जांची जिसमें ईएनटी के डॉ राम कुमार व अनुज शुक्ला एवं मौके पर कान के इलाज हेतु खड़े परिजनों से बात की, जिसमें मरीज़ करिश्मा द्वारा बताया गया कि वह समय से अस्पताल में आई थी पर चिकित्सक की अनुपस्थित होने से उनको इलाज में तकलीफ होती है। उन्होंने टीकाकरण हेतु टीके का भंडारण की स्थिति पूछी जिसमें बताया गया कि उचित मात्रा में भंडारण है। जिलाधिकारी को मौके पर शल्य चिकित्सक डॉ0 जसवीर सिंह, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ धर्मवीर चौधरी अनुपस्थित मिले व नेत्र चिकित्सक कक्ष भी बंद पाया गया। इसके पश्चात सिटी स्कैन सेंटर, वन स्टॉप सेंटर, ट्रामा सेंटर आदि का निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पुरुष भी अनुपस्थित मिले जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुपस्थित चिकित्सकों के वेतन रोके जाने एवं स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए।

## बांदा की तहसील नरैनी सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**बांदा।** जिलाधिकारी बांदा श्रीमती दीपा रंजन की अध्यक्षता में तहसील नरैनी सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जन शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्धता के साथ किया जाए, इसमें किसी भी प्रकार शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने गत समाधान दिवस में प्राप्त हुए प्रकरणों के निस्तारण की गुणवत्ता को चेक किया तथा लम्बित मामलों को शीघ्र निस्तारित किये जाने के निर्देश उप जिलाधिकारी नरैनी को दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस, तहसील नरैनी में कुल 35 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिनमें से मौके पर 04 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष आवेदन पत्रों को सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को इस निर्देश के साथ दिये गये कि सम्बन्धित आवेदन पत्रों का शीघ्रता से गुणवत्तायुक्त निस्तारण कराया जाए। समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विकास, आपूर्ति, विद्युत विभाग, नगर पंचायत आदि विभागों से सम्बन्धित आवेदन पत्र प्राप्त हुए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रतिदिन कार्यालय में बैठकर जनता की समस्यायें सुनकर उनका गुणवत्तायुक्त निस्तारण करें। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि भूमि पैमाइश एवं भूमि से सम्बन्धित विवादित मामलों में राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर निस्तारण करायें।

# अति पिछड़े ग्राम सिहार पहुंची विभागों की टीम

संवाददाता। फतेहपुर



**जिलाधिकारी** व मुख्य विकास अधिकारी विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ ग्राम सिहार विकास खण्ड भिटौरा का भ्रमण/कैम्प आयोजित करने पहुंचे। ज्ञातव्य रहे कि सिहार ग्राम जिले में आर्थिक एवं सामाजिक रूप से अति पिछड़ा ग्राम माना जाता है। ग्राम में अधिकांश परिवार गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले हैं तथा ग्राम के अधिकांश पात्र परिवार शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से अनभिज्ञ एवं वंचित है। ऐसी स्थिति के दृष्टिगत ग्राम सिहार के ग्रामवासियों को शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से लाभान्वित किये जाने हेतु जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी के आदेश के क्रम में तीन चरण में विभिन्न विभागों द्वारा विगत 19 फरवरी से तीन दिवसीय कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा गोल्डेन कार्ड,

**ग्राम में अधिकांश परिवार हैं गरीबी रेखा के नीचे**

आयुष्मान कार्ड, टीकाकरण, समाज कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं प्रोबेशन द्वारा वृद्धावस्था, विधवा व दिव्यांगजन पेंशन, अभ्युदय पंजीकरण, परिवार आईडी, आधार कार्ड, विद्युत विभाग द्वारा सौभाग्य/समाधान योजना एवं मंगलवार से 24 फरवरी तक तक श्रम एवं रोजगार द्वारा मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम विभाग द्वारा ई-श्रम पंजीकरण एवं श्रमिक दुघर्टना बीमा, कृषि, उद्यान, रेशम विभाग एवं लीड बैंक द्वारा पीएम किसान, उद्यान एवं रेशम सम्बन्धी योजनायें, किसान क्रेडिट कार्ड, मुद्रा लोन। इसके बाद 25 से 27 फरवरी के बीच तक जिला उद्योग केन्द्र द्वारा उद्योग से सम्बन्धित योजनाओं, सेवायोजन कार्यालय द्वारा कौशल विकास, पूर्ति विभाग द्वारा राशन कार्ड, अत्योदय आदि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा स्वयं सहायता समूह प्रशिक्षण योजनाओं से आच्छादित/लाभान्वित किया जायेगा।

कैम्प का आयोजन ग्राम के पंचायत भवन में किया जा रहा है। जिसमें सम्बन्धित विभाग तीनों दिन उपस्थित रहेंगे। कैम्प आयोजन की जानकारी स्वयं विभाग एवं जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा ग्रामवासियों को कराई जा रही है।

## मदनेपुर में 11 कुंडीय श्री रुद्र महायज्ञ की निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**कुठौंद,** जालौन। ग्राम पंचायत मदनेपुर में विशाल 11 कुंडीय श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्री राम कथा महायज्ञ की बैंड बाजे के साथ बड़े ही धूमधाम के साथ 20 फरवरी दिन सोमवार को निकाली गई। भव्य शोभायात्रा इस विशाल शोभायात्रा में हजारों की संख्या में स्त्री एवं पुरुषों के साथ अनेकों साधु संतों ने भी सहभागिता की। 11 कुंडीय श्री रूद्र महायज्ञ के प्रबंधक बृजेंद्र सिंह श्री बालाजी सेवा समिति मदनेपुर तथा महायज्ञ के सरस मधुर कथा वाचक श्री श्री 1008 महंत श्री नृत्य गोपाल दास के कृपा पात्र शिष्य महंत श्री अवधेश दास महाराज निवास श्रीधाम अयोध्या मणिराम दास छावनी एवं यज्ञ आचार्य पंडित राजीव कुमार त्रिपाठी शास्त्री श्री धाम वृंदावन तथा संरक्षक श्री श्री 1008 महंत श्री गोपाल दास महाराज मंडलेश्वर बगरा एवं इस विशाल यज्ञ के पारीछत श्रीमती कस्तूरी देवी एवं श्री राम आश्रम तथा इस विशाल महायज्ञ में आगंतुक संत भगवान संत शिरोमणि श्री श्री 1008 ददरुआ सरकार, श्री श्री 1008 रविशंकर महाराज रावतपुरा सरकार, श्री श्री 1008 रामकरण दास महाराज बड़ा स्थान कालपी, श्री श्री 1008 महंत गोपाल दास जी महाराज महामंडलेश्वर जैनपुर, श्री श्री 1008 राघवेंद्र दास महाराज पिरोना, श्री श्री 1008 श्री रामदास महाराज ठड़ेश्वरी मंदिर उरई, श्री श्री 1008 राम नारायण दास त्यागी महाराज चित्रकूट, आदि इसमें सहभागी रहे।

## क्विक न्यूज

### जमीन कब्जाने पर सपा नेता समेत छह के खिलाफ एफआईआर

**फतेहपुर।** सपा नेता समेत छह लोगों लोगों के खिलाफपूर्व विधायक की ओर से मारपीट और बलवे का मुकदमा दर्ज कराया गया है। जमीन विवाद में शुक्रवार रात पूर्व विधायक समेत आठ के खिलाफएफआईआर दर्ज की गई थी। सदर कोतवाली क्षेत्र के ज्वालागंज निवासी पूर्व विधायक आनंद प्रकाश लोधी ने एफआईआर में बताया कि उनकी सरायं जगत स्थित जमीन पर 16 फरवरी को दबंगई पूर्वक शिवबहादुर सिंह उर्फपिंटू सिंह, सपा नेता राजेंद्र लोधी उर्फराजू लोधी, राधे, विजय सिंह, आनंद सिंह, विनोद कुमार कुछ अज्ञात समर्थकों संग निर्माण करा रहे थे। निर्माण सामाग्री भी इकट्ठा किए थे। जबकि मामला कोर्ट में विचाराधीन है। कब्जा करने वाले असलहों से लैस हैं। किसी के मौके पर जाने पर गाली गलौज और मारपीट पर अमादा हो जाते हैं। कब्जे को रोका जाए। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बलवे, गाली गलौज और जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज किया है। बता दे इसी जमीन विवाद पर पूर्व विधायक और उनके पूर्व ब्लाक प्रमुख पुत्र समेत आठ के खिलाफकोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। कोतवाल अमित मिश्रा ने बताया कि दूसरे पक्ष की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### जिलाधिकारी ने पांच शिकायतों का मौके पर ही किया निस्तारण



**उरई,** जालौन। जिलाधिकारी चांदनी सिंह की अध्यक्षता में तहसील कालपी में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। आज संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 43 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने आए हुए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनवाई की और निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा की गई शिकायतों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें जिससे लोगों को राहत महसूस हो। उन्होंने कहा कि विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाले शिकायती प्रार्थना पत्रों की नियमित रूप से समीक्षा कर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रार्थना पत्रों का निस्तारण इस प्रकार से कराएं कि फरियादी भी की गई कार्यवाही से संतुष्ट हो जाएं और उन्हें दोबारा भाग- दौड़ न करनी पड़े। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप तय समयसीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर बेटी को मार डालने का आरोप

**फतेहपुर।** कानपुर नगर के ककवन गांव में गर्भवती युवती की मौत के बाद ससुरालीजनों ने आनन-फानन अंतिम संस्कार कर दिया। मामले में मृतका के पिता ने ससुरालीजनों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। कोतवाली क्षेत्र के सवत गांव निवासी रामशरन यादव ने शिकायती पत्र देकर बताया कि उसने अपनी बेटी सोनू यादव की शादी 2011 में ककवन निवासी भानू प्रताप उर्फगुलशन यादव से की थी। आरोप है कि शादी के बाद से पति, सास, ससुर पांच लाख रुपए अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर बेटी को प्रताड़ित करते थे। उसकी बेटी कुछ माह पहले गर्भवती हो गई थी। ससुरालीजनों ने दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर तीन फरवरी को गर्भावस्था में बेटी की पिटाई की। इससे बेटी की हालत बिगड़ गई और चार फरवरी को मृत बच्चा पैदा हुआ। इसके बाद ससुरालीजनों ने बेटी का इलाज नहीं कराया। तभी 16 फरवरी की बेटी की मौत हो गई। बिना किसी सूचना के शव का ससुरालीजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। खबर मिलने पर वह बेटी की ससुराल पहुंचे। घटना के विरोध पर बेटी के घरवालों ने उसके साथ गाली-गलौज की। वह ककवन थाने शिकायत लेकर पहुंचा। पुलिस ने उसे डांटकर भगा दिया। कोतवाल अरुण चतुर्वेदी ने बताया कि शिकायत की जांच की जा रही है। जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### रोडवेज में बिना टिकट यात्रा कर रहे अठारह यात्री पकड़े

**हमीरपुर।** हमीरपुर डिपो की झांसी जा रही बस में इटावा के यातायात अधीक्षक टीम ने आज कुरारा कस्बे के पास चेकिंग के दौरान 18 यात्री बिना टिकट यात्रा करते मिले। इस मामले में यातायात अधीक्षक ने कुरारा थाने में परिचालक मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस के मुताबिक प्रवर्तन दल के यातायात अधीक्षक इटावा अरुण कुमार, संजय बाबू बघेल व सुनील कुमार शर्मा सोमवार की सुबह चेकिंग कर रहे थे। हमीरपुर डिपो से झांसी जा रही रोडवेज बस संख्या 3187 के चालक रविंद्र कुमार को इशारा देकर रुकवाया। चेकिंग में टीएस को

# यहां जमकर हो रही ओवरलोडिंग

संवाददाता। चित्रकूट



**जिले** में लम्बे समय से अवैध खनन में लिप्त तीरधुमाई गंगू घाट के लोगों पर सख्त कार्रवाई न होने से खनन माफिया कानून से बड़े साबित हो रहे हैं। प्रशासन है कि अवैध खनन कर रहे दो-चार लोगों पर कार्रवाई कर खुद अपनी पीठ थपथपा लेता है, जबकि अवैध खनन में लिप्त बड़े लोगों पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। थाने के सामने से बालू लदे ओवर ट्रक ऐसे गुजरते हैं, जैसे कानून की उन्हें कोई परवाह नहीं है।

ज्ञात है कि जिले में लम्बे समय से तीरधुमाई गंगू घाट के खनन माफिया खनिज सामग्री से गुण्डा टैक्स वसूली व अवैध खनन का कार्य धड़ल्ले से करते रहे हैं। ऐसे लोग अभी भी अवैध खनन का कार्य बड़े पैमाने पर कर रहे हैं। इन लोगों ने अवैध खनन को वैध रूप देने को एकाध स्थानों पर लीज व अनुमति भी हासिल कर ली है। खनन में ऐसे लोगों के हाथ इतने मजबूत हैं कि उन पर हाथ डालने से पहले सूबे के एक दबंग व असरदार मन्त्री का फोन तत्काल अफसरों तक पहुंच जाता है। ऐसे में हाथ डालने वाले खुद पीछे हट जाते हैं, तब ऐसे लोग और तेजी से कानून व्यवस्था को मुंह चिढ़ाने को अवैध खनन में जुट जाते हैं।

इस बाबत लगातार खबरों के प्रकाशन से डीएम अभिषेक आनन्द के निर्देश पर अधिकारी हरकत में तो आये हैं, लेकिन कानून व्यवस्था को मुंह चिढ़ाने वालों पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। छुटभैये किस्म के अवैध खनन में लिप्त लोगों को पकड़कर अफसर अपनी पीठ खुद अवश्य थपथपाते देखे जा रहे हैं, जबकि तीरधुमाई गंगू घाट ग्रुप के खनन माफिया खनिज विभाग में ऐसे बैठते हैं, जैसे ये विभाग उनकी रियासत हों। सम्बन्धित अधिकारी व बाबू उनके सामने पानी भरते नजर आते हैं। जिले में बालू खनन का खनिज विभाग ने तीरधुमाई गंगू घाट का पट्टा दिया है। इनमें कुछेक लोग तीरधुमाई गंगू घाट ग्रुप के खनिज माफिआओं से सीधे मिले हैं। ऐसे लोग धड़ल्ले से अवैध खनन कराकर मालामाल हो रहे हैं। जिला प्रशासन ऐसे लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा। जाहिर है कि अवैध खनन में लिप्त ये लोग कानून से बड़े साबित हो रहे हैं। तीरधुमाई गंगू घाट से इन दिनों भारी पैमाने पर खनन हो रहा है। यहां बालू लादकर आने वाले ट्रक आठ सौ से एक हजार घन मीटर तक लोडिंग कर थाने के सामने से धड़ल्ले से गुजरते हैं, जबकि ओवरलोड पर हाईकोर्ट के सख्त आदेश हैं।

## चिटफंड कंपनियों के झांसे में आये लोगों की उमड़ी भीड़

**जालौन,** उरई। चिटफंड कंपनियों में जमा रकम को वापस पाने की उम्मीद में तहसील परिसर में जमकर लोगों की भीड़ उमड़ रही है। सुबह 4 बजे से ही खिड़की के बाहर लाइन लगना शुरू हो जाती है। अपना फार्म जमा करने के चक्कर में लोग भूखे प्यासे घंटों लाइन में खड़ा होने को मजबूर हैं। चिटफंड कंपनियों ने धन दोगुना करने का लालच देकर लोगों को अपनी कंपनी में धन निवेश कराया। उसके बदले में पालिसी दी गई। लोगों ने अपने परिवार के सुखद भविष्य के लिए बड़ी मात्रा में इन कंपनियों में धन का निवेश भी किया। लेकिन पॉलिसी का समय पूरा होने से पहले ही इनमें से कई कंपनियां लोगों की गाढ़ी कमाई लेकर चंपर्त हो गईं। सालों से लोग अपनी जमा राशि वापस पाने की उम्मीद कर रहे हैं। अब अविनियमित निक्षेप स्कीम पाबंदी अधिनियम 2019 के अंतर्गत तहसील परिसर में दो खिड़की खोली गई हैं। जिनके माध्यम से निवेशकों के आवेदन पत्रों को जमा किया जा रहा है।

## एसपी की फटकार पर विधवा के साथ हुए दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज, कराया मेडिकल

**फर्रुखाबाद।** विधवा के साथ सामूहिक दुष्कर्म व दुष्कर्म पीड़िता विधवा की रिपोर्ट दर्ज न करने समाचार का पायनियर की खबर असर हुआ है। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इंस्पेक्टर थाना मऊदरवाजा आमोद कुमार सिंह को जमकर फटकार लगाई और तुरंत ही पीड़िता का मेडिकल कराने एवं रिपोर्ट दर्ज करने की निर्देश दिए। इंस्पेक्टर थाना मऊदरवाजा आमोद कुमार सिंह ने आनन-फानन में रेप पीड़िता की रिपोर्ट दर्ज कर दुष्कर्म पीड़िता विधवा का मेडिकल कराया है। थाना मऊदरवाजा के ग्राम छगन नगला भिडौर निवासी गरीब विधवा के साथ हुए दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज न किए जाने की खबर पायनियर ने प्रकाशित की थी। खबर से पुलिस महकमें में जबरदस्त हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने मामले को गंभीरता से लेकर थानाध्यक्ष मऊदरवाजा की जमकर क्लास लगाई और उन्हें तुरंत ही पीड़िता का मेडिकल कराने एवं रिपोर्ट दर्ज करने की हिदायत दी। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर अमोद कुमार सिंह तुरंत ही छगन नगला पहुंचे। पुलिस वाहन से पीड़िता को गांव से थाने ले जाया गया और वहां से महिला पुलिस कर्मियों के साथ पीड़िता को लोहिया अस्पताल ले जाया गया। जहां पीड़िता विधवा का मेडिकल कराने की कार्यवाही की गई। थाना पुलिस ने 3:29 बजे अपराध संख्या 60/ 23 धारा 376 डी 323, 504 व 506 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस ने मुकदमे में गांव के ही प्रदीप पुत्र पंचम लाल, ललित मोहन पुत्र राज कुमार को आरोपी बनाया है। मुकदमे की विवेचना इंस्पेक्टर आमोद कुमार सिंह स्वयं कर रहे है। गरीब दुष्कर्म पीड़िता विधवा को न्याय दिलाए जाने की पहल करने के लिए पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा की जमकर प्रशंसा जनता कर रही है।

## वोट बैंक की राजनीति कर रहे स्वामी प्रसाद मौर्य : कमल नयन शास्त्री



**उरई,** जालौन। सोमवार को गल्ला मंडी में चल रहे श्री विष्णु महायज्ञ में शामिल हुए राम जन्म भूमि एवं छोटी छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन शास्त्री ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य ने जो रामायण की चौपाई को लेकर अपनी बात कही है वह कुछ नहीं सिर्फ वोट बैंक की राजनीति को बढ़ावा देने के लिए बोली है बल्कि गोस्वामी तुलसीदास जी के प्रसंग पूरे विश्व विख्यात है। उन्होंने यह भी कहा कि वह स्वयं अनपढ़ है और अनपढ़ों की राजनीति को आगे बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि जिस कालखंड में गोस्वामी तुलसीदास जी का जन्म हुआ उस दौरान धर्म परिवर्तन इस्लाम को बढ़ावा देने वाली समाज काम कर रहा था उस समय उस कालखंड में गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरितमानस जैसे ग्रंथ को लिखा विष्णु महायज्ञ गल्ला मंडी को लेकर उन्होंने कहा इस तरह के आयोजन से समाज और सभ्यता एक साथ आगे बढ़ते हैं और भारत माता और अखंड भारत भूमि पर महायज्ञ का होना हमारी सनातन संस्कृति को दर्शाता है। विगत 33 वर्षों से श्री विष्णु महायज्ञ गल्ला मंडी समिति के द्वारा कराया जा रहा था जाता था जिसमें महंत गोपाल दास जी महाराज की अध्यक्षता में यह होता था जो कि वर्तमान में राम जन्मभूमि न्यास के अध्यक्ष भी हैं।

# अब देशभर में दिखेंगे चित्रकूट के खिलौने : अभिषेक

संवाददाता। चित्रकूट

**सूक्ष्म**, लघु एवं मध्यम उद्यम के लिए नेशनल सेमिनार का आयोजन होटल बिंदीराम चित्रकूट में किया गया। कार्यक्रम में एमएसएमई-विकास कार्यालय प्रयागराज के संयुक्त निदेशक एलबी.एस. यादव द्वारा मुख्य अतिथि रहे डीएम अभिषेक आनन्द, एवं विशिष्ट अतिथि अमृतपाल कौर का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक ने सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम का उद्देश्य समझाया एवं एमएसएमई मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही एमएसएमई क्लस्टर योजना, उद्यम रजिस्ट्रेशन के लाभ, इन्क्यूबेशन योजना, प्रोक्योरमेंट एंड मार्केटिंग स्कीम, स्फूर्ति योजना, जीरो इफेक्ट जीरो डिफेक्ट योजना के बारे में बताया साथ ही समय-समय पर मंत्रालय द्वारा एमएसएमई के विकास के लिए जो योजनाएं चलाई जा रही हैं।

चित्रकूट धाम मंडल के संयुक्त आयुक्त उद्योग सुधांशु तिवारी ने राज्य सरकार द्वारा उद्योगों के लिए चलाई जा रही स्कीमों के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी। साथ ही इन्वेस्टर समिट की उपलब्धियों के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम का इनोगेरेशन सेशन में संयुक्त निदेशक ने जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों का पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने अपने वक्तव्य में ऐसे कार्यक्रमों की विशेषता को बताते हुए प्रतिभागियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ने कहा चित्रकूट को एस्पेरेशनल डिस्ट्रिक्ट होने के बावजूद यहां पर बहुत सारी संभावनाओं के बारे में प्रतिभागियों को बताया। चित्रकूट के लकड़ी के खिलौनों का मार्केट पूरे भारतवर्ष में है। इसके बाद कार्यक्रम में एमएसएमई विकास कार्यालय, प्रयागराज का वीडियो प्रेजेंटेशन हुआ। वहीं मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने प्रतिभागियों को संबोधित किया एवं जिला स्तर पर हो रहे कार्यों को उद्यमियों के लिए अनुकूल बनाने के लिए जो प्रयास किये जा रहे हैं, उसके बारे में अवगत कराया एवं प्रतिभागियों से ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया।



सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए आयोजित नेशनल सेमिनार का आरम्भ करते डीएम

# बांदा में मनरेगा का कुछ ऐसा है हाल

## मृत व्यक्तियों के नाम पर हैं जॉबकार्ड और हो रही मजदूरी

आलोक निगम। बांदा



**बाँदा** में मनरेगा विभाग में जमकर खेल चल रहा है। मृत लोगों के नामपर मनरेगा मस्टर रोलभरा जा रहा है और इसका भुगतान भी हो रहा है। नरैनी ब्लाक में ऐसे कई मामले संज्ञान में आए हैं। विद्याधाम समिटत के अध्यक्ष राजा भैया ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर इसका खुलासा किया है। उनका कहना है ब्लाक में दर्जनों ऐसे मामले हैं जहां मृत लोगों का जाबकार्ड बना हुआ है। इस मामले में मंडलायुक्त ने मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए हैं।

**चित्रकूटधाम के मंडलायुक्त आरपी सिंह ने कहा-इस मामले में जांच के बाद मुकदमे की कार्रवाई की जाएगी, दोषी पाए गए अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई भी होगी**



नरैनी तहशील के ग्राम पंचायत विल्हरका स्वरगीय माया पतनी राजू निवासी भवंरपुर की मृत्यु 2016 में हो चुकी है। चौंकाने वाली बात तो यह है कि मृ व्यकित के नाम पर बरसों से लगातार भुगतान भी हो रहा है। इसके अलावा माया नामक महिला का ऑनलाइन 82 नंबर जॉबकार्ड एक्टीवेट है, जबकि वह स्वर्गवासी है। इसी तरह दूसरी महिला रानी पत्नी रसोइया का कार्य कर रही है इसे भी खांटी मास्टर रोलफर्जी बनवाकर हजारो रुपये निकाले जा चुके हैं। विद्याधाम समिट के अध्यक्ष राजा भैया ने जिलाधिकारी बाँदा एक शिकायती पत्र देकर बताया है कि प्रधान और सचिव वा ब्लॉक के अधिकारीयों द्वारा किस तरह का सनसनी खेज मामला प्रकाश में आया है। मरे हुये लोगो के नाम से मनरेगा में मजदूरी हो रही है। एक गांव है विल्हरका जहां पर दर्जनों ऐसे लोग जिनका 5वर्ष पहले निधन हो चुका है उनके जाबकार्ड पर मनरेगा में काम हो रहा है। इसी तरह कार्य करते दिखा रखा है मनरेगा में रहमान पुत्र शौकत का नाम लिख रखा है जब कि रहमान मुंबई में रहकर अपना 10वर्ष से विजनेस कर रहा है।

# एकजुटता दिखाने कीव पहुंचे बाइडन

**भाषा।** कीव

**अमेरिकी राष्ट्रपति** जो बाइडन ने सोमवार को यूक्रेन की अघोषित यात्रा की। यूक्रेन पर रूस के हमले के एक साल पूरा होने से कुछ दिन पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात के लिए बाइडन की इस यात्रा को एकजुटता दिखाने के कदम के तौर पर देखा जा रहा है। बाइडन ने यूक्रेन की राजधानी में पांच घंटे से अधिक समय बिताया। उन्होंने मैरीन्स्की पैलेस में जेलेंस्की से मुलाकात की, देश के मारे गए जवानों को श्रद्धांजलि दी और यहां अमेरिकी दूतावास के कर्मियों से मुलाकात की। जेलेंस्की के साथ अपने बयान में बाइडन ने एक साल पहले बने डर के माहौल को याद किया जब आशंका थी कि रूस के हमले में यूक्रेन की राजधानी पर जल्द कब्जा हो सकता है। बाइडन ने अमेरिकी और यूक्रेनी झंडों से सजे मंच से कहा, एक साल बाद, कीव दृढ़ता से खड़ा है। लोकतंत्र खड़ा है। अमेरिकी आपके साथ खड़े हैं और दुनिया आपके साथ खड़ी है।

## ● रूस के हमलों की शुरूआत के एक साल पूरा होने से पहले की यात्रा

यूक्रेन युद्ध तेज होने की आशंकाओं के बीच बाइडन उसकी सहायता के लिए सहयोगी देशों को जोड़ने की खातिर प्रयासरत हैं। जेलेंस्की सहयोगी देशों से वादों के मुताबिक शस्त्र आपूर्ति तेज करने पर जोर दे रहे हैं और पश्चिमी देशों का आह्वान कर रहे हैं कि यूक्रेन को लड़ाकू विमानों की आपूर्ति की जाए। हालांकि, बाइडन अब तक इससे इनकार करते रहे हैं। बाइडन ने कीव में इस देश को आधा अरब डॉलर की अतिरिक्त अमेरिकी सहायता देने की घोषणा की। बाइडन ने संघर्ष जारी रहने के बीच यूक्रेन को अमेरिकी और अन्य सहयोगी देशों का समर्थन दोहराया। जेलेंस्की ने कहा कि उन्होंने और बाइडन ने लंबी दूरी की क्षमता वाले हथियारों के बारे में बात की और उन शस्त्रों की भी बात की जिन्हें पहले यूक्रेन को नहीं भेजा गया, लेकिन अब उनकी आपूर्ति की संभावना है। हमारी बातचीत बहुत लाभकारी रही। बाइडन की कीव और उसके बाद वारसॉ की यात्रा से यह स्पष्ट होता है कि अमेरिका रूसी बलों को यूक्रेन से पूरी तरह खदेड़ने तक उसके साथ खड़ा होने को तैयार है।



### 5.5 अरब डॉलर की सहायता उपलब्ध कराएगा जापान

**तोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने सोमवार को यूक्रेन के लिए 5.5 अरब डॉलर की अतिरिक्त सहायता उपलब्ध कराने की घोषणा की। इसके साथ ही, जापान रूस-यूक्रेन युद्ध के एक साल पूरा होने को लेकर जी-7 के ऑनलाइन शिखर सम्मेलन का आयोजन करेगा, जिसमे यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की भी हिस्सा लेंगे। एक जापानी थिंक टैंक द्वारा तोक्यो मे आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किशिदा ने कहा कि यूक्रेन अब भी रूसी हमले का सामना कर रहा है और यूक्रेन वासियों को रोजमर्रा की अपनी जरूरतों को पूरा करने और हमले मे तबाह हुए ढांचे को दोबारा खड़ा करने के लिए मदद की जरूरत है। जापान इस साल जी-7 की अध्यक्षता कर रहा है। जापान के प्रधानमंत्री ने कहा कि रूसी हमले का एक साल पूरा होने को लेकर आगामी शुक्रवार को जी-7 के ऑनलाइन शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

### अमेरिका-चीन में तनाव के बीच ताइवान पहुंचा अमेरिकी संसदीय प्रतिनिधिमंडल

**ताइपे।** ताइवान के पांच दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे अमेरिकी सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को स्वशासित द्वीप की संसद के प्रमुख से मुलाकात की। यह मुलाकात ऐसे समय हुई जब हाल में जासूसी गुब्बारों को लेकर आरोप-प्रत्यारोप के बीच अमेरिका और चीन के रिश्ते तनावपूर्ण बने हुए हैं। रविवार को पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में कैलिफोर्निया के प्रतिनिधि रो खन्ना, टेक्सास के टोनी गोंजालेस, मैसाचुसेट्स के जेक ऑचिनक्लोस और इलिनॉय के जोनाथन जैक्सन शामिल हैं। उनके राष्ट्रपति साई इंग-वेन के साथ-साथ व्यवसायियों से भी मिलने की उम्मीद है। सोमवार को उन्होंने ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी के संस्थापक मॉरिस चांग के साथ बातचीत की। चांग को द्वीप के चिप उद्योग का जनक माना जाता है। सिलिकॉन वैली का प्रतिनिधित्व करने वाले डेमोक्रेट खन्ना ने कहा कि वह सेमीकंडक्टर उद्योग में द्वीप की भूमिका के बारे में जानने के लिए ताइवान में हैं।

# यूक्रेन युद्ध के लिए पुतिन के खिलाफ जन अदालत में हुई सुनवाई

**भाषा।** हेग

**हेग में** आयोजित जन अदालत ने सोमवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर यूक्रेन पर हमले के अपराध के लिए मुकदमा चलाया। किसी अंतरराष्ट्रीय न्यायाधिकरण की गैरमौजूदगी में जवाबदेही तय करने के लिए इस प्रतीकात्मक सुनवाई का आयोजन किया गया। इस जन अदालत के पास कोई कानूनी शक्ति नहीं है लेकिन अभियोजकों ने कहा कि वे करीब एक साल पहले शुरू हुए हमले का आदेश देने में पुतिन के खिलाफ सबूत पेश करेंगे। युद्ध की वजह से हजारों लोग मारे गए हैं और कई शहर एवं कस्बे बर्बाद हो गए हैं। अदालत के अभियोजकों में से एक कनाडा के वकील ड्रीयू व्हाइट ने कहा, यह ऐसा अपराध है जो जवाबदेही की मांग करता है। अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने यूक्रेन में किए गए अपराधों की जांच शुरू कर दी है लेकिन उसके पास रूस के नेताओं के खिलाफ युद्ध के लिए मुकदमा चलाने का अधिकार नहीं है। हालांकि, अपराध को लेकर मुकदमा चलाने के लिए खिलाफ युद्ध के लिए विशेष न्यायाधिकरण बनाने का आग्रह



जर्मनी में चल रहे एक कार्निवाल में रुसी राष्ट्रपति पुतिन को खून मे नहाते हुए चित्रित किया गया

एक विशेष न्यायाधिकरण की स्थापना को लेकर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ रहा है। यूरोपीय संघ की विधायिका ने जनवरी में एक गैर-बाध्यकारी प्रस्ताव पारित किया था। इस प्रस्ताव में 27 देशों के समूह ने संयुक्त राष्ट्र महासभा से यूक्रेन के किया। अधिकार समूह सिनेमा फॉर पीस , यूक्रेन के सेंटर फॉर सिविल लिबर्टीज ने इस जन अदालत का आयोजन किया। इस जन अदालत में एक सप्ताह तक रूस के खिलाफ सबूत प्रस्तुत किए जाएंगे।

### ढाका विवि परिसर से रवींद्रनाथ टैगोर की प्रतिमा गायब, फिर से स्थापित

**ढाका।** ढाका विश्वविद्यालय परिसर मे पिछले सप्ताह छात्रों द्वारा स्थापित, नोबेल पुरस्कार से सम्मानित रवींद्रनाथ टैगोर की प्रतिमा के गायब होने के बाद अधिकारियों द्वारा आंशिक रूप से इसे फिर से स्थापित कर दिया गया है। समाचार एजेंसी यूएनबी के अनुसार 14 फरवरी को, ढाका विश्वविद्यालय के ललित कला संकाय के छात्रों ने टैगोर की एक प्रतिमा स्थापित की, जिसके मुंह पर टेप लगा हुआ था और वह गीतांजलि की एक प्रति पकड़े हुए थे जिसमें एक कील ठोकी हुई थी।

### श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त के वीजा केंद्र में कई दिनों बाद कार्य बहाल

**कोलंबो।** श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त के वीजा प्रोसेसिंग केंद्र मे कई दिनो बाद सोमवार को कामकाज फिर से बहाल हो गया क्योंकि सुरक्षा कारणों से इसे अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया था। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उच्चायोग ने 15 फरवरी को जारी अपने बयान मे घोषणा की थी कि सुरक्षा संबंधी घटना के कारण वीजा आवेदन केंद्र, आईवीएस प्राइवेट लिमिटेड, कोलंबो अगली सूचना दिए जाने तक बंद रहेगा।

### भारत ने नेपाल को 20 किडनी डायलिसिस मशीनें दीं

**काठमांडू।** नेपाल में स्वास्थ्य क्षेत्र के बुनियादी ढांचे के विकास मे मदद के लक्ष्य से भारत ने सोमवार को नेपाल सरकार को 20 किडनी डायलिसिस मशीने दी। भारत द्वारा नेपाल को ऐसी 200 मशीने दी जानी है और सोमवार को दी गई 20 मशीनें पहली खेप है। नेपाल मे भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने भारत सरकार और भारत की जनता की ओर से काठमांडू मे एक समारोह के दौरान देश के स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्री पदम गिरि को मशीने सौपी।

### पाकिस्तान में बस खाई में गिरने से 15 लोगों की मौत

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत मे बारातियो को ले जा रही एक तेज रफ्तार बस खाई मे गिरने से कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 60 अन्य घायल हो गए। अधिकारियो ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस्लामाबाद से लाहौर जा रही बस रविवार देर रात लाहौर से लगभग 240 किलोमीटर दूर कल्लार कहार साल्ट रेंज क्षेत्र मे पलट गई। बचाव सेवा के अधिकारी मुहम्मद फारूक ने सोमवार को बताया, बस पलटने से पहले विपरीत दिशा से आ रहे तीन वाहनो से टकराई और खाई मे गिर गई। बस मे शादी समारोह से लौट रहे लोग सवार थे।

### राष्ट्रपति अल्वी ने पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा में चुनाव कराने की घोषणा की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा मे चुनाव कराने के लिए सोमवार को एकपक्षीय तरीके से नौ अप्रैल की तारीख घोषित की। सत्तारूढ़ गठबंधन मे शामिल दलो ने इस कदम को खारिज करते हुए कहा कि राष्ट्रपति के निर्देश पर चुनाव नही हो सकते।

# यूक्रेन के लिए हथियार निर्माण में तेजी लाने के तरीकों पर विचार कर रहा है यूरोपीय संघ

### अबू धाबी हथियार मेले में राइफल और मिसाल प्रणाली बेच रहा है रूस

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात में द्विवार्षिक हथियार मेले में सोमवार को रूस ने क्लासनिकोव राइफल से लेकर मिसाइल प्रणाली तक बिक्री के लिए प्रदर्शित की। हालांकि यूक्रेन के साथ युद्ध के कारण रूस पूरे यूरोप से तमाम पाबंदियों का सामना कर रहा है। संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय रक्षा प्रदर्शनी एवं सम्मेलन ने इस तथ्य को भी रेखांकित किया किया कि कैसे खाड़ी अरब महासंघ ने पश्चिम के साथ संतुलन बनाए रखते हुए मॉस्को को अपने साथ लाकर खड़ा किया है। रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू हुए शुक्रवार को एक साल हो जाएगा और इस दौरान रूस का पैसा लगातार दुबई के बेहद लाभकारी रियल एस्टेट बाजार में लग रहा है।



रुसी राकेट के हमले में मृत व्यक्ति का मलबे में दबा हाथ

**भाषा।** ब्रसेल्स

**यूरोपीय संघ के** शीर्ष राजनयिकों ने सोमवार को चेतावनी दी कि विभिन्न यूरोपीय देशों के इस संगठन को यूक्रेन को तोप के हजारों गोले मुहैया कराने का तरीका खोजना होगा वरना वह रूस के खिलाफ युद्ध हार सकता है। राजनयिकों का यह बयान यूरोपीय संघ के राष्ट्रीय शस्त्रागारों में हथियारों का भंडार कम होने के बीच आया है।

संगठन के विदेश मंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता करने से पहले यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बौरेल ने कहा, यूक्रेन की सेना के लिए आज सबसे महत्वपूर्ण और प्रमुख मुद्दा हथियारों की निर्बाध आपूर्ति है।

उन्होंने कहा, अगर हम ऐसा करने में असफल रहते हैं तो, युद्ध का परिणाम खतरे में ह बौरेल का यह बयान ऐसे वक्त में आया है जबकि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन अचानक यूक्रेन यात्रा पर पहुंच गए हैं। बौरेल ने कहा कि रूस की सेना रोजाना करीब 50,000 गोले दाग रही है और यूक्रेन को भी इतनी ही संख्या में आपूर्ति की जानी चाहिए। वहीं, अन्य अनुमानों के अनुसार, यूक्रेन रोजाना 6 से 7 हजार गोले दाग रहा है, जो एक साल के युद्ध में यूक्रेन द्वारा दागे गए गोलों की एक तिहाई है। बौरेल ने बताया कि सबसे ज्यादा मांग 155 एमएम तोप के गोले की है।

# ब्राजील में भारी बारिश से 36 लोगों की मौत



**भाषा।** साओ पाउलो,

**ब्राजील के उत्तरी** साओ पाउलो राज्य में बाढ़ और भूस्खलन के कारण कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने रविवार को कहा कि हताहतों की संख्या अभी बढ़ सकती है। साओ पाउलो राज्य सरकार ने एक बयान में कहा कि साओ सेबस्टियाओ शहर में 35 लोगों की मौत हुई है जबकि उबातुबा में सात वर्षीय लड़की की मौत की खबर है। खबरों के अनुसार, साओ सेबस्टियाओ, उबातुबा, इल्हाबेला और बर्टिओगा के शहर सबसे बुरी तरह प्रभावित कुछ इलाकों में शामिल हैं। यहां आपदा के हालात हैं जिसके मद्देनजर कार्निवल उत्सव रद्द कर दिया गया है। वहीं, बचाव दल लापता, घायल और मलबे में दबे लोगों की तलाश कर रहे हैं। साओ सेबस्टियाओ के महापौर फेलिप ऑगस्टो ने कहा, हमारे बचाव दल कई स्थानों पर नहीं पहुंच पा रहे हैं, यह अफरा-तफरी की स्थिति है। उन्होंने बताया कि भूस्खलन के कारण दर्जनों लोग लागता हैं और 50 से ज्यादा घर ढह गए हैं।

# तुर्किए और सीरिया में जीवितों की तलाश के अभियान को रोक गया

**भाषा।** अंकारा ( तुर्किए )

**तुर्किए के** राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन छह फरवरी को आए भूकंप से तबाह हुए प्रांतों का दूसरी बार दौरा कर रहे हैं। आधुनिक तुर्किए के इतिहास में आई सबसे भयावह आपदा में मलबे में जीवित लोगों के दबे होने की संभावना को देखते हुए चलाए जा रहे तलाशी अभियान को बंद किया जा रहा है। तुर्किए की आपदा प्रबंधन एजेंसी एएफएडी ने देश में भूकंप से मौत के पुष्ट मामलों की संख्या 41,156 बताई है।

### अमेरिकियों की सहायता की ब्लिंकन ने प्रशंसा की

**अंकारा।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने सोमवार को तुर्किए और सीरिया में गत छह फरवरी को आए विनाशकारी भूकंप के बाद अमेरिकियों द्वारा प्रदान की गई सहायता की प्रशंसा की। अंकारा में तुर्किए के विदेश मंत्री कावुसोग्लु के साथ ब्लिंकेन ने कहा कि अमेरिकी सरकार ने आपदा पर कुछ ही घंटे के भीतर कदम उठाया। और अब तक राहत सामग्री के साथ ही सैकड़ों कर्मियों को भेज चुका है। उन्होंने कहा कि हालांकि इसके साथ ही आम अमेरिकियों ने भी इस भूकंप के प्रभावितों की मदद की है जिसमें लगभग 45,000 लोग मारे गए हैं। ब्लिंकन ने कहा, अमेरिका में निजी क्षेत्र से व्यक्तियों की ओर से लगभग आठ करोड़ अमरीकी डॉलर का दान किया गया है। जब मैंने वाशिंगटन में तुर्किए दूतावास का दौरा किया, तो मैं सामने के दरवाजे तक नहीं जा सका क्योंकि दूतावास का पूरा रास्ता बक्सों से भरा हुआ था।
उन्होंने कहा, बेघर हुए लोगों की मदद करने और पुनर्निर्माण के लिए तुर्किए को एक लंबा सफर तय करना... और हम सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# हवाई जहाज आखिरी पंक्ति में बीच की सीट सबसे सुरक्षित

**भाषा।** क्वींसलैंड

**जब आप** हवाई यात्रा के लिए टिकट बुक करते हैं, तो क्या आप यह जानने का प्रयास करते हैं कि आपात स्थिति में कौन सी सीट आपकी सबसे अधिक रक्षा करेगी? शायद नहीं। अधिकांश लोग सीटें बुक करते समय सबसे पहले आराम को महत्व देते हैं, जैसे लेगरूम, सुविधा, या शौचालय तक आसान पहुंच। बार-बार हवाई यात्रा करने वाले (मेरे सहित) कभी-कभी विमान के उतरने के बाद जल्दी से उतरने के लिए विमान में सबसे आगे, जितना संभव हो निकास के उतना करीब अपनी सीट आरक्षित करते हैं। ऐसा शायद ही कभी होता है कि हम आखिरी पंक्ति में बीच की सीटों में से कोई एक पाने की उम्मीद करते हैं। क्या आप अंदाजा लगा सकते हैं कि ये सीटें एक हवाई यात्रा के दौरान सांख्यिकीय रूप से सबसे ज्यादा सुरक्षित होती हैं।

### कुछ दुर्घटनाएँ दूसरों की तुलना में बदतर होती हैं

दुर्घटना का प्रकार भी लोगो के बचने की संभावना को निर्धारित करेगा। पहाड़ से टकराने से जीवित रहने की संभावना बहुत कम हो जाएगी, जैसा कि न्यूजीलैंड मे 1979 मे एक दुखद आपदा मे हुआ था। एयर न्यूजीलैंड की उड़ान टीई901 अंटार्कटिका मे माउंट एरेबस की ढलानो मे दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमे 257 यात्री और चालक दल के सदस्य मारे गए।विमान के नाक के बल समुद्र मे गिरने से बचने की संभावना भी कम हो जाती है, जैसा कि 2009 एयर फ्रांस फ्लाइट 447 के साथ हुआ था, जिसमे 228 यात्री और चालक दल के सदस्य मारे गए थे।



**हवाई यात्रा सुरक्षित है** :मामले की तह तक जाने से पहले, मैं आपको याद दिलाना चाहूंगा कि हवाई परिवहन सबसे सुरक्षित परिवहन साधन है। 2022 में, दुनिया भर में कुल सात करोड़ उड़ानें थीं, जिनमें केवल 174 मौतें थीं।यूएस नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल द्वारा जनगणना के आंकड़ों के विश्लेषण के अनुसार, एक कार में 102 में। की तुलना में एक हवाई जहाज की यात्रा करते हुए मरने की संभावना 205,552 में लगभग। है। इसके बावजूद, हम सड़क हादसों पर कम ध्यान देते हैं, लेकिन जब हम किसी विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बारे में सुनते हैं, तो यह पहले पन्ने की खबर होती है। विमान दुर्घटनाओं में हमारी रुचि यह समझने की हमारी इच्छा में निहित हो सकती है कि वे क्यों होते हैं, या उनके फिर से होने की संभावना क्या है। और यह एक बुरी बात नहीं हो सकती है: हमारी रुचि यह सुनिश्चित करने में मदद करती है कि इन दुखद घटनाओं की पूरी तरह से जांच हो, जो हवाई यात्रा की सुरक्षा में योगदान करती है। वास्तव में एक व्यावसायिक उड़ान भरते समय सुरक्षा के बारे में चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Gopal Singh S/o Nar Singh Bisht R/o 358, Indira Garden, Near Tiwari Chowk, Khora Colony Khora Ghaziabad Uttar Pradesh-201001, have changed my name from Gopal Singh to Gopal Singh Bisht for all future purposes.

PD(90273)C

सार्वजनिक सूचना

इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सभी को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्रीमती हरप्रीत कौर पत्नी श्री रविंदर पाल सिंह और उनके पति श्री रविंदर पाल सिंह दोनों निवासी डब्ल्यू ज़-26 ए, तिहाड़ गांव, नई दिल्ली-110018 जो वर्तमान में नई दिल्ली में है। अपने बेटे दमनप्रीत सिंह और उनकी पत्नी सोनम पुत्री राजा सिंह को अपनी सारी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल कर दिया है और अपने मुवक्किलों के प्रति उनकी अवज्ञा दुर्व्यवहार और अनुशासनहीनता के लिए उनसे सभी संबंध तोड़ लिए हैं। मेरे मुवक्किल भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कानूनी या अवैध कार्य के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
फूल कुमार, अधिवक्ता

PUBLIC NOTICE

To be known to all that my client, Sh. Ajay Kumar Sharma, S/o Late Sh.Inder Sen Sharma, R/O H.No.C-12/384,Yamuna Vihar, Delhi-110 053, Mutattee/Owner of Plot No. 384, Block-C-12, Area Measuring 70.00Sq. Mtrs.,Situated At Yamuna Vihar,Delhi,has applied for conversion of the aforesaid property from lease hold to free hold vide DDA File No.F.17 (2500) 1976 / LAB/RESI in DDA.The original documents i.e. Perpetual Lease Deed of the above said property has been lost.An NCR/LR No.157869 / 2023 dated 16/02/2023 to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch,Delhi.Any person (s)claiming any right,interest,having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No. 9212664144 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director (LAB)Resdl.or Director(LAB) Resdl.,C-Block,3rd Floor,Vikas Sadan, New Delhi

PUBLIC NOTICE

My Client, Tajinder Singh S/o Late Baldev Singh, is Owner of Plot No. C-11/1A Area 50.16 Sq. Mtr (Ground and First Floor) Out of Khasra No. 1023 Situated at Colony Shyam Vihar Phase-II Deenpur Najafgarh, Delhi Vide Authorization Slip Executed by DDA Reg. at S.R. IX New Delhi as Doc No. 860 Dated 27/01/2023. This Property was Earlier Owned by Late Mrs. Pushpa W/o Late Mr. Baldev Singh and now inherited by my client as legal heir. Above said Property is going to be Morgaged with Hero Housing Finance Limited. Any Person/bank/ financial Institution having any claim/ right, Lien, Any Objection whatsoever in regard to above property, should notify the same to the undersigned/Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092. Alongwith Documentary Evidence Through Registered A/D within 7 Days from the date of publication of this notice failing which any claim, Lien or any objection shall be deemed to be waived off.
Vishal Mehan (Advocate)
E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092
Mobile No. 9811215181

PUBLIC NOTICE

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.
VEHICLES FOR SALE
1) TATAMOTORS_TACEGOLD REG. NO. DL1LAJ1389-YOM -2022
2) EICHR_VECV_VE1110FB REG. NO. HR55A0030-YOM -2016
3) CB_LPT1212_TATAMOTORS REG. NO. HR55AJ4803-YOM -2020
UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT
BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK LTD., 3RD FLOOR, PLOT NO 7,SECTOR 125,NOIDA-201313
OR CONTACT :RAMAN AHUJA KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT /918377988238
EMAIL-raman.ahuja@kotak.com

परिशिष्ट IV-A
नियम 8(6) का नियम देखें
अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

सिक्योरीटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढ़ते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ़ सिक्योरीटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।
सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गारेंटर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड [CIN: L65922DL2005PLC136029] (सुरक्षित लेनदार द्वारा) द्वारा रचनात्मक कब्जा लिया जा चुका है, को 28.03.2023 को दोपहर 02.00 से 04.00 बजे तक ''जहाँ है'', ''जैसा है'', और ''जो कुछ भी है'' की वसूली के लिए ऋण खाता नं. HHLGRG00345092 के लिए रु. 29,61,015/- (रुपये उनतीस लाख इकसठ हजार पन्द्रह मात्र) के लिए 15.02.2023 तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंभ शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य संबंधित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ 16.02.2023 से प्रभावी जो वेंकट कृष्णमूर्ति कोक्कीराला और सोमेश्वरी कोक्कीराला पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।
अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य रु. 16,50,000/- (रुपये सोलह लाख पचास हजार मात्र) होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (ईएमडी) रु. 1,65,000/- (एक लाख पैंसठ हजार रुपये मात्र) यानि आरक्षित मूल्य के 10% के बराबर होगा।
अचल संपत्ति का वर्णन
फ्लैट नंबर 109-ए, ग्राउंड फ्लोर, डीडीए एलआईजी फ्लैट, पॉकेट-बी, फेज-2, सेक्टर-26, नई दिल्ली - 110077
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.indiabullshomeloans.com पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।
सही
दिनांक: 17.02.2023 अधिकृत अधिकारी
स्थान: नई दिल्ली इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

सार्वजनिक सूचना
फार्म नं. आइएनसी-25ए
कार्यालय क्षेत्रीय निर्देशक, कारपोरेट मामलों का मंत्रालय, उत्तरी क्षेत्र, भारत के समक्ष
कंपनीज अधिनियम, 2013, कंपनीज अधिनियम, 2013 की धारा 14 और कंपनीज (इनकार्पोरेशन) नियमों, 2014 के नियम 41 के विषय में तथा
ओरिएंट रेजिन्स लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालय 10 फ्रेन्डस कालोनी (पश्चिम) नई दिल्ली-110065 के विषय में ।
.........याचिकाकर्ता
सामान्य जनता को एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी ऐसे बदलाव को कार्यान्वित करने के लिए कंपनी को सक्षम बनाने के लिए 29 अगस्त, 2022 को आयोजित असाधारण सामान्य बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी को निजी लिमिटेड कंपनी में बदलने की इच्छूक है और कंपनी ने उपरकथित नियमों के साथ पठित कंपनीज अधिनियम, 2013 की धारा 14 के अंतर्गत केंद्र सरकार को आवेदन करने की इच्छूक है। कंपनी के प्रस्तावित बदलाव/स्थिति द्वारा प्रभावित होने वाले कोई व्यक्ति, अपनी आपति इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के अन्दर संबंधित क्षेत्रीय निर्देशक, उत्तरी क्षेत्र, बी-2 विंग, द्वितीय तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कम्प्लैक्स,, नई दिल्ली-110003 को विरोध का कारण तथा हित की प्रकृति वर्णित करने वाले शपथ पत्र द्वारा समर्थित आपतियों को पंजीकृत डाक द्वारा या भेजें जाने का कारण को डिलीवर कर सकते है जिसकी प्रति नीचे वर्णित कंपनी के पंजीकृत कार्यालय पर भेजनी है: 10 फ्रेन्डस कालोनी (पश्चिम) नई दिल्ली-110065
हिते एवं कृते
ओरिएंट रेजिन्स लिमिटेड
अविक्षित सरस
निर्देशक
DIN: 00122648
पता: 10 फ्रेन्डस कालोनी (पश्चिम) नई दिल्ली-110065
तिथि: 21.02.2023
स्थान: नई दिल्ली

परिशिष्ट IV-A
नियम 8(6) का नियम देखें
अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

सिक्योरीटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढ़ते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ़ सिक्योरीटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।
सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गारेंटर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड [CIN: L65922DL2005PLC136029] (सुरक्षित लेनदार द्वारा) द्वारा रचनात्मक कब्जा लिया जा चुका है, को 28.03.2023 को दोपहर 02.00 से 04.00 बजे तक ''जहाँ है'', ''जैसा है'', और ''जो कुछ भी है'' की वसूली के लिए ऋण खाता नं. HHLGRG00345090 के लिए रु. 23,64,105/- (रुपये तेईस लाख चौंसठ हजार एक सौ पांच मात्र) के लिए 15.02.2023 तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंभ शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य संबंधित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ 16.02.2023 से प्रभावी जो वेंकट कृष्णमूर्ति कोक्कीराला, सोमेश्वरी कोक्कीराला और रामाश्रय सिंह यादव पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।
अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य रु. 15,70,000/- (रुपये पंद्रह लाख सत्तर हजार मात्र) होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (ईएमडी) रु. 1,57,000/- (रुपये एक लाख सत्तावन हजार मात्र) यानि आरक्षित मूल्य के 10% के बराबर होगा।
अचल संपत्ति का वर्णन
फ्लैट नंबर 148-बी, पहली मंजिल, पॉकेट-बी, नई दिल्ली - 110077
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.indiabullshomeloans.com पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।
सही
दिनांक: 17.02.2023 अधिकृत अधिकारी
स्थान: नई दिल्ली इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

भौतिक कब्जे की सूचना
ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005
जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कर्जदार और डीएचएफएल के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में प्रतिभूति के प्रवर्तन के संबंध में, निम्नवर्णित कर्ज़दारों को (बुनियादी समूह दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित किए जाने पर) माँग सूचनाएँ जारी की थीं, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की माँग की गई थी।
कर्ज़दार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्ज़ा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है। कर्ज़दार को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार का नाम/ (ऋण खाता नंबर) (डीएचएफएल पुराना ऋण खाता नंबर एवं आईसीआईसीआई नया ऋण खाता नंबर) | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | माँग सूचना की तिथि/ माँग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अनामिका विश्वास/अमल कुमार विश्वास/ (13300000636 & QZDEL00005039991) और आरजेड 2695, गली नंबर- 31, तुगलकाबाद एक्सटेंशन, दिल्ली- 110019 | पी. नं. 11, छत के साथ तीसरी मंजिल (आर.एच.एस.) केएच. नंबर 80/5, गांव। हस्तसाल, रूप विहार ओम विहार फेज.V, उत्तम नगर, नई दिल्ली/ फरवरी 15, 2023 | फरवरी 07, 2020 रु. 20,49,284/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्जदार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।
दिनांक: फरवरी 21, 2023 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान: दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लि.

# आठ करोड़ युवा पहली बार बने उद्यमी: मोदी

भाषा। देहरादून

## केंद्र सरकार ने बीते कुछ महीनों में देश भर में लाखों युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए हैं



**सशक्त** और समृद्ध देश का आह्वान करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार ने बीते कुछ महीनों में देश भर में लाखों युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए हैं और आठ करोड़ युवा पहली बार उद्यमी बने हैं।

उत्तराखंड रोजगार मेला को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, हमारा यह निरंतर प्रयास है कि हर युवा को उसकी रूचि और योग्यता के अनुसार नए अवसर मिलें, सभी को आगे बढ़ने का उचित माध्यम मिले। सरकारी सेवाओं में भर्तियों का यह अभियान भी इसी दिशा में उठाया गया एक कदम है। बीते कुछ महीनों में केंद्र सरकार ने देश के लाखों युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिन भी राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकारें हैं, वहां भी इसी प्रकार के बड़े स्तर पर रोजगार अभियान चलाए जा रहे हैं। मोदी ने कहा कि युवाओं को स्वरोजगार के अवसर और रोजगार मिलने से देश सशक्त और समृद्ध होगा।

इस संबंध में उन्होंने मुद्रा लोन योजना का जिक्र किया और कहा कि इसके तहत देश भर में युवाओं को 38 करोड़ मुद्रा लोन दिए गए जिससे आठ करोड़ युवाओं को पहली बार उद्यमी बनने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि योजना के तहत दस लाख रुपए का ऋण बिना किसी गारंटी के मिल रहा है जिसका युवा भरपूर लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं कि उत्तराखंड में पहाड़ का पानी और पहाड़ की जवानी पहाड़ के काम आए। प्रधानमंत्री ने कहा, हमें यह धारणा बदलनी है कि पहाड़ का पानी और पहाड़ की जवानी पहाड़ के काम नहीं आ रही है। केंद्र सरकार का निरंतर प्रयास रहा है कि उत्तराखंड की युवा पीढ़ी अपने गांव की तरफ लौटे। इसके लिए पहाड़ में रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर बनाए जा रहे हैं। उन्होंने इस संबंध में सड़क और रेल परियोजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि आज राज्य में आधारभूत संरचनाओं के विकास में बहुत निवेश हो रहा है जिससे रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं। इस मेले में नियुक्ति पत्र पाने वाले सहायक अध्यापकों को भी प्रधानमंत्री ने बधाई दी और कहा कि यह उनके लिए जीवन की एक नई शुरुआत है। उन्होंने कहा, जिस सेवा में आज आप प्रवेश कर रहे हैं, वह सिर्फ आपका जीवन बदलने का नहीं बल्कि व्यापक बदलाव का माध्यम है। अपने सेवा भाव से आपको राज्यों और राष्ट्र में विकास और विश्वास के प्रयासों में अपना भरपूर योगदान देना है।

## मोदी, सिंगापुर के उनके समकक्ष यूपीआई और पे नाउ के बीच लिंक सेवा की शुरुआत के साक्षी बनेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सिंगापुर के उनके समकक्ष ली सीन लूंग मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से भारत के एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) और सिंगापुर के पे नाउ के बीच पैसा हस्तांतरण की लिंक सेवा की शुरूआत के साक्षी बनेंगे।प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी।पीएमओ के मुताबिक भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास और सिंगापुर मौद्रिक प्राधिकरण (एमएएस) के प्रबंध निदेशक रवि मेनन इस पहल की शुरुआत करेंगे।पीएमओ ने कहा कि फिनटेक नवाचार के लिए भारत सबसे तेजी से बढ़ते पारिस्थितिक तंत्रों में से एक के रूप में उभरा है। उसने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व ने भारत के सर्वश्रेष्ठ डिजिटल भुगतान बुनियादी ढांचे के वैश्वीकरण को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यान में कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी का मुख्य जोर यह सुनिश्चित करने पर रहा है कि यूपीआई का लाभ केवल भारत तक ही सीमित न रहे, बल्कि अन्य देशों को भी इससे लाभ हो।इन दो भुगतान प्रणालियों के लिंकेज से दोनों देशों के निवासियों को सीमा पार प्रेषण के तेजी से और लागत-कुशल हस्तांतरण में मदद मिलेगी। यह सिंगापुर में भारतीय प्रवासियों, विशेष रूप से प्रवासी श्रमिकों और छात्रों को सिंगापुर से भारत में धन के तात्कालिक और कम लागत वाले हस्तांतरण के माध्यम से मदद करेगा।

## पुरुषों और महिलाओं के लिए शादी की उम्र समान करने की मांग वाली याचिका न्यायालय ने खारिज की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पुरुषों और महिलाओं के लिए शादी की न्यूनतम उम्र एक समान करने की मांग वाली याचिका सोमवार को खारिज कर दी और कहा कि कुछ मामले संसद के लिए होते हैं तथा अदालतें कानून नहीं बना सकतीं। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत संसद को विधेयक पारित करने के लिए आदेश नहीं दे सकती। याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए पीठ ने कहा, हम यहां कानून नहीं बना सकते। हमें यह नहीं मानना चाहिए कि हम संविधान के इकलौते संरक्षक हैं। संसद भी संरक्षक है। शीर्ष अदालत वकील अश्विनी उपाध्याय की याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिन्होंने पुरुषों और महिलाओं के लिए शादी की कानूनी उम्र एक समान करने की मांग की थी। भारत में पुरुषों को 21 वर्ष की उम्र में विवाह करने की अनुमति है, जबकि महिलाओं के लिए शादी की न्यूनतम आयु 18 साल है।

## प्रेमी के साथ मिलकर सास और पति की हत्या की, शवों के टुकड़े कर खाई में फेंके

**गुवाहाटी।** असम में एक महिला ने प्रेमी और दोस्त के साथ मिलकर कथित तौर पर अपने पति व सास की हत्या की, फिर शवों के टुकड़े कर पॉलिथीन में भरकर मेघालय ले गई और उन्हें एक खाई में फेंक दिया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हत्याएं पिछले साल अगस्त-सितंबर में हुई थीं और महिला की सास के शव के कुछ ही हिस्से रविवार को मेघालय से बरामद किए जा सके। गुवाहाटी के पुलिस आयुक्त दिगंत बाराह ने पीटीआई-भाषा से कहा, हत्याएं करीब सात महीने पहले की गई थीं। हमने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने इस बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी। संपर्क करने पर, पुलिस उपायुक्त (मध्य) दिगंत कुमार चौधरी ने कहा कि पत्नी ने सितंबर में अपने पति और सास के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद जांच शुरू की गई थी। उन्होंने कहा कि पति और सास की पहचान अमरेंद्र डे व शंकरी डे के रूप में हुई है।चौधरी ने पीटीआई-भाषा से कहा, कुछ समय बाद अमरेंद्र के चचेरे भाई ने गुमशुदगी की एक और शिकायत दर्ज कराई, जिससे पत्नी पर संदेह पैदा हुआ। उन्होंने कहा कि दोनों मामले नूनमती थाने में दर्ज किए गए थे। गुवाहाटी के चांदमारी और नरेंगी इलाकों में दो अलग-अलग घरों में दोनों हत्याएं की गईं। चौधरी ने विस्तृत जानकारी साझा किए बिना दावा किया कि हत्याएं कथित तौर पर अमरेंद्र की पत्नी, उसके प्रेमी और एक अन्य व्यक्ति द्वारा की गईं। संदेह है कि वह उसका बचपन का दोस्त है।

## इंदौर में प्राचार्य को पूर्व छात्र ने पेट्रोल डालकर आग लगाई, हालत गंभीर

**इंदौर** (मध्यप्रदेश)। इंदौर के एक निजी महाविद्यालय की महिला प्राचार्य को संस्थान के एक पूर्व छात्र ने सोमवार को कथित तौर पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी जिसमें वह बुरी तरह झुलस गईं। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (देहात) भगवत सिंह विरदे ने पीटीआई-भाषा को बताया कि सिमरोल क्षेत्र के एक निजी महाविद्यालय की प्राचार्य विमुक्ता शर्मा (54) को संस्थान के पूर्व छात्र ए श्रीवास्तव (24) ने कथित तौर पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। विरदे ने बताया कि शर्मा करीब 80 प्रतिशत जल गई हैं और उन्हें एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि गंभीर हालत के चलते वह बयान देने की स्थिति में नहीं हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि श्रीवास्तव पड़ोसी उज्जैन जिले का रहने वाला है और उसे हिरासत में ले लिया गया है। उन्होंने बताया, घटना में श्रीवास्तव के भी हाथ जल गए हैं और उससे पूछताछ की जा रही है।

## पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास से चीन निर्मित ड्रोन बरामद

**चंडीगढ़।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पंजाब पुलिस ने पंजाब के फाजिल्का जिले में सोमवार को पाकिस्तान से लगी अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास चीन निर्मित एक ड्रोन बरामद किया। एक बीएसएफ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पिछले 24 घंटों के दौरान ड्रोन मिलने की यह दूसरी घटना है। विशेष सूचना पर कार्वाई करते हुए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पंजाब पुलिस की टीम ने सुबह करीब साढ़े नौ बजे फाजिल्का के न्यू हस्त कलां गांव में तलाशी अभियान शुरू किया। एक अधिकारी ने कहा कि उन्होंने गांव के एक खुले क्षेत्र से एक क्वाडकॉप्टर डीजेआई मैट्रिस 300 आरटीके बरामद किया। उन्होंने कहा कि बीएसएफ ने पंजाब पुलिस के साथ मिलकर एक बार फिर एक ड्रोन पकड़ा। बीएसएफ ने रविवार को गुरदासपुर जिले के घनियाके गांव में 2.73 किलोग्राम हेरोइन के साथ ड्रोन बरामद किया था। इसके पहले शनिवार को गुरदासपुर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तानी तस्करों के साथ गोलीबारी के बाद सुरक्षा बल ने हेरोइन के 20 पैकेट और अन्य हथियार और गोला-बारूद बरामद किए थे।

## समूह से बिछड़े हाथी ने लोहरदगा में चार लोगों को कुचलकर मार डाला

**लोहरदगा।** झारखंड के लोहरदगा जिले में पिछले 24 घंटों में दो अलग-अलग घटनाओं में हाथी के हमले में एक बुजुर्ग समेत चार लोगों की मौत हो गई। वन विभाग के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि हाथी के हमले में तीन लोगों की मौत सोमवार को हुई जबकि एक महिला की मौत रविवार को हुई। लोहरदगा के मंडल वन अधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि हाथी के हमले में सोमवार को तीन लोगों की मौत हो गई जिनकी पहचान लालमन महतो (60), नेहा कुमारी (18) एवं झालो उरांव (27) के तौर पर की गई है। कुमार ने बताया कि हाथी अपने झुंड से निकलने के बाद जिले के गांव में घुस गया और सुबह नित्यक्रिया के लिए निकले लोगों पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हाथी फिलहाल झाड़ियों में छिपा है और उसे काबू करने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि इससे पहले रविवार की शाम भी पास के कुडू इलाके में एक हाथी ने 50 वर्षीया एक महिला को कुचल दिया जिससे उसकी मौत हो गई थी।

## अदालत ने लाइफ मिशन मामले में शिवशंकर की ईडी हिरासत बढ़ाई

**कोच्चि।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के पूर्व प्रधान सचिव एम शिवशंकर की ईडी की हिरासत यहां की एक विशेष अदालत ने सोमवार को चार दिन और बढ़ा दी। शिवशंकर माकपा नीत सरकार की एक प्रमुख आवास परियोजना लाइफ मिशन में विदेशी अंशदान (विनियमन) कानून के कथित उल्लंघन के लिए जांच का सामना कर रहे हैं। केंद्रीय एजेंसी द्वारा 14 फरवरी को हिरासत में लिए गए शिवशंकर को बुधवार को ईडी की हिरासत में भेज दिया गया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मामले में शिवशंकर की भूमिका की पूरी जांच करने के लिए और समय मांगा। एजेंसी ने अदालत में दावा किया कि मामले में उनकी मिलीभगत काफी स्पष्ट थी। ईडी ने अदालत को सूचित किया कि शिवशंकर को सभी आवश्यक चिकित्सा सहायता प्रदान की जा रही है, जिन्होंने अदालत के समक्ष स्वास्थ्य समस्याओं की शिकायत की थी। धन शोधन रोकथाम (पीएमएलए) अदालत ने ईडी को चार दिन की हिरासत दी और एजेंसी को उन्हें 25 फरवरी को पेश करने को कहा। ईडी ने 18 फरवरी को लाइफ मिशन परियोजना के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) यू वी जोस से पूछताछ की थी। एजेंसी ने बृहस्पतिवार को चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) से पूछताछ की थी, जो कथित तौर पर मामले के संबंध में शिवशंकर से जुड़े थे। सीए ने कथित तौर पर राजनयिक मार्ग के जरिए सोना तस्करी मामले की प्रमुख आरोपी स्वप्ना सुरेश को परियोजना से प्राप्त कमीशन रखने के लिए बैंक लॉकर खोलने में मदद की थी।केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 2020 में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120 बी और विदेशी अंशदान विनियमन कानून (एफसीआरए) 2010 की धारा 35 के तहत वडक्कनचेरी के तत्कालीन कांग्रेस विधायक अनिल अक्कारा द्वारा यूनिटैक बिल्डर, कोच्चि के प्रबंध निदेशक संतोष इप्पन को पहले आरोपी के तौर पर और साने वेंचर्स को दूसरे आरोपी के रूप में सूचीबद्ध करने की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की थी।

# न्यायालय किस हद तक इन विषयों पर दे सकता है दखल

भाषा। नई दिल्ली

## विधायिका के धर्म एवं लैंगिक रूप से तटस्थ समान कानून बनाने का निर्देश देने के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने किया सवाल



**उच्चतम** न्यायालय ने सोमवार को सवाल किया कि क्या वह विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और गुजारा भत्ता जैसे विषयों पर धर्म एवं लैंगिक रूप से तटस्थ समान कानून बनाने के लिए केंद्र को निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर सकता है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने विधायिका के दायरे में आने वाले मुद्दों के सिलसिले में न्यायिक शक्तियों की गुंजाइश के बारे में यह टिप्पणी की और कई जनहित याचिकाओं सहित करीब 17 याचिकाओं पर सुनवाई चार हफ्तों के लिए स्थगित कर दी। पीठ में न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला भी शामिल हैं। पीठ ने कहा, सवाल यह है कि किस हद तक न्यायालय इन विषयों में हस्तक्षेप कर सकता है क्योंकि ये मुद्दे विधायिका के दायरे में आते हैं। सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, जहां तक मेरा मानना है, सैद्धांतिक रूप से, सभी पर समान रूप से लागू होने वाले लैंगिक रूप से तटस्थ समान कानून पर कोई आपत्ति नहीं हो सकती। यह न्यायालय को विचार करना है कि उसकी ओर से क्या किया जा सकता है। सुनवाई की शुरुआत में एक पक्ष की ओर से पेश होते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि उन्हें अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर जनहित याचिका पर प्रारंभिक आपत्ति है। सिब्बल ने कहा, अनुरोधों पर गौर करें। क्या इस तरह के अनुरोध इस न्यायालय में किए जा सकते हैं। यह सरकार को निर्णय करना है कि वह (धर्म एवं लैंगिक रूप से तटस्थ समान कानून बनाने के लिए) क्या करना चाहती है। उन्होंने कहा कि इस न्यायालय को विषय में एक प्रथम दृष्टया आदेश तक जारी नहीं करना चाहिए क्योंकि यह पूरी तरह से सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने उपाध्याय की ओर से पेश होते हुए सिब्बल की दलीलों का विरोध किया और कहा कि व्यक्तिगत याचिकाएं भी हैं और उनमें से एक में एक मुस्लिम महिला ने कहा है कि वह अपने लिए पर्सनल लॉ चाहती है, जो लैंगिक रूप से तटस्थ हो। शंकरनारायणन ने कहा, इसे एक हद तक न्यायापालिका द्वारा किया जा सकता है। पीठ ने वकीलों को जनहित याचिकाओं में किए गए अनुरोधों की एक सूची उपलब्ध कराने को कहा तथा चार हफ्तों के बाद उन पर सुनवाई करने का फैसला किया।

# सीमावर्ती क्षेत्र में बेहतर बुनियादी ढांचे की जरूरत



**ईटानगर ( भाषा )।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को सामरिक रूप से महत्वपूर्ण भौगोलिक क्षेत्र में स्थित अरुणाचल प्रदेश में बेहतर बुनियादी ढांचे का निर्माण करने की जरूरत पर जोर दिया। इस राज्य की सीमाएं तीन देशों से लगी हुई हैं। पूर्वोत्तर राज्य के 37वें स्थापना दिवस के अवसर पर मुर्मू ने कहा कि वह इस बात का उल्लेख करके खुश हैं कि अरुणाचल प्रदेश में कई महत्वाकांक्षी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है। भारत और चीन, दोनों ही देश क्रमश: अरुणाचल और पूर्वी तिब्बत के सीमावर्ती इलाकों को जोड़ने के लिए सड़क, पुल, सुरंग, बांध और हवाई अड्डे का नेटवर्क तैयार कर रहे हैं। दोनों देशों के सैनिकों के बीच हाल के समय में सीमावर्ती इलाके में झड़प भी हुई थी। राष्ट्रपति ने कहा, आर्थिक विकास के लिए और सुरक्षा की दृष्टि से राज्य में बेहतर बुनियादी ढांचा की जरूरत है। मैं यह जानकर खुश हूं कि केंद्र ने राज्य में महत्वाकांक्षी फ्रंटियर हाईवे परियोजना के लिए 40,000 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। इसके अलावा, राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए 44,000 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का प्रस्ताव है। मुर्मू ने कहा, राज्य में प्रथम नया हवाई अड्डा-- डोनी पोलो हवाई अड्डा-- के उद्घाटन के साथ हवाई संपर्क और व्यापार की संभावना को काफी बढ़ावा मिलेगा। राष्ट्रपति ने डोनी पोलो हवाई अड्डा से नहलागुन रेलवे स्टेशन तक 40 किमी लंबी व दोहरी सड़क की आधारशिला भी रखी। मुर्मू ने महिला सशक्तिकरण के विषय पर कहा कि इन्हें नेतृत्वकारी भूमिका दिए बगैर समाज का विकास नहीं हो सकता। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, महिलाएं समाज के विकास की वाहक हैं।

# भ्रष्टाचार और कुशासन कांग्रेस की बुनियादी विशेषताएं:नड्डा



**ब्यंदूर( कर्नाटक )।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोमवार को आरोप लगाया कि लोगों और समाज का विभाजन, भ्रष्टाचार, अक्षमता, कुशासन व फूट डालो और राज करो कांग्रेस की बुनियादी विशेषताएं हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि कर्नाटक के लोगों ने आगामी विधानसभा चुनाव में फिर से भाजपा को चुनने का फैसला किया है।उन्होंने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस का प्राथमिक चरित्र विभाजन, भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी, काम न करना और लोगों को उनके अधिकारों से वंचित करना है।उन्होंने कहा, चुनाव आ रहे हैं और मैं आपको बताना चाहता हूं कि यह भाजपा है, जिसके तहत कर्नाटक ने प्रगति की है। यह विकास के पथ पर आगे भी प्रगति करता रहेगा। मैं गारंटी के साथ यह कह सकता हूं। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि राज्य में सिद्धरमैया के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने 175 मामले वापस ले लिए थे और।,600 लोगों को रिहा कर दिया था जो पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) और कर्नाटक फोरम फॉर डिग्निटी (केएफडी) के कार्यकर्ता थे। उन्होंने कहा कि ए सभी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल थे और कानून-व्यवस्था को अपने हाथ में ले लिया था।उन्होंने सिद्धरमैया पर राज्य में शांति भंग करने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए कहा, यह समाज में विभाजन पैदा करने के इरादे से किया गया था और इसके पीछे वोट बैंक व सुविधा की राजनीति थी। उन्होंने कहा, सिद्धरमैया इसके लिए पूरी तरह जिम्मेदार हैं।

# मेरी जासूसी हो रही है: चव्हाण

भाषा। मुंबई,औरंगाबाद



**महाराष्ट्र के** पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक चव्हाण ने सोमवार को दावा किया कि कुछ निजी और ठेके पर रखे गए व्यक्ति उनकी जासूसी कर रहे हैं तथा उनके आधिकारिक पत्रों की जालसाजी के जरिए उन्हें या किसी अन्य को बदनाम करने के प्रयास किए जा रहे हैं। चव्हाण ने कहा कि ए सभी प्रयास उन्हें नुकसान पहुंचाने की साजिश हो सकते हैं और पुलिस को एक मामला दर्ज करना चाहिए। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, कुछ निजी और ठेके पर रखे गए व्यक्ति मेरी जासूसी कर रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि एक व्यक्ति मेरी बैठकों, यात्रा योजनाओं आदि का ब्योरा जुटा रहा है। यह संभावना है कि मुझे कुछ नुकसान पहुंचाने के लिए मेरे खिलाफ कोई आपराधिक साजिश रची जा रही हो। पुलिस को इसका संज्ञान लेना चाहिए और उपयुक्त कानूनी कार्वाई करनी चाहिए।

चव्हाण ने यह भी दावा किया कि कुछ अज्ञात लोगों ने उनके उन आधिकारिक पत्रों की सामग्री में बदलाव किए हैं, जो उन्होंने (उद्धव ठाकरे नीत महाविकास आघाडी सरकार के दौरान 2019 से जून 2022 तक) राज्य का लोक निर्माण विभाग मंत्री रहने के दौरान लिखे थे। उन्होंने कहा, मैंने पूर्व में नांदेड़ के पुलिस अधीक्षक को इस तरह की चीजों के बारे में सूचित किया था। मुझे आशंका है कि जालसाजी किए गए दस्तावेजों का इस्तेमाल कुछ चुनाव से पहले किसी को बदनाम करने के लिए किए जा सकता है। चव्हाण ने कहा कि पुलिस उनकी शिकायत की 31 जनवरी से जांच कर रही है और उन्हें मराठा कोटा मुद्दे पर तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को संबोधित उनके एक और फर्जी पत्र के बारे में पता चला है। उन्होंने एक बयान में कहा कि उन्होंने इस मुद्दे पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश कुमार से संपर्क किया था। उन्होंने दिन में जारी किए गए बयान में कहा, इस तरह के पत्र का इस्तेमाल भविष्य में मुझे बदनाम करने के लिया जा सकता है। इन पत्रों का इस्तेमाल समाज में दरार पैदा करने के लिए किया जा सकता है, इसलिए एक मामला दर्ज किया जाना चाहिए।

# उमा भारती ने मध्य प्रदेश की नई आबकारी नीति को ऐतिहासिक, क्रांतिकारी बताया

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वरिष्ठ नेता उमा भारती ने सोमवार को मध्य प्रदेश की नई आबकारी नीति का स्वागत करते हुए कहा कि हमारी सरकार के द्वारा घोषित की गई यह शराब नीति एक ऐतिहासिक एवं क्रांतिकारी निर्णय है। मालूम हो कि मध्य प्रदेश में शराब सेवन को हतोत्साहित करने की दिशा में राज्य सरकार ने रविवार को निर्णय लेते हुए नई आबकारी नीति पर मुहर लगा दी, जिसके तहत राज्य में संचालित सभी शराब अहातों और शॉप बार को बंद किया जाएगा। भारती मध्य प्रदेश में पिछले कुछ महीनों से नियंत्रित शराब नीति की मांग कर रही थी। हालांकि, इससे पहले उन्होंने राज्य में पूर्ण शराबबंदी की मांग की थी। इस साल के अंत में राज्य में विधानसभा चुनाव होने हैं। भारती ने ट्वीट किया, मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल की रविवार शाम में हुई बैठक में हमारी सरकार के द्वारा घोषित की गई शराब नीति एक ऐतिहासिक एवं क्रांतिकारी निर्णय है। इसके लिए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी का मध्य प्रदेश के सभी नागरिकों खासकर महिलाओं की तरफ से अभिनंदन। उन्होंने आगे लिखा, शराब की दुकान के सामने बैठकर शराब पीने का पूर्णतया: निषेध, पूरे राज्य के अहाते बंद करने का निर्णय एवं शराब पीकर वाहन चलाने पर सजा के प्रावधान इस नीति के वह विशेष अंग हैं जो शराब नीति के लिए मध्य प्रदेश को मॉडल राज्य बना रहे हैं।

# मोदी सरकार में सब अडाणी का

भाषा। नई दिल्ली

## राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा-किसी को मुकम्मल जहां नहीं मिलता



**कांग्रेस के** पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि किसी को मुकम्मल जहां नहीं मिलता वाली कहावत प्रधानमंत्री के पसंदीदा मित्र गौतम अडाणी पर लागू नहीं होती, क्योंकि आज जमीन, समंदर और आसमान सब उनका है। राहुल गांधी ने मित्रकाल: अडाणी की उड़ान श्रृंखला के तहत एक वीडियो ट्विटर पर पोस्ट करते हुए कहा, फ़क़ीर का जादू - झोले से एयरपोर्ट निकाला, अडानी के कब्ज़े में डाला।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि मुंबई समेत देश के छह प्रमुख हवाई अड्डे नियमों को ताक पर रखकर और जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करके अडाणी समूह को दिए गए। उन्होंने वीडियो में कहा, संसद में मैंने सच्चाई बोली। नरेन्द्र मोदी जी और अडाणी जी के रिश्ते के बारे में सच्चाई बोली। हिंदुस्तान के धन को किस तरह लूटा जा रहा है, उस बारे में सबूत देकर सच्चाई बोली। मेरी टिप्पणियों को संसद की कार्यवाही से हटा दिया गया। राहुल गांधी ने संसद में प्रधानमंत्री द्वारा उन पर निशाना साधने के लिए दुष्यंत कुमार की रचना की दो पंक्तियों का उल्लेख किए जाने को लेकर भी जवाबी प्रहार किया। प्रधानमंत्री ने कटाक्ष करते हुए कहा था, तुम्हारे पांव के नीचे कोई जमीन नहीं, कमाल ए है कि फिर भी तुम्हें यकीन नहीं? इसका जवाब देते हुए राहुल गांधी ने कहा, प्रधानमंत्री जी ने शायद दुष्यंत जी की कविता की ए दो पंक्तियां नहीं पढ़ीं हैं: मैं बेपनाह अंधेरे को सुबह कैसे कहूं, मैं इन नजारों का अंधा तमाशबीन नहीं। कांग्रेस नेता ने कहा, मैं व्यवसाय के खिलाफ नहीं हूं। मैं व्यवसाय के पक्ष में हूं, लेकिन एकाधिकार और जादू के खिलाफ हूं। कौन सा जादू? 609 वें सबसे अमीर से दूसरा सबसे अमीर बनने का जादू ? चार क्षेत्रों से 14 क्षेत्रों में व्यवसाय बढ़ाने का जादू ? और छह हवाई अड्डे हासिल करने का जादू ?

उन्होंने प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुए कहा, कहते हैं कि हर किसी को मुकम्मल जहां नहीं मिलता, लेकिन यह बात प्रधानमंत्री के पसंदीदा मित्र पर लागू नहीं होती।

# भारतीय महिलाएं सेमीफाइनल में

● टी20 विश्व कप : आयरलैंड को हराया

● डकवर्थ-लुईस पद्धति से पांच रन से शिकस्त दी

भाषा। गक्बेरहा



**सलामी बल्लेबाज** स्मृति मंधाना की आक्रामक अर्धशतकीय पारी के दम पर भारत ने महिला टी20 विश्व के ग्रुप दो के बारिश से प्रभावित अपने आखिरी लीग मुकाबले में सोमवार को यहां आयरलैंड को डकवर्थ-लुईस पद्धति से पांच रन से शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही भारत ने चार मैचों में छह अंक के साथ सेमीफाइनल का टिकट पक्का कर लिया। इस ग्रुप से इंग्लैंड ने पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह तय कर ली है।

सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना की इस प्रारूप की सर्वश्रेष्ठ 87 रन की ताबड़तोड़ पारी से भारत ने छह विकेट पर 155 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा करने के बाद बारिश के कारण खेल रोके जाने के समय आयरलैंड को 8.2 ओवर में दो विकेट पर 54 रन पर रोक दिया। भारतीय टीम लगातार तीसरी बार महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची है। टीम पिछली बार 2020 में उपविजेता रही थी। लक्ष्य का पीछा करते समय आयरलैंड ने पहले ओवर में ही दो विकेट गंवा दिए। एमी हंटर जेमिमा रोड्रिग्स के शानदार क्षेत्ररक्षण और थ्रो पर रन आउट हुई तो वहीं रेणुका सिंह ने शानदार लय में चल रही ओर्ला प्रेंडरगास्ट को खाता खोले बगैर बोल्ड किया। इसके बाद सलामी बल्लेबाज गैबी लुईस (25 गेंद में नाबाद 32) और कप्तान लॉरा डेनेली (20 गेंद में नाबाद 17 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 45 गेंद में 53 रन की अटूट साझेदारी कर मैच में आयरलैंड की वापसी कराने की कोशिश की। उनकी कोशिश पर हालांकि बारिश ने पानी फेर दिया। इससे पहले वामहस्त बल्लेबाज मंधाना ने 56 गेंद की आकर्षक पारी में नौ चौके और तीन छक्के जड़े। उन्होने शेफाली वर्मा (24) के साथ पहले विकेट के लिए 62 और कप्तान हरमनप्रीत कौर (13) के साथ दूसरे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। बल्लेबाजी के लिए मुश्किल पिच पर शेफाली और हरमनप्रीत रन बनाने के लिए संघर्ष करती दिखी लेकिन स्मृति पर इसका कोई असर नहीं हुआ। शेफाली ने 29 गेंद की पारी में तीन चौके लगाए जबकि हरमनप्रीत 20 गेंद की पारी में एक भी चौका लगाने में विफल रही।

आयरलैंड के लिए डेलेनी ने तीन जबकि प्रेंडरगास्ट ने दो विकेट चटकाए। आर्लीन केली को एक सफलता मिली। भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। स्मृति और शेफाली ने शुरुआती 10 ओवर के अंदर 62 रन जोडे। शेफाली एक बार फिर अपनी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रही। वह डेलेनी की गेंद पर आउट होकर पवेलियन लौटी। हरमनप्रीत जहां रन बनाने के लिए संघर्ष कर रही थी वही स्मृति गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाने के साथ साथ दौड़ कर रन चुरा रही थी। उन्होंने

### मेरी सबसे मुश्किल पारियों में एकः स्मृति

**गक्बेरहा।** भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने सोमवार को आयरलैंड के खिलाफ सोमवार को यहां महिला टी20 विश्व कप मैच में 87 रन की अपनी मैच जिताऊपारी को अब तक की सबसे मुश्किल पारियो मे से एक करार दिया। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय मे उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी है। मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई स्मृति ने पुरस्कार समारोह मे कहा, यह अब तब की मेरी सबसे मुश्किल पारियों मे से एक है। पिच मुश्किल थी लेकिन जिस गति से वे गेंदबाजी कर रहे थे और तेज हवा कारण परिस्थितियां और चुनौतीपूर्ण हो गई थी। उन्होंने कहा, हम एक दूसरे से (सलामी जोड़ीदार शेफाली वर्मा के साथ) कह रहे थे कि क्रीज पर बने रहने की कोशिश करनी चाहिए और अपनी लय बरकरार रखे। मुझे शुरू मे रन बनाने मे परेशानी हो रही थी। वह भी सही टाइमिंग के साथ शॉट नही लगा पा रही थी। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी स्मृति की तारीफ करते हुए कहा, स्मृति ने रन बनाए जो हमारे लिए काफी अहम रहा।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पारीः** शेफाली का हंटर बो डेलेनी 24,मंधाना का लुईस बो प्रेंडरगास्ट 87, हरमनप्रीत का प्रेंडरगास्ट बो डेलेनी 13,घोष, का लुईस बो डेलेनी 00,जेमिमा स्टं. वॉल्ड्रन बो केली 19,दीप्ति का डेम्पसी बो प्रेंडरगास्ट 00,वस्त्राकर नाबाद 02,**अतिरिक्तः** 10, **कुल योगः** (20 ओवर मे छह विकेट पर) 155 रन, विकेट पतनः1-62, 2-114, 3-115, 4-143,5-143,6-155 ,**गेंदबाजीः**प्रेंडरगास्ट 4-0-22-2,डेम्पसी 3-0-27-0,केली 4-0-28-1, पॉल 3-0-27-0 ,मरे 2-0-16-0, **डेलेनी 4-0-33-3**

**आयरलैंड पारीः** हंटर रन आउट (जेमिमाघोष) 01,लुईस नाबाद 32,प्रेंडरगास्ट,बो रेणुका 00,डेलेनी, नाबाद 17,अतिरिक्तः 04,**कुल योगः** (8.2 ओवर मे दो विकेट पर) 54 रन,**विकेट पतनः**1-1, 2-1, **गेंदबाजीः** रेणुका,2-0-10-1,वस्त्राकर 2.2-0-14-0, शिखा पांडे 2-0-14-0,दीप्ति शर्मा1-0-11-0, गायकवाड़1-0-5-0

# हेजलवुड बाकी बचे दोनों टेस्ट से बाहर



भाषा। इंदौर

**भारत के हाथों** पहले दोनों टेस्ट गंवा चुकी ऑस्ट्रेलिया की टीम को सोमवार को एक और झटका लगा जब तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड पांव की चोट के कारण बॉर्डर-गावस्कर ट्राफी के बाकी बचे दो मैचों से बाहर हो गए। ऑस्ट्रेलिया पहले दो टेस्ट - नागपुर और दिल्ली में - तीन दिनों के अंदर हार गया। आखिरी दो मैच इंदौर (एक से पांच मार्च) और अहमदाबाद (नौ से 13 मार्च) में खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने पुष्टि की कि नागपुर और दिल्ली टेस्ट से बाहर रहे हेज़लवुड सिडनी में उपचार कराते रहेंगे। हेजलवुड सिडनी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए टेस्ट मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। मैकडोनाल्ड ने कहा, जोश हेजलवुड टीम से बाहर हो गए हैं। वह स्वदेश लौटेंगे। मैकडोनाल्ड हालांकि डेविड वार्नर की स्थिति को लेकर अनिश्चित हैं। दूसरे टेस्ट के दौरान इस सलामी बल्लेबाज की कोहनी पर चोट लगी थी जिसके कारण वह मैच से बाहर हो गए थे। वार्नर अब भी फिट नहीं हैं। हमारी इसको लेकर बैठक हुई थी। हम अभी डेवी (वार्नर) को लेकर कोई फैसला करने लिए जल्दबाजी में नहीं हैं। मैं उनकी चोट की स्थिति का आकलन करने का काम चिकित्सा दल पर छोड़ दूंगा। वही मुझे उनकी वास्तविक स्थिति के बारे में सूचित करेंगे। दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में वार्नर की जगह ट्रैविड हेड पारी का आगाज करने के लिए उतरे और मैकडोनाल्ड ने कहा कि अगर वार्नर समय पर चोट से उबरने में नाकाम रहते हैं तो हेड उनकी जगह लेंगे। उन्होंने कहा, अगर डेव उपलब्ध नहीं रहता है तो उसे (हेड) रखना सही फैसला होगा। हमने यहां आने से पहले इस पर चर्चा की थी कि अगर हमारा कोई सलामी बल्लेबाज उपलब्ध नहीं रहता है तो ट्रैव वह होगा जो उसकी जगह लेगा। कोच ने हालांकि कहा कि कैमरन ग्रीन इंदौर मैच के लिए फिट हो जाएंगे।

### भारत की परीक्षा में विफल रहेः मैकडोनाल्ड

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एड्रयू मैकडोनाल्ड ने यहां दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी मे अपनी टीम की लचर बल्लेबाजी पर कहा कि वे भारत की परीक्षा मे विफल रहे। ऑस्ट्रेलियन एसोसिएटेड प्रेस ने सोमवार को मैकडोनाल्ड के हवाले से कहा, हमारे तरीकों की आलोचना होगी और ऐसा होना भी चाहिए। दूसरे दिन की समाप्ति पर अगर आप कहते कि हमारी तैयारी अच्छी थी (जब ऑस्ट्रेलिया का स्कोर एक विकेट पर 61 रन था) तो संभवतः आपका नजरिया अलग होता लेकिन एक घंटे के भीतर (तीसरे दिन) जो हुआ उसे लेकर लोगों ने आलोचना शुरू कर दी। एशेज मे ऑस्ट्रेलिया की 4-0 की जीत के बाद जस्टिन लैंगर की जगह कोच पद संभालने वाले मैकडोनाल्ड ने कहा, और तीसरे दिन हम भारत की परीक्षा मे विफल रहे। कोच ने कहा कि जहां तक उनकी समझ है तो बेंगलुरू मे स्पिन की अनुकूल पिचों पर तैयारी शिविर से स्पिन के खिलाफ पर्याप्त तैयारी का मौका मिला। मुझे लगता है कि उन्होंने (टीम ने) बेंगलुरू मे काफी अच्छी तैयारी की इसलिए इसे लेकर कोई बहाना नही है। कोच ने कहा कि कुछ खिलाड़ी अपनी परखी हुई रणनीति पर नही चले जिसका खामियाजा उन्हें लगातार दूसरी शर्मनाक हार के साथ चुकाना पड़ा। कुछ लोग ऐसे थे जो स्पष्ट रूप से उस रणनीति से दूर चले गए जिसने उन्हें समय के साथ सफल बनाया। हमें इससे बेहतर होना है, यही सबसे महत्वपूर्ण बात है, हमें इसे अपनाना होगा। तीसरा टेस्ट एक मार्च से इंदौर में खेला जाएगा और इसके लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम मे तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क और कैमरन ग्रीन को मौका मिल सकता है जो चोटों से उबर रहे हैं।

### सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी : पंजाब, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु जीते

**काकीनाडा।** पंजाब, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु ने सोमवार को यहां 13वी हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में अपने अपने मैच जीते। पंजाब ने पूल एफ में हिमाचल प्रदेश को 2-0 से जबकि उत्तर प्रदेश ने पूल ई में आंध्र प्रदेश को 3-2 से हराया। पूल एच में दिन के अंतिम मैच में तमिलनाडु ने पुडुचेरी को 3-0 से पराजित किया। मंगलवार को महाराष्ट्र का सामना तमिलनाडु से, पुडुचेरी का अंडमान और निकोबार से, मध्य प्रदेश का दिल्ली से और तेलंगाना का मणिपुर से होगा।

### नई दिल्ली का स्लम सॉकर लॉरेस स्पोर्ट फोर गुड पुरस्कार के लिए नामित

**लंदन।** नई दिल्ली स्थित स्लम सॉकर को सोमवार को इस साल के लॉरेस स्पोर्ट फोर गुड पुरस्कार के लिए नामित किया गया। स्लम सॉकर फुटबॉल परियोजना का लक्ष्य भारतीय राजधानी के बेघरों को शिक्षा मुहैया कराना और उनके स्तर में सुधार करना है। लॉरेस स्पोर्ट फोर गुड पुरस्कार एक ऐसे व्यक्ति या संगठन को मान्यता देता है जिसने खेल के माध्यम से बच्चों और युवाओं के जीवन को बदलने में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो।

### आईएसएल फाइनल 18 मार्च को मडगांव में

**नई दिल्ली।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल 18 मार्च को गोवा के मडगांव के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेला जाएगा। आयोजकों ने सोमवार को यह जानकारी दी। टीमों के लिए ट्रेनिंग मैदान और अन्य बुनियादी ढांचे की उपलब्धता के कारण गोवा को इस प्रतिष्ठित मुकाबले की मेजबानी के लिए चुना गया है। प्ले ऑफ मुकाबले तीन मार्च से खेले जाएंगे। लीग शील्ड विजेता मुंबई सिटी एफसी, हैदराबाद एफसी, एटीके मोहन बागान, बेंगलुरू एफसी और केरल ब्लास्टर्स एफसी पहले ही प्ले ऑफ में जगह बना चुके है।

### शाहिद खिलाड़ियों को सराहेंगे

**मुंबई।** शाहिद कपूर इन दिनों अलग अंदाज में दिखाई दे रहे हैं। मल्टी टेलेंटेड कहलाने वाले खिलखिलाते शाहिद ने स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म खिलाड़ी डॉट कॉम के कैंपेन शूट के लिए जैसे ही स्टूडियो में कदम रखा माहौल बदल गया। इसकी पहली रील उनके इंस्टाग्राम हैंडल पर लाइव हो चुकी है। जिसमें वे एक एम्प्लॉई हैं और ऑफिस में अपने बॉस से बात कर रहे हैं। इसमें बॉस एम्प्लॉई के बीच कॉमिक कन्वर्सेशन दिखाई गई है। सबसे खास बात यह है कि उनके बॉस बोनस परसेंटेज देने का ऑफर लगातार बढ़ाते हैं जबकि शाहिद कूल अंदाज में टेबल पर पैर रखकर रिफ्यूज करते दिखाई देते हैं। आखिरी में फाइनल अमाउंट के लिए राजी होने के बाद शाहिद कहते हैं क्योंकि खिलाड़ी अपना भाव जानता है।

### जेमीसन की सर्जरी होगी, वापसी में चार माह का विलंब

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जेमीसन को कमर की सर्जरी करानी होगी क्योंकि उनकी चोट फिर उभर आई है जिसके कारण वह नौ महीने से अधिक समय से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर है। जेमीसन को इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट की मौजूदा श्रृंखला में वापसी करने की उम्मीद थी। उन्होंने पिछला टेस्ट जून 2022 में खेला था। चोट के दोबारा उभरने और सर्जरी को देखते हुए इस 28 वर्षीय को पूर्ण फिटनेस हासिल करने के लिए थोड़ा अधिक इंतजार करना होगा।

# राहुल के बचाव में टीम प्रबंधन

### दे रहा विदेश में लगाए दो शतकों की दुहाई

भाषा। नई दिल्ली



**लोकेश** राहुल लगातार विफलता के बाद भी भारतीय टेस्ट टीम में बने हुए है जिससे टीम प्रबंधन पर उनका जरूरत से ज्यादा साथ देने का आरोप लग रहा है।भारतीय क्रिकेट में इतनी विफलता के बाद भी शायद ही कोई खिलाड़ी इतने लंबे समय तक टीम में बना रहा हो जो काफी हैरान करने वाला मामला है। ऐसे में सवाल उठता है कि राहुल के पास क्या अत्यधिक कौशल है या वह जरूरत से ज्यादा उनका समर्थन किया जा रहा है। भारत के मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली किसी मुद्दे में आमतौर पर एक मत नहीं रखते लेकिन राहुल को लेकर इन दोनों दिग्गजों की सोच भी एक जैसी है। कोहली ने एशिया कप के दौरान अफगानिस्तान के खिलाफ जब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना 71वां शतक लगाया था तब भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) टेलीविजन के लिए रोहित को दिए साक्षात्कार में कोहली ने कहा था, हमें राहुल के योगदान को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए क्योंकि हम जानते हैं कि विश्व कप से पहले राहुल का लय में होना कितना महत्वपूर्ण है। हम जानते हैं कि वह इस प्रारूप में क्या कर सकता है, बहुत आसानी से बड़ा शॉट खेल सकता है और एक बार जब वह टी20 क्रिकेट में अच्छी बल्लेबाजी करता है तो हमारी टीम और भी मजबूत दिखती है। इस वीडियो में राहुल का जिक्र होना ऐसा लग रहा था कि जानबूझ कर उनकी तरफदारी की जा रही हो। इस बातचीत के छह महीने बीत जाने के बाद भी राहुल सात टेस्ट पारियों में प्रभावित करने में नाकाम रहे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो टेस्ट की तीन पारियों से पहले बांग्लादेश के खिलाफ चार पारियों में भी उनका प्रदर्शन लचर रहा। मौजूदा टीम प्रबंधन के तीन वरिष्ठ लोगों ने पिछले दो सप्ताह में राहुल के बचाव में एक जैसे तर्क दिए कि उन्होंने इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में मुश्किल परिस्थितियों में शतकीय पारियां खेली थी। टीम के बल्लेबाजी को विक्रम राठौर ने नागपुर टेस्ट के दौरान राहुल को लेकर पीटीआई-भाषा के सवाल पर कहा था, ईमानदारी से कहूं तो राहुल ने पिछले 10 टेस्ट में दो शतक बनाए है। इसमें से एक इंग्लैंड और दूसरा दक्षिण अफ्रीका में आया है। उन्होंने दो अर्धशतक भी लगाए है। दिल्ली में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच के बाद भारतीय कोच राहुल द्रविड़ और रोहित ने भी इस सलामी बल्लेबाज को लेकर ऐसी ही प्रतिक्रिया दी। रोहित ने कहा, यह सिर्फ राहुल के बारे में नहीं है बल्कि यह किसी भी खिलाड़ी की कहानी हो सकती है। अगर आप विदेश में लगाए उनके शतकों को देखे तो, मेरे लिए वह उनकी सर्वश्रेष्ठ पारियां थी।

# क्लार्क ने अब तक भारतीय दौरे पर ऑस्ट्रेलिया की बड़ी गलतियों का खुलासा किया

भाषा। मेलबर्न



**पूर्व कप्तान** माइकल क्लार्क का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के भारत दौरे पर अब तक का खराब प्रदर्शन बड़ी गलतियों से भरा हुआ है। क्लार्क को लगता है कि ऑस्ट्रेलिया ने सबसे बड़ी गलती नौ फरवरी से शुरू हुई चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले अभ्यास मैच नहीं खेलकर की। पैट कमिंस ने इसके बजाय नागपुर में श्रृंखला के पहले मैच से पूर्व बेंगलुरू के पास एक संक्षिप्त शिविर लगाने और इससे पूर्व स्वदेश में भारतीय परिस्थितियों जैसी परिस्थितियां तैयार करके अभ्यास का विकल्प चुना था। दो हफ्ते बाद मेहमान टीम श्रृंखला में 0-2 से पीछे है और बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतने का मौका पहले ही गंवा चुकी है। क्लार्क ने सोमवार को बिग स्पोर्ट्स ब्रेकफास्ट पर कहा, मैं जो देख रहा हूं उससे मैं हैरान नहीं हूं क्योंकि हमने अभ्यास मैच में हिस्सा नहीं लिया। बड़ी, बड़ी, बड़ी गलती। वहां कम से कम एक मैच होना चाहिए था ताकि परिस्थितियों से सामंजस्य बैठाया जा सके। पहले दो टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों की शीर्ष स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ कमजोरियां उजागर हुई। नई दिल्ली में मेहमान टीम के बल्लेबाजों ने स्वीप खेलकर स्पिनरों से निपटने का प्रयास किया लेकिन यह रणनीति बुरी तरह विफल रही। क्लार्क के अनुसार इसके अलावा एक और बड़ी गलती पहले टेस्ट में ट्रेविस हेड को नहीं खिलाना थी। बाएं हाथ के बल्लेबाज हेड ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी में 46 गेंद में 43 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे जबकि पूरी टीम 113 रन पर ऑल आउट हो गई। यह पहली बार था जब उन्होंने टेस्ट मैच में पारी की शुरुआत की। क्लार्क ने कहा, पहले टेस्ट के लिए चयन, बड़ी, बड़ी गलती। दूसरे टेस्ट में उन्होंने स्वीप किया, हमने पहले टेस्ट मैच में काफी स्वीप शॉट देखे थे। जब आप अपनी पारी शुरू करते हैं तो वे स्वीप करने के लिए सही समय नहीं होता। कम उछाल वाली पिच पर ऑस्ट्रेलिया के आधे बल्लेबाज स्वीप या रिवर्स स्वीप करते हुए आउट हुए। क्लार्क ने कहा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपके आसपास कितने सहयोगी कर्मचारी हैं, आप ऑस्ट्रेलिया के लिए खेल रहे हैं।

### मेघालय पहली बार संतोष ट्रॉफी के सेमीफाइनल में

**भुवनेश्वर।** मेघालय ने सोमवार को यहां पूर्व चैंपियन पश्चिम बंगाल को 2-1 से हराकर अपने ग्रुप में दूसरा स्थान हासिल किया और पहली बार संतोष ट्रॉफी राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। मेघालय सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली चौथी और अंतिम टीम है। सेमीफाइनल और फाइनल एक से चार मार्च तक सऊदी अरब की राजधानी रियाद में खेले जाएंगे। मेघालय ग्रुप बी में पांच मैचों में 10 अंक लेकर सेना (13 अंक) के बाद दूसरे स्थान पर रहा। सेना सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली पहली टीम थी। पंजाब और कर्नाटक पहले ही ग्रुप ए से विजेता और उपविजेता के रूप में सेमीफाइनल में जगह बना चुके हैं। रियाद के किंग फहद स्टेडियम में सेमीफाइनल में पंजाब का सामना मेघालय से होगा और सेना का कर्नाटक से होगा। दिन के अन्य मैचों में सेना ने रेलवे को 4-0 से जबकि दिल्ली ने मणिपुर को 2-0 से हराया।

# शीर्ष पहलवानों ने फिर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया

भाषा। नई दिल्ली



**शीर्ष भारतीय** पहलवानों ने बड़ी प्रतियोगिताओं ने हटना जारी रखा है और अब विनेश फोगाट तथा बजरंग पूनिया जैसे पहलवानों ने दूसरी रैंकिंग सीरीज इब्राहिम-मुस्तफा टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है। यह एक महीने में दूसरा मौका है जब विनेश, बजरंग, रवि दहिया, दीपक पूनिया, अंशु मलिक, संगीता फोगाट और संगीता मोर ने अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है। इस टूर्नामेंट का आयोजन मिस्र के एलेक्सांद्रिया में 23 से 26 फरवरी तक होना है। ए शीर्ष पहलवान इससे पूर्व जागरेब ओपन से यह कहकर हट गए थे कि वे प्रतियोगिता के लिए तैयार नहीं हैं।

### निशांत की स्ट्रैंड्जा मेमोरियल अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत

**सोफिया।** भारत के राष्ट्रीय चैम्पियन निशांत देव ने सोमवार को यहां प्रतिष्ठित स्ट्रैंड्जा मेमोरियल अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट में 71 किग्रा भार वर्ग में चीन के वांग पेइचेंग को हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। निशांत ने मुकाबले में शुरू से आखिर तक दबदबा बनाए रखा और 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल की। उनके शक्तिशाली और सटीक मुक्कों का चीन के खिलाड़ी के पास कोई जवाब नहीं था। इस भारतीय मुक्केबाज का अगला मुकाबला तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता आयरलैंड के एडन वॉल्श से होगा।

# तीरंदाजी : दीपिका जगह बनाने से चूकी, दास की राष्ट्रीय टीम में वापसी

भाषा। सोनीपत



**मातृत्व विश्राम** से वापसी कर रही विश्व की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी इस साल होने वाले एशियाई खेलों, विश्व कप और विश्व चैम्पियनशिप के लिए सोमवार को यहां भारतीय टीम में जगह बनाने में विफल रही। विश्व कप में कई स्वर्ण पदक जीतने वाली दीपिका यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र में आयोजित रिकर्व वर्ग की तीरंदाजों के लिए तीन दिनों के ट्रायल स्पर्धा में शीर्ष आठ में जगह बनाने में विफल रही। वह पिछले महीने कोलकाता में हुए ट्रायल में सातवें स्थान पर रही थी। कई उलटफेर भरे नतीजे वाले दिन में मौजूदा जूनियर और पूर्व कैडेट विश्व चैंपियन कोमालिका बारी और पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन रिधि फोर भी शीर्ष-आठ से बाहर रहे। शीर्ष चार स्थान पर रहने वाले तीरंदाजों को टीम में जगह मिलेगी जबकि उनके प्रदर्शन में गिरावट पर पांचवें से आठवें स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों के नाम पर विचार किया जाएगा। भजन कौर, अदिति जायसवाल, अंकिता भकत और सिमरनजीत कौर ने शीर्ष चार में जगह बनाई जो इस साल सभी छह प्रमुख टूर्नामेंटों में प्रतिस्पर्धा करेंगी जिसमें एशियाई खेल और विश्व कप के अलावा विश्व चैम्पियनशिप के चार आयोजन शामिल है।

# मैं न तो बागी हूं और ना ही नए मानदंड स्थापित किए : सानिया



भाषा। दुबई

**भारतीय टेनिस** की दिग्गज खिलाड़ी सानिया मिर्जा को जिंदगी अपनी शर्तों पर जीने का कोई मलाल नहीं है। कई लोग सानिया को नए मानदंड (ट्रेंड-सेटर) स्थापित करने वाले मानते है जबकि कुछ उन्हें बंधनों को तोड़ने वाला करार देते हैं। खुद सानिया हालांकि इन बातों से इत्तेफाक नहीं रखती। उनका मानना है कि वह बस अपनी शर्तों पर जीवन जीना चाहती है। सानिया ने टेनिस में आश्चर्यजनक सफलता हासिल की है जिसके आसपास कोई भी भारतीय महिला टेनिस खिलाड़ी नहीं है। मौजूदा खिलाड़ियों को भी देखें तो निकट भविष्य में सानिया के बराबर सफलता हासिल करने की कुव्वत किसी में भी नजर नहीं आ रही है। सानिया ने एक प्रेरक जीवन जिया है। सानिया ने दुबई में अपने आवास पर पीटीआई-भाषा से की गई बातचीत में कहा जो लोग अपने तरीके से काम करने की हिम्मत करते हैं उसे लेकर समाज को मतभेदों को स्वीकार करना चाहिए और किसी को खलनायक या नायक के तौर पर पेश करने से बचना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय टेनिस को अलविदा की घोषणा कर चुकी सानिया ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैंने किसी नियम या बंधन को तोड़ा हैं। ए कौन लोग हैं जो इन नियमों को बना रहे हैं और ए कौन लोग हैं जो आदर्श होने की परिभाषा गढ़ रहे हैं। दुबई में अपना आखिरी टूर्नामेंट (डब्ल्यूटीए) खेल रही सानिया ने कहा, मुझे लगता है कि हर व्यक्ति अलग है और हर व्यक्ति को अलग होने की स्वतंत्रता होनी चाहिए। इस 36 साल की भारतीय खिलाड़ी ने कहा, मुझे लगता है कि एक समाज के रूप में यही वह जगह है जहां हम शायद बेहतर कर सकते हैं। हमें सिर्फ इसलिए लोगों की प्रशंसा या बुराई नहीं करनी चाहिए क्योंकि वे कुछ अलग कर रहे हैं। सानिया ने कहा, हम सब अलग-अलग तरह से बातें करते हैं, हम सबकी अलग-अलग राय है।

### भारतीय निशानेबाजों ने काहिरा विश्व कप के मिश्रित टीम स्पर्धा के सभी पदक जीते

भाषा। काहिरा

**भारतीय** निशानेबाजों ने सोमवार को यहां आईएसएसएफ (अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ) ने विश्व कप में मिश्रित टीम एयर पिस्टल और राइफल स्पर्धाओं में क्लीन स्वीप किया। आर नर्मदा नितिन और मौजूदा विश्व चैंपियन रुद्राक्ष बालासाहेब पाटिल ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा जीतकर भारत को पहला स्वर्ण दिलाया। इसके बाद रविवार को व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले वरुण तोमर और रिदम सांगवान ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम प्रतियोगिता जीतकर भारत को दो स्वर्ण और एक कांस्य के साथ पदक के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंचा दिया। टूर्नामेंट में छह और फाइनल बाकी हैं। सांगवान और तोमर की युवा भारतीय जोड़ी 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम प्रतियोगिता में 583 के संयुक्त स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष पर रही। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में सर्बिया के अनुभवी जोराना अरुणोविच और दामिर माइकेक की जोड़ी को शिकस्त दी। सर्बिया की यह जोड़ी तोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीत चुकी है। नर्मदा और रुद्राक्ष ने ओलंपिक स्पर्धा में 635.8 का शानदार स्कोर किया। भारतीय जोड़ी 60 निशानों के 38 टीमों की स्पर्धा के क्वालिफिकेशन दौर में शीर्ष पर रहीं। इसके बाद स्वर्ण पदक मुकाबले में उन्होंने हंगरी के एज्टर डेन्स और इस्तवान पेनी को 16-6 से हराया।

# अंचल ने जीता महाशिवरात्रि ओपन शतरंज टूर्नामेंट



**लखनऊ।** अंचल रस्तोगी ने महाशिवरात्रि ओपन शतरंज टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन के साथ सर्वाधिक 6.5 अंक जुटाते हुए विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली। शतरंज क्लब ब्लैक एंड व्हाइट सीसीबीडब्ल्यू में अंचल से आधे अंक से पिछड़े सईद अहमद दूसरे स्थान पर रहे। सईद ने पूरे टूर्नामेंट में कड़ी टक्कर दी लेकिन छठे राउंड में अंचल से हार के बाद उन्होंने 7वे व अंतिम राउंड में जीत के साथ 6 अंक हासिल किये। सईद अहमद व पवन बाथम के समान 6.6 अंक रहे लेकिन टाई ब्रेक स्कोर के चलते सईद अहमद दूसरे व पवन बाथम तीसरे स्थान पर रहे। टूर्नामेंट में कमलेश कुमार केशरवानी ने वेटरन 60 साल से अधिक श्रेणी में 4०5 अंक हासिल करते हुए पहला पायदान हासिल किया। वेटरन वर्ग में आरपी गुप्ता दूसरे और अजीत कुमार श्रीवास्तव तीसरे पायदान पर रहे। इस टूर्नामेंट में ऐमान अख्तर ने सर्वश्रेष्ठ महिला की ट्रॉफी जीती। ऐमान अख्तर और जुसफ्क्रिा लिलियम लोबो के समान 3.3 अंक रहे लेकिन टाईब्रेक स्कोर के चलते ऐमान पहले व जुसफ्क्रिा दूसरे स्थान पर रही। इस श्रेणी में पूजा कश्यप को 2०5 अंक के साथ तीसरा स्थान मिला। समापन समारोह में सर्व शक्ति पीठ ट्रस्ट के प्रदेश समन्वयक डॉ अनूप श्रीवास्तव ने पुरस्कार प्रदान किए। सभी प्रतिभागियों को महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में धूप और अन्य उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### तुफैल क्लब ने अवध रेड को हराया

**लखनऊ।** तुफैल क्लब ने प्रथम श्री एनपी यादव क्रिकेट टूर्नामेंट में अवध रेड को 87 रन से हरियाणा टीम की जीत में मैन ऑफ़द मैच अनुज सिंह -45 रन 3 विकेटने हरफनमौला प्रदर्शन किया। बाराबंकी के यूके क्रिकेट अकादमी ग्राउंड पर खेले जा रहे टूर्नामेंट में तुफैल क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवर में 9 विकेट पर 217 रन बनाये। जवाब में अवध रेड 28.5 ओवर में 130 रन ही बना सका और जीत से 87 रन दूर रह गया।

### सौरभ और दिनेश ने एनईआर को दिलाई जीत

**लखनऊ।** मैन ऑफ़द मैच सौरभ दुबे 4 विकेट 28 रन के शानदार प्रदर्शन और दिनेश कुमार नाबाद 81 की आतिशी पारी से नार्थ ईस्टर्न रेलवे ने जी20 बीबीडी सीनियर डिवीजन क्रिकेट लीग में सोमवार को खेले गए लीग दौर के अंतिम मुकाबले में यूपी टिम्बर क्रिकेट क्लब को 8 विकेट से पराजित किया। लीग मुकाबलों की समाप्ति के बाद एनईआर ने शीर्ष स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित किया। इसके अलावा कूह स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लबए आरईपीएल क्रूसेडर्स व अखिल इंफ्रा ने भी अंतिम चार में जगह बना ली।